শৰ্মা হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 104 | गुवाहाटी | सोमवार, 7 नवंबर, 2022 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

रंगदारी वसूलने के आरोप में कुल तीन व्यक्ति गिरफ्तार — पेज 3
आर्मी कमांडर्स कांफ्रेंस में शीर्ष नेतृत्व तय करेगा सेना के लिए भविष्य का रोडमैप — पेज 4
संसदीय लोकतंत्र की मजबूती में चंद्रशेखर की भूमिका अहम : योगी — पेज 5
पंजाब में 16 हिंदू नेताओं व 25 सियासी नेताओं की सुरक्षा की होगी समीक्षा — पेज 8

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

### सुप्रभात

*दुर्बल के साथ संधि न करें।*
– आचार्य चाणक्य

### मंगलदै में असम कौशल विश्वविद्यालय के लिए भूमि पूजन

# दरंग जिले में मेडिकल कॉलेज के लिए योजना तैयार : सीएम



**दरंग ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को दरंग जिला मुख्यालय शहर मंगलदै में असम कौशल विश्वविद्यालय के लिए भूमि पूजन किया। अत्याधुनिक विश्वविद्यालय 1,000 करोड़ की परियोजना का उद्देश्य बहु-विषयक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना है। इसका निर्माण एशियाई विकास बैंक से वित्तीय सहायता के माध्यम से किया जा रहा है। सिर्फ राज्य ही नहीं, बल्कि देश के पूरे पूर्वी हिस्से में यह अपनी तरह का पहला संस्थान होगा। भूमि पूजन समारोह से संबंधित एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि असम कौशल विश्वविद्यालय, जब कार्यात्मक होगा, असम को सभी मोर्चों पर देश में सबसे प्रगतिशील राज्यों में से एक में बदलने के लिए मौजूदा सरकार के प्रयास में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा। मानव संसाधन को राष्ट्र की सबसे मूल्यवान संपत्ति बताते हुए मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने कहा कि समय की मांग के साथ कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने वाला आगामी केंद्र कुशल रोजगार-सृजनकर्ताओं और रोजगार चाहने वालों को तैयार करके राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में बहुत योगदान देगा। कौशल विकास के मोर्चे पर एक नए युग की शुरुआत करने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, डॉ. शर्मा ने कहा कि असम कौशल विश्वविद्यालय अपने युवाओं को अवसरों का अधिकतम उपयोग करने के लिए तैयार करने के उद्देश्य से राज्य की पहल में एक नया अध्याय लिखेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए यह केंद्र राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करते हुए राज्य में विभिन्न स्तरों पर कौशल दक्षता और योग्यता वाले युवाओं का विकास करेगा, साथ ही यह युवाओं को सामाजिक-आर्थिक प्रगति और ऊर्ध्वगामी गतिशीलता के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम कौशल विश्वविद्यालय एक ऐसे कार्यबल की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा जो पूरे देश और विदेशों के प्रमुख निवेशकों को कुशल मानव संसाधन निवेश आकर्षित करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण शर्त है। प्रशिक्षण के बहु-विषयक क्षेत्र जैसे स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी, स्कूल ऑफ डिजाइन एंड क्रिएटिविटी, स्कूल ऑफ मोबिलिटी, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड फाइनेंस ट्रेनिंग, स्कूल ऑफ हेल्थकेयर के लिए यह सुनिश्चित करेगा कि कोई अपने क्षेत्रों में कौशल-प्रशिक्षण का विकल्प चुन सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के औपचारिक केंद्र में दाखिला लेने के -शेष पृष्ठ दो पर

## नाबालिग ने मां, दादी और बहन समेत चार की हत्या की

**अगरतला।** त्रिपुरा के धलाई जिले के एक सुदूर गांव में 16 वर्षीय लड़के ने अपनी मां, दादी, 10 साल की बहन और एक पड़ोसी की कथित तौर पर हत्या कर दी और उनके शवों को एक कुएं में फेंक दिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। आरोपी के बारे में जानकारी हाथ लगी है कि वह नियमित तौर पर ड्रग का सेवन करता था। हत्या के प्रयोजनों का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामला त्रिपुरा के धलाई जिले का है। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि कमलपुर अनुमंडल निवासी लड़का जो नाबालिग है और नियमित रूप से ड्रग्स का सेवन करता था। उसने शनिवार की सुबह अपनी मां, दादा, 10 वर्षीय बहन और एक पड़ोसी की हत्या कर दी। घटना के वक्त उसके पिता घर पर नहीं थे। हत्या के मकसद का अभी पता नहीं लग पाया है। अधिकारी के अनुसार, लड़के के पिता जब लौटे तो उन्हें घर में खून के छींटे दिखाई दिए। इसके बाद उन्हें शक हुआ। तलाशी लेने पर मालूम हुआ कि परिवार के सदस्यों के शव को घर के बगल स्थित कुएं में फेंक -शेष पृष्ठ दो पर

## गुजरात और हिमाचल में अच्छा प्रदर्शन करे कांग्रेस : आजाद



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद ने रविवार को एक बार फिर से कांग्रेस का जिक्र किया। इसके साथ ही, उन्होंने आगामी हिमाचल प्रदेश और गुजरात में पार्टी के अच्छा प्रदर्शन करने की कामना भी की। मालूम हो कि कुछ महीने पहले गुलाम नबी आजाद ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था और फिर नई पार्टी का गठन भी किया। गुलाम नबी आजाद ने कहा कि हालांकि, मैं कांग्रेस से अलग हो गया हूं, लेकिन मैं उनकी धर्मनिरपेक्षता की नीति के खिलाफ नहीं -शेष पृष्ठ दो पर

### न्यूज गैलरी

## असम-बरौनी तेल पाइपलाइन में रिसाव

**बेगूसराय ( हि.स. )।** असम से इंडियन ऑयल के बरौनी रिफाइनरी आ रहे पाइपलाइन में रिसाव से हजारों लीटर कच्चा तेल बर्बाद हो गया है। घटना बेगूसराय जिला के साहेबपुर थाना क्षेत्र स्थित सादपुर एवं सनहा रेलवे हाल्ट के बीच की है। आशंका जताई जा रही है की रात में चोरों ने पाइपलाइन में छेद कर तेल चोरी किया। लेकिन पाइप को बंद किए बिना सभी भाग गए, इसी के कारण भारी पैमाने पर तेल का रिसाव हुआ है। सुबह में बहियार की ओर गए लोगों ने जब हर ओर सिर्फ तेल ही तेल बिखरा देखा तो हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन एवं अग्निशमन -शेष पृष्ठ दो पर

## टैक्स रेट में बदलाव के आसार

**नई दिल्ली।** अगले साल के लिए पेश किए जाने वाले आम बजट 2023-24 में टैक्स की दरों में बड़ा बदलाव किया जा सकता है। एक सूत्रों के जरिए मिली जानकारी के मुताबिक उद्योग जगत सरकार के लिए टैक्स की दरों में बदलाव का प्रस्ताव तैयार कर रहा है। इस प्रस्ताव में विदेशों से आयात किए जाने वाले कच्चे माल समेत कई चीजों पर टैक्स दरें घटाने के सुझाव दिए जाएंगे। उद्योग जगत चाहता है कि दुनियाभर -शेष पृष्ठ दो पर

## जनजातिकरण की मांग : कोच-राजबंशियों ने किया रेल अवरोध



**कोकराझाड़ ( हि.स. )।** असम में निवास करने वाले कोच राजवंशी समुदाय को जनजाति का दर्जा देने की मांग को लेकर रविवार को कोकराझाड़ जिला के श्रीरामपुर में रेल स्टेशन पर ऑल असम कोच राजबंशी सम्मेलान ने सुबह 8 से 1 बजे तक रेल पथ अवरोध का आह्वान किया था। संगठन के हजारों कार्यकर्ता एवं सदस्य हाथों में बैनर लेकर श्रीरामपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे और रेलवे ट्रैक को अवरुद्ध कर जनजातिकरण की मांग करते हुए सरकार विरोधी नारेबाजी की। इस बीच, रेलवे प्रशासन की ओर से रेल पथ अवरोध को विफल करने के लिए बीती रात से ही प्रशासन ने बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों -शेष पृष्ठ दो पर

## छह राज्यों में उपचुनाव : सात में से चार सीटों पर भाजपा का कब्जा



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, महाराष्ट्र, तेलंगाना और ओडिशा में कुल सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दबदबा कायम रहा है। भाजपा ने सात में से चार सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि एक शिवसेना, एक राजद और एक सीट टीआरएस के खाते में गई है। 2024 लोकसभा चुनाव से पहले उपचुनाव में भाजपा को मिली जीत से विपक्ष के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। आइये जान लेते हैं कहां किसको जीत मिली है और किसको हार मिली है। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले की गोला गोकर्णनाथ विधानसभा सीट के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी अमन गिरि ने 34 हजार से अधिक मतों से जीत हासिल कर ली है। यह सीट अमन के पिता अरविंद गिरि के निधन के कारण रिक्त हुई थी। बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) और कांग्रेस ने इस उपचुनाव में अपने उम्मीदवार नहीं उतारे थे। लिहाजा मुख्य मुकाबला भाजपा उम्मीदवार अमन गिरि और समाजवादी पार्टी प्रत्याशी विनय तिवारी के बीच ही माना जा रहा था। उधर बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन और विपक्षी राष्ट्रीय जनतांत्रिक -शेष पृष्ठ दो पर

## नाबालिग पत्नी से जबरन संबंध दुष्कर्म माना जाए : एलजी



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने गृह मंत्रालय से 15 से 18 वर्ष के बीच की नाबालिग पत्नी के साथ बनाए गए जबरन यौन संबंध को दुष्कर्म की श्रेणी में रखने की सिफारिश की है। इसे लेकर उपराज्यपाल वीके सक्सेना के माध्यम से दिल्ली पुलिस ने गृह मंत्रालय को एक पत्र भेजा है। इस पत्र में सक्सेना ने गृह मंत्रालय से आईपीसी की धारा 375 के अपवाद 2 को खत्म करने की सिफारिश की गई है। अपवाद 2 में यह प्रावधान किया गया है कि यदि 15 से 18 वर्ष के बीच की लड़की की शादी हो जाती है, तो उसका पति उसके साथ गैर-सहमति -शेष पृष्ठ दो पर

## तिरुपति मंदिर : 2.5 लाख करोड़ से ज्यादा की संपत्ति, 10.25 टन सोना बैंकों में



**तिरुपति।** तिरुमाला में भगवान वेंकटेश्वर के प्राचीन पहाड़ी मंदिर मंदिर के शासी निकाय तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के पास 2.5 लाख करोड़ रुपए (करीब 30 अमेरिकी डॉलर) से ज्यादा संपत्ति है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। मंदिर के एक अधिकारी ने बताया कि टीटीडी अमीर और समृद्ध होता जा रहा है, क्योंकि पहाड़ी मंदिर में भक्तों के द्वारा दान में नकदी और सोना देना जारी है। बैंकों में सावधि जमा (एफडी) भी आय दे रही हैं। शासी निकाय के सूत्रों ने बताया कि देशभर में टीटीडी के स्वामित्व वाली संपत्ति का मूल्य 2.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो सकता है। इसमें भक्तों द्वारा मंदिर को प्रसाद के रूप में दिए -शेष पृष्ठ दो पर

## कोवैक्सीन की खुराक अगले साल की शुरू में एक्सपायर




**हैदराबाद।** अगले साल के प्रारंभ में कोवैक्सीन की पांच करोड़ खुराक एक्सपायर हो जाएगी। भारत बायोटेक स्वदेशी वैक्सीन बनाने वाली देश की पहली कंपनी है। मांग में कमी के कारण भारत बायोटेक ने इस साल की शुरुआत में कोवैक्सिन का उत्पादन रोक दिया गया था। इससे पहले कंपनी ने पिछले साल के अंत में एक अरब वार्षिक उत्पादन क्षमता हासिल की थी। सूत्रो ने कहा कि भारत बायोटेक में वैक्सीन की 20 करोड़ से अधिक खुराक थोक रूप में मौजूद है। लगभग पांच करोड़ खुराक -शेष पृष्ठ दो पर

## कांग्रेस का गुजरात की भाजपा सरकार के खिलाफ 22 सूत्री आरोप पत्र



**गांधीनगर।** कांग्रेस की गुजरात इकाई ने आगामी विधानसभा चुनाव से पहले रविवार को राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के खिलाफ 22 सूत्री *आरोप पत्र* जारी करते हुए उस पर जनविरोधी होने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने दावा किया कि भाजपा के शासन में गुजरात के लोगों को *भूख, भय और अत्याचार* ही नसीब हुआ है। विपक्षी दल कांग्रेस ने आरोपपत्र में मोरबी पुल के ध्वस्त होने की घटना का प्रमुखता से उल्लेख किया है जिसमें 135 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें बिल्किस बानो सामूहिक बलात्कार मामले में 11 दोषियों की रिहाई और गुजरात दंगों के दौरान उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या को असंवैधानिक करार दिया गया है। गुजरात विधानसभा का चुनाव दो चरणों में एक दिसंबर और पांच दिसंबर को होगा और मतगणना आठ दिसंबर को होगी। कांग्रेस ने जनता से अपील की कि महात्मा गांधी और सरदार पटेल के गुजरात को फिर से गौरवान्वित करने के लिए उसे वोट देकर सत्ता में लाएं। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भरतसिंह सोलंकी ने एक पत्रकार वार्ता में कहा कि -शेष पृष्ठ दो पर

## कोलकाता में अलकायदा का आतंकी गिरफ्तार

**कोलकाता ( हि.स. )।** कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने अलकायदा के एक आतंकी को धर दबोचा है। उसकी पहचान 20 साल के मुनीरुद्दीन खान के तौर पर हुई है। मूल रूप से दक्षिण 24 परगना के मथुरापुर के रहने वाले मोनिरुद्दीन को एसटीएफ की टीम ने उसके आवास पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। कोलकाता पुलिस एसटीएफ के उपायुक्त आईपीएस वी सोलेमन नेशा कुमार ने रविवार शाम को इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि -शेष पृष्ठ दो पर

## यह गुजरात मैंने बनाया : पीएम मोदी



**वलसाड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि घृणा फैलाने वाली और गुजरात को बदनाम करने वाली ताकतों को अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव में राज्य से बाहर फेंक दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने अगले महीने होने वाले चुनाव में भाजपा के रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करने का दावा किया। विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद अपने गृह राज्य में पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने गुजराती में नया नारा दिया *आ गुजरात में बनाव्यु छे* (यह गुजरात मैंने बनाया है)। इतना ही नहीं मोदी ने अपने 25 मिनट लंबे भाषण में लोगों से कई बार यह नारा लगवाया। आदिवासी बहुल वलसाड जिले की कपरादा तालुका के नाना पोंधा गांव से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जो विभाजनकारी ताकतें घृणा फैलाने में संलिप्त रही हैं, जिन्होंने गुजरात को बदनाम करने और उसका अपमान करने की कोशिशें की हैं, उन्हें गुजरात से बाहर का रास्ता दिखाया गया है। गुजरात की जनता घृणा फैलाने वालों को कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि अतीत में जिसने भी गुजरात को बदनाम करने और उसका अपमान करने की कोशिश की है, उन्हें गुजरात की -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**


### एक्शन मोड में सीएम योगी

# 18 सौ से ज्यादा शत्रु संपत्तियों से हटेगा अवैध कब्जा

**लखनऊ (हि.स.)।** माफिया पर चाबुक चलाने के बाद उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अब शत्रु संपत्तियों पर अवैध कब्जा करके बैठे लोगों के खिलाफ बड़ा एक्शन लेने जा रही है। प्रदेश में ऐसा पहली बार होगा जब इन संपत्तियों से अतिक्रमण हटाने के लिए प्रमुख सचिव स्तर का नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। प्रदेश में मौजूद कुल 5936 शत्रु संपत्तियों में से 1826 पर अवैध कब्जेदार कब्जा करके बैठे हैं। एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता का कहना है कि उत्तर प्रदेश में शत्रु संपत्तियों को लेकर पूर्ववर्ती सरकारों का रवैया हमेशा उदासीन रहा है। हजारों करोड़ रुपए की ऐसी संपत्तियां जिनसे प्रदेश सरकार को अरबों रुपए का राजस्व मिल सकता था, उनको मुक्त कराने के लिए पहले की सरकारों ने कुछ नहीं किया और हाथ पर हाथ धरे बैठी रहीं। इसी उदासीनता का नतीजा है कि अवैध कब्जेदार इन पर आज भी काबिज हैं और नये निर्माण भी कर चुके हैं। सीएम योगी ने इन बेशकीमती संपत्तियों के महत्व को समझते हुए और प्रदेश के राजस्व को बड़ाने के लिए ऐसे अवैध कब्जेदारों पर चाबुक चलाने का निर्णय लिया है। प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश भूलेख की वेबसाइट को देखें तो 1467 शत्रु संपत्तियों पर माफिया और अवैध कब्जेदारों ने कब्जा कर रखा है, जबकि 369 पर सहकब्जेदारों का कब्जा है। वहीं 424 संपत्तियों पर कांग्रेस, जनता पार्टी, बसपा और सपा सरकारों के कार्यकाल में मामूली दरों पर किराए पर दिए गए किराएदार काबिज हैं। इस तरह प्रदेश में मौजूद 2250 शत्रु संपत्तियों पर किसी न किसी का कब्जा है। शत्रु संपत्तियों पर सबसे ज्यादा अवैध कब्जा शामली जिले में है। वहीं सहकब्जेदारों द्वारा कब्जा करने के मामले में लखनऊ पहले स्थान पर है। साथ ही लखनऊ में किराएदारों के कब्जे में भी सबसे ज्यादा संपत्तियां हैं। उन्होंने बताया कि सरकार किराए पर दी गई संपत्तियों का दोबारा मूल्यांकन भी कराने जा रही है। इन पर दशकों से काबिज किराएदार अभी तक मामूली किराया देते रहे हैं। इसको देखते हुए शत्रु संपत्तियों का बाजार दर के हिसाब से आंकलन किया जाएगा। उसके बाद फिर से सर्किल रेट के हिसाब से किराए की दरें तय की जाएंगी। भारत विभाजन के बाद बहुत सारे लोग अपनी संपत्ति हिन्दुस्थान में छोड़कर पाकिस्तान चले गए थे, उनकी संपत्ति सहित 1962 के भारत–चीन और 1965 के भारत–पाक युद्ध के बाद भारत सरकार ने इन देशों के नागरिकों की संपत्तियों को सीज कर दिया। इन्हीं संपत्तियों को शत्रु संपत्ति कहा जाता है।



*गुरु नानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के एचएसएलसी बैच 1993 के पूर्व विद्यार्थियों ने शोभायात्रा के प्रतिभागियों का तेरापंथ भवन के पास स्वागत किया और उनकी सेवा की।*

## चुनाव में 2000 ही खर्च कर सकेंगे प्रत्याशी : चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव के दौरान अधिक पारदर्शिता और नकद लेन–देन पर लगाम लगाने के लिए निर्वाचन आयोग ने एक प्रस्ताव तैयार किया है। इसके तहत उम्मीदवारों के नकद खर्च को दो हजार रुपए करने का प्रस्ताव है। पहले यह सीमा 10 हजार रुपए तक थी। चुनाव आयोग ने इस संबंध में केंद्र सरकार को एक प्रस्ताव सौंपा है। चुनाव आयोग के पैनल ने सिफारिश की है कि चुनाव संचालन नियमों में संशोधन किया जाना चाहिए, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि चुनाव से संबंधित खर्चों के लिए दो हजार रुपए से अधिक का भुगतान अकाउंट पेयी के माध्यम से किया जाए। इनके अलाचा चेक या डिजिटल माध्यम से भी भुगतान किया जा सकता है। चुनाव आयोग के अभी तक के नियमों के मुताबिक, चुनाव के दौरान 10,000 रुपए से अधिक के सभी भुगतान चेक, ड्राफ्ट या बैंक हस्तांतरण के माध्यम से किए जाते हैं। चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार, उम्मीदवारों को नामांकन दाखिल करने से कम से कम एक दिन पहले चुनावी खर्च के लिए एक अलग बैंक खाता खोलना होगा।

## 650 माओवादियों के समर्थकों ने किया सरेंडर

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया, ओडिशा व आंध्र प्रदेश की सीमा पर रहने वाले माओवादियों के 650 समर्थकों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। इनमें से ज्यादातर मलकानगिरी जिले के स्वाभिमान अंचल की स्थानीय ग्राम समितियों या चेतना नाट्य मंडली के सदस्य हैं। बता दें, चेतना नाट्य मंडली भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) (भाकपा–माओवादी) से जुड़ा एक सांस्कृतिक संगठन है। डीआईजी राजेश पंडित ने बताया, आत्मसमर्पण करने वाले माओवाद समर्थक हिंसक गतिविधियों के अलावा माओवादियों की सहायता भी करते थे। आत्मसमर्पण करने से पहले उन सभी ने माओवादी मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस दौरान उन्होंने माओवादियों की वर्दी भी जला दी। उन्होंने बताया कि स्वाभिमान अंचल में 182 गांव शामिल हैं। इससे पहले साल की शुरुआत में भी स्वाभिमान अंचल में सैकड़ों माओवाद समर्थकों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया था।

## एनएच–15 के किनारे मिला युवक का शव

**विश्वनाथ (हिंस)।** विश्वनाथ जिला के सतिया के मोटेरागांव इलाके में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग–15 के किनारे एक युवक का शव देखे जाने से इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग–15 के किनारे मिले शव के पास एक वाहन (एएस–12एच–6224) बरामद किया गया है। युवक की पहचान सतिया के बरुवाचुक निवासी अर्णव बरुवा के रूप में की गई है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत, एक घायल

**शोणितपुर (हिंस)।** शोणितपुर जिला के रंगापाड़ा इलाके में हुई एक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि जिला के रंगापाड़ा इलाके में स्थित निर्माणाधीन फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार कार (एएस–12एएफ–6511) द्वारा ठोकर मारे जाने से बाइक पर सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अन्य एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के समय बाइक सवार दोनों डाबर कंपनी से काम कर घर लौट रहे थे। मृत युवक की पहचान संतीया हर (20) के रूप में की गई है। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम किस अस्पताल भेज दिया है। पुलिस दुर्घटना में शामिल कार को जब्त कर लिया है। वहीं पुलिस कार चालक को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## बाइक चोरी मामले में 4 चोर गिरफ्तार

**गुवाहाटी (हिंस)।** गुवाहाटी के फटाशील आमबारी पुलिस की टीम ने बाइक चोरी मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चार चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि थाना क्षेत्र इलाके से बाइक चोरी की घटना के समय सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए वीडियो के आधार पर चोरों को गिरफ्तार किया गया है। घटना के संबंध में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर गिरफ्तार सभी बाइक चोरों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

## घर और दुकान में चोरी

**नगांव (हिंस)।** नगांव जिला के कामपुर थाना क्षेत्र के लूटेमारीपार इलाके में एक व्यक्ति के घर और होटल में चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि बीती रात चोर जाकिर हुसैन नामक व्यापारी के घर और होटल में चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। चोरों ने होटल से नगद पांच हजार रुपए और घर से 2.5 लाख रुपए चुराकर कर फरार हो गए। घटना के संबंध में जाकिर हुसैन द्वारा स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस दर्ज प्राथमिकी के आधार पर चोरी की गुत्थी को सुलझाने में लगी हुई है।

# पृष्ठ एक का शेष

### दरंग जिले में ...

लिए उन्हें कोई कोर्स करने के लिए बाध्य नहीं किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने राज्य के युवाओं से देश और दुनिया में चल रही *चौथी औद्योगिक क्रांति* में सक्रिय हितधारक बनने के लिए उत्साही अपील की, जो वर्तमान में असम कौशल विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए जाने वाले अवसरों का उपयोग करके देख रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका उद्देश्य आगामी असम कौशल विश्वविद्यालय का निर्माण वर्ष 2025 के भीतर पूरा करना सुनिश्चित करना है। गौरतलब है कि असम सरकार पहले ही पूर्व नौकरशाह सुभाष दास को असम स्किल यूनिवर्सिटी का कुलपति नियुक्त कर चुकी है। मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक नॉर्थ–बैंक जिले के निवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने के उद्देश्य से कई घोषणाएं भी की। उन्होंने कहा कि मंगलदै कस्बे से होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग के विकल्प के रूप में प्रस्तावित बाईपास सड़क के निर्माण की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने दरंग जिला को रेलवे नेटवर्क से जोड़ने की मांग को केंद्र सरकार के सामने उठाने का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि जिला में मेडिकल कॉलेज बनाने की योजना है। मुख्यमंत्री के साथ आज कैबिनेट मंत्री जयंत मल्लबरुवा, चंद्रमोहन पटवारी, उर्खाओ गौरा ब्रह्म, सांसद दिलीप सैकिया, विधान सभा सदस्य बसंत दास, परमानंद राजबंशी, मजीबुर रहमान, दुर्गा दास बोड़ो, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव पवित्र मार्गेरिटा, असम राज्य मत्स्य विकास निगम के अध्यक्ष गुरुज्योति दास सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### नाबालिग ने मां...

दिया गया था। पिता ने शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। ग्रामीणों ने दावा किया कि उन्होंने आरोपी के घर पर सुबह करीब साढ़े नौ बजे बहुत तेज गाने की आवाज सुनी थी। ऐसा अंदेशा है कि मारते वक्त चीख न सुनाई दे इसके लिए आरोपी ने ऐसा किया हो। कुछ ही घंटों बाद उसके पिता को कुएं में चार शव मिले। पुलिस अधिकारी ने कहा कि शरीर पर चोट के निशान थे जो संकेत देते हैं कि हत्यारे ने चार लोगों की हत्या के लिए किसी नुकीली वस्तु का इस्तेमाल किया था। हालांकि, मौत का वास्तविक कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। आरोपी गांव से भागने की कोशिश कर रहा था लेकिन उसे पकड़ लिया गया है।

### गुजरात और हिमाचल ...

था। इसका कारण पार्टी का सिस्टम कमजोर होना था। मैं अब भी चाहता हूं कि कांग्रेस गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करे। आप ऐसा करने में सक्षम नहीं। उन्होंने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी सिर्फ दिल्ली की पार्टी है। वह पंजाब को भी कुशलता से नहीं चला पा रहे हैं। सिर्फ कांग्रेस ही हिमाचल और गुजरात में भाजपा को चैलेंज कर सकती है, क्योंकि उनकी एक समावेशी नीति है। 73 वर्षीय गुलाम नबी आजाद ने 26 अगस्त को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। इसके अलावा उन्होंने सोनिया गांधी को लंबा चौड़ा पत्र भी लिखा था और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा था। बता दें कि गुलाम नबी आजाद जी–23 नेताओं में शामिल थे। उनके पार्टी छोड़ने के बाद नेशनल कांफ्रेंस चीफ फारूक अब्दुल्ला ने भी उन्हें ऑफर दिया था और कांग्रेस की आलोचना की थी, लेकिन बाद में उन्होंने खुद की पार्टी का गठन किया। गुलाम नबी आजाद ने बीते दिनों अपनी नई पार्टी के नाम की घोषणा भी कर दी। उन्होंने अपनी पार्टी का नाम *डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी* रखा है। इसके बाद उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टी में धर्म निरपेक्ष लोग ही शामिल हो सकते हैं। उन्होंने जनता से पार्टी के नाम को लेकर सुझाव भी मांगे थे। श्रीनगर दौरे के समय भी उन्होंने समर्थकों के साथ पार्टी के नाम को लेकर मंथन किया और इसके बाद प्रेस कांफ्रेंस करके नई पार्टी की घोषणा कर दी।

### जनजातिकरण की मांग ...

को तैनात कर रखा था। जिसमें असम पुलिस, रेलवे पुलिस, अर्धसैनिक बलों के कर्मी शामिल थे। कार्यक्रम को विफल करने में प्रशासन सफल रही। इसी बिच कार्यक्रम में भाग लेने वाले ऑल असम कोच राजबंशी सम्मेलन के केंद्रीय अध्यक्ष प्रणब नारायण देव ने भाजपा सरकार की कड़ी आलोचना की। ज्ञात हो कि प्रशासन ने जल्द ही रेल पथ को प्रदर्शनकारियों से खाली करवा दिया और ट्रेन की आवाजाही शुरू करवा दी। बावजूद प्रदर्शनकारी श्रीरामपुर रेल स्टेशन पर अपना प्रदर्शन जारी रखे हुए थे।

### छह राज्यों में उपचुनाव...

गठबंधन (आरजेडी) के लिए मुकाबला बराबरी का रहा क्योंकि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को क्रमश: मोकामा और गोपालगंज विधानसभा सीटों को बरकरार रखा। इस साल अगस्त में हुई राजनीतिक उथल–पुथल में राजद नीत महागठबंधन के सत्ता में आने और भाजपा के बाहर होने के बाद से उपचुनाव दोनों का पहला शक्ति–प्रदर्शन था। राजद का मोकामा में जीत का अंतर इस बार घट गया, वहीं पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद के गृह जिले गोपालगंज में उसे भाजपा से शिकस्त मिली। वहीं भाजपा के उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल के पोते भव्य बिश्नोई ने आदमपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी और कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश को हराकर परिवार का गढ़ बरकरार रखा। भव्य के पिता कुलदीप बिश्नोई के विधायक पद से इस्तीफा देकर कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने के बाद संबंधित सीट पर उपचुनाव की जरूरत पड़ी थी। कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधे चुनावी मुकाबले में भव्य ने जयप्रकाश को 15740 मतों के अंतर से हराया। भजनलाल ने नौ बार, उनकी पत्नी जसमा देवी ने एक बार और कुलदीप ने चार बार इस सीट का प्रतिनिधित्व किया। इधर मुंबई की अंधेरी (पूर्वी) विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की उम्मीदवार ऋतुजा लटके ने रविवार को जीत हासिल की। इस साल मई में शिवसेना विधायक और ऋतुजा लटके के पति रमेश लटके के निधन के कारण इस सीट पर उपचुनाव आवश्यक हो गया था जिसके लिए तीन नवंबर को मतदान हुआ था। भाजपा की ओर से उपचुनाव की दौड़ से अपने उम्मीदवार को हटाए जाने के बाद से यह महज औपचारिकता भर रह गया था। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना विधायकों के एक तबके के विद्रोह की वजह से जून में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार के गिरने के बाद महाराष्ट्र में यह पहला चुनावी मुकाबला था। तेंलगाना के मुनुगोड़े विधानसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव में सत्ताधारी पार्टी तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) को जीत मिली है। टीआरएस ने प्रतिद्वंद्वी भाजपा के खिलाफ 10 हजार से अधिक वोटों के अंतर से जीत हासिल की है। इस सीट पर उपचुनाव में टीआरएस, भाजपा और कांग्रेस जैसी पार्टियों को मिलाकर कुल 47 उम्मीदवार मैदान में थे। इसी साल अगस्त में कांग्रेस विधायक कोमातीरेड्डी राज गोपाल रेड्डी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था जिसके बाद से यह सीट खाली हो गई थी। ओडिशा में विपक्षी दल भाजपा ने धामनगर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में सत्ताधारी बीजू जनता दल (बीजद) के उम्मीदवार को 9,881 के अंतर से हराया। धामनगर सीट 19 सितंबर को भाजपा विधायक बिष्णु चरण सेठी के निधन के कारण रिक्त हुई थी। चुनाव में भाजपा उम्मीदवार एवं सेठी के पुत्र सूर्यवंशी सूरज को 80351 वोट जबकि उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी अंबाती दास को 70,470 वोट मिले। कांग्रेस उम्मीदवार बाबा हरेकृष्णा सेठी को केवल 3,561 मत मिले हैं।

### नाबालिग पत्नी से ...

से यौन संबंध बना सकता है और आईपीसी के तहत उसे दंडित करने का प्रावधान नहीं है। अगर गृह मंत्रालय द्वारा इस सिफारिश को लागू किया जाता है और आईपीसी में संशोधन किया जाता है, तो 15 से 18 वर्ष के बीच की पत्नी के साथ गैर–सहमति से यौन संबंध बलात्कार की श्रेणी में आएगा और आईपीसी के तहत दंडनीय होगा। इसमें पति के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर होगी। यह पॉक्सो एक्ट के बीच की विसंगति को भी दूर करेगा। दिल्ली पुलिस एवं कानून विभाग की तरफ से यह पत्र गृह मंत्रालय द्वारा भेजे गए एक पत्र के जवाब में भेजा गया है। दिल्ली हाईकोर्ट में दायर की गई एक याचिका के चलते इस विषय पर दिल्ली सरकार की राय मांगी गई थी। याचिका में कहा गया है कि आईपीसी की धारा 375(2) को खत्म किया जाए क्योंकि यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन करती है। यह पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों के अनुरूप नहीं है, जो एक बच्चे को 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति के रूप में परिभाषित करता है। चूंकि विषय *आपराधिक कानून* समवर्ती सूची में है और राज्य / केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा लागू किया गया है, इसके दूरगामी परिणामों के मद्देनजर गृह मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों / केंद्र शासित प्रदेशों से विचार / टिप्पणियां मांगी थीं।

### तिरुपति मंदिर : 2.5 लाख...

गए भूमि पार्सल, भवन, नकदी और बैंकों में जमा सोना शामिल है। कई पीएसयू और निजी बैंकों में टीटीडी की सावधि जमा जून 2019 में 13,025 करोड़ रुपए थे, जो 30 सितंबर 2022 को 15,938 करोड़ रुपए पार कर गई। इसे रिकॉर्ड वृद्धि के रूप में देखा जा रहा है। देवस्थानमम द्वारा बैंकों में जमा किया गया सोना भी अब 30 सितंबर 2022 तक 10.25 टन हो गया है। यह सोना 2019 में 7.3 टन था। भारतीय स्टेट बैंक और इंडियन ओवरसीज बैंक में जमा 10.25 टन सोने से टीटीडी को अच्छी आमदनी प्राप्त हो रही है। अकेले एसबीआई के पास करीब 9.8 टन सोना जमा है। टीटीडी की देशभर में सात हजार एकड़ से ज्यादा की 900 से अधिक अचल संपत्तिया हैं। यह आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, ओडिसा, हरियाणा, महाराष्ट्र और नई दिल्ली में बड़ी संख्या में मंदिरा का संचालन करता है। मंदिर की कुल संपत्ति (2.5 लाख करोड़ रुपए) है जो कि आईटी सर्विस फर्म विप्रो, नेस्ले और सरकार के स्वामित्व वाली दिग्गज ओएनजीसी और आईओसी की बाजार पूंजी से ज्यादा है। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने 1933 में अपनी स्थापना के बाद पहली बार संपत्ति घोषित की थी। स्टॉक एक्सचेंज के आंकड़ों के मुताबिक, मौजूदा कारोबारी कीमत पर तिरुपति मंदिर की कुल संपत्ति कई ब्लू–चिप भारतीय कंपनियों से ज्यादा है। शुक्रवार को कारोबार के अंत में बेंगलुरु की विप्रो का मार्केट कैप 2.14 लाख करोड़ रुपए थे, जबकि अल्ट्राटेक सीमेंट का मार्केट कैप 1.99 लाख करोड़ रुपए था। स्विस मल्टीनेशनल कंपनी नेस्ले की भारतीय इकाई की बाजार पूंजी 1.96 लाख करोड़ रुपए है, जो मंदिर की कुल संपत्ति से कम है। इसी तरह तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) की बाजार पूंजी का मूल्य भी मंदिर की संपत्ति से कम है।

### कोवैक्सीन की खुराक ...

उपयोग के लिए तैयार शीशियों में है। शीशियों में तैयार इन खुराकों का अगर उपयोग नहीं किया गया तो ये अगले साल के प्रारंभ में एक्सपायर हो जाएगी। इन खुराकों के एक्सपायर होने से कंपनी को नुकसान होगा। हालांकि इससे कंपनी को कितना कितना नुकसान होगा, यह ज्ञात नहीं है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत ने शनिवार को 1,082 ताजा कोविड–19 मामले दर्ज किए है, जबकि सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 15,200 रह गई। राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक कोवैक्सीन सहित कोविड–19 टीकों की 219.71 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं। चूंकि वैश्विक स्तर पर संक्रमण दर में तेजी से गिरावट आ रही है इसलिए कोवैक्सीन के निर्यात पर विदेशी देशों द्वारा खराब प्रभाव पड़ा है। सूत्रों ने कहा कि कोविड–19 को अब विश्व स्तर पर खतरा नहीं माना जाता है। इस साल अप्रैल में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि उसने संयुक्त राष्ट्र की खरीद एजेंसियों के माध्यम से कोवैक्सीन की आपूर्ति के निलंबन की पुष्टि की और सिफारिश की कि वैक्सीन का उपयोग करने वाले देश उचित कार्रवाई करें। डब्ल्यूएचओ द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि निलंबन 14–22 मार्च, 2022 के बीच आयोजित ईयूएल (आपातकालीन उपयोग प्राधिकरण) निरीक्षण के परिणाम के जवाब में है और हाल ही में पहचाने गए जीएमपी (अच्छा विनिर्माण) को संबोधित करने के लिए प्रक्रिया और सुविधा उन्नयन की आवश्यकता है। जब 2021 के दौरान कोविड–19 संक्रमण अपने चरम पर था ब्राजील सरकार ने कोवैक्सीन की 20 मिलियन खुराक आयात करने के अपने निर्णय को निलंबित कर दिया था। भारत बायोटेक ने 23 जुलाई, 2021 को कहा कि उसने ब्राजील के बाजार के लिए अपने कोविड–19 वैक्सीन कोवैक्सीन के लिए प्रेसिसा मेडिकामेंटोज और एनवीक्सीया फार्मासिटिकल एलएलसी के साथ किए गए समझौता ज्ञापन को समाप्त कर दिया। दिसंबर 2021 में, भारत बायोटेक ने कहा, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने अपने कोविड–19 वैक्सीन कोवैक्सीन के शेल्फ जीवन के निर्माण की तारीख से 12 महीने तक के विस्तार को मंजूरी दे दी है।

### कांग्रेस का गुजरात ...

ऐसे समय में जब भाजपा जनता का ध्यान मुख्य मुद्दों से हटाने के लिए काम कर रही है, इन मुद्दों पर उनका ध्यान आकर्षित करने के वास्ते यह आरोप पत्र जारी किया गया है। आरोपपत्र में यह भी दावा किया गया है कि मोरबी पुल त्रासदी भाजपा के भ्रष्टाचार का सीधा परिणाम है जहां लोगों की जान की कोई कीमत नहीं है। बिल्किस बानो मामले में 11 दोषियों की रिहाई पर कांग्रेस ने कहा कि सरकार ने उन्हें रिहा करने के लिए स्थापित नियमों और परंपरा की अनदेखी की। इसमें यह भी दावा किया गया कि राज्यपाल आचार्य देवव्रत को कुलाधिपति नियुक्त करने के बाद महात्मा गांधी द्वारा स्थापित गुजरात विद्यापीठ पर संदिग्ध तरीके से अतिक्रमण करने का प्रयास किया गया। इसमें भाजपा पर तंज करते हुए कहा गया है कि राज्य सरकार की उपलब्धियों में सरकार समर्थक कुछ उद्योगपतियों को सरकारी खजाने की कीमत पर अमीर बनाना, राज्य की अर्थव्यवस्था चौपट करना, गरीबी में व्यापक बढ़ोतरी और आवश्यक चीजों की कीमतों में भारी वृद्धि शामिल हैं। सोलंकी ने दावा किया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान गुजरात के सकल घरेलू विकास (जीडीपी) में 18–23 फीसदी की वृद्धि हुई थी, लेकिन राज्य में भाजपा शासन के दौरान 1.35 फीसदी ऋणात्मक विकास दर दर्ज की गई। आरोपपत्र में दावा किया गया है कि गुजरात में भाजपा राज के दौरान स्वास्थ्य क्षेत्र की उपेक्षा करके स्वास्थ्य बजट में कमी की गई जिसके कारण कुपोषण बढ़ा है और विशेषज्ञों के 90 फीसदी पद रिक्त हैं। इसमें यह भी दावा किया गया है कि गुजरात शैक्षणिक सूचकांक के लिहाज से अन्य राज्यों के मुकाबले पीछे है। गुजरात में कांग्रेस के प्रवक्ता आलोक शर्मा ने संवाददाताओं से कहा कि पिछले पांच सालों में प्रश्नपत्र लीक होने के 22 मामले सामने आये हैं। मैं युवाओं से अपील करना चाहूंगा कि जब वे मतदान करने जाएं तो याद रखें कि भाजपा सरकार ने उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है।

### कोलकाता में ...

14 जुलाई को कुछ आतंकियों को गिरफ्तार किया गया था। उन्हीं से पूछताछ के बाद इसके बारे में जानकारी मिली थी। इसके बाद इसे भी धर दबोचा गया है। वह अलकायदा के साथ–साथ अंसारुल्लाह बांग्ला नाम के प्रतिबंधित आतंकी संगठन का सदस्य है। वह नए आतंकियों की भर्ती और उनके लिए फर्जी भारतीय पहचान पत्र बनाने का काम करता था। उसे रविवार को बैंकशाल कोर्ट में पेश किया गया, जहां से 14 नवंबर तक के लिए हिरासत में ले लिया गया है।

### यह गुजरात मैंने ...

जनता ने बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इस चुनाव में भी ऐसे लोगों की परिणति यही होगी। किसी का नाम लिए बगैर मोदी ने कहा कि गुजरात के लोगों ने उस *गैंग* को पहचान लिया है जो गुजरात के खिलाफ काम कर रहा है और हमेशा राज्य को बदनाम करने की कोशिश करता रहता है। उन्होंने कहा कि हालांकि ऐसे लोग दो दशकों से प्रयास कर रहे हैं, लेकिन गुजरात की जनता ने उन पर कभी भरोसा नहीं किया। मोदी ने कहा कि जो लोग गुजरात को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं, उन्हें आश्चर्य हो रहा है कि गुजरात की जनता उनके झूठे प्रचार पर भरोसा क्यों नहीं कर रही है। ऐसा इसलिए है क्योंकि इस राज्य के लोगों ने कड़ी मेहनत से गुजरात को बनाया है और वे किसी को इसे नुकसान नहीं पहुंचाने देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें सूचनाएं मिल रही हैं कि गुजरात में भाजपा रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीतेगी। विधानसभा चुनाव के लिए गुजरात में दो चरणों में एक और पांच दिसंबर को मतदान होना है। मतों की गिनती आठ दिसंबर को होगी।

### असम–बरौनी ...

विभाग की टीम पहुंची। इसके बाद रिफाइनरी पाइपलाइन एवं असम ऑयल डिवीजन के अधिकारियों ने पहुंचकर काफी प्रयास के बाद रिसाव को बंद किया है। असम से बरौनी तेल शोधक कारखाना (बरौनी रिफाइनरी) को कच्चा तेल आपूर्ति असम ऑयल डिवीजन के वर्मा सेल तेल कंपनी द्वारा जमीन के अंदर बिछाए गए पाइप लाइन के माध्यम से की जाती है। इसी पाइपलाइन में साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के सनहा सादपुर रोड में 1126 पिलर नंबर के समीप रिसाव हुआ है। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने आशंका जताई है कि इसी पिलर के समीप देर रात गड्ढा खोदकर पाईप से कच्चा तेल निकालकर चोर छेद को बंद किए बगैर चोर फरार हो गए हैं। जिससे भारी मात्रा में तेल रिसाव होकर बर्बाद हो गया है। फिलहाल अधिकारीयों की टीम पूरे मामले की जांच कर रही है।

### टैक्स रेट में ...

में निर्यात के मोर्चे पर भारत का दबदबा बढ़ाने के लिए कच्चे माल के आयात पर टैक्स घटाकर शून्य के स्तर पर ले जाया जाए या फिर उसे बिल्कुल कम की श्रेणी में रखा जाए। वहीं आवश्यक वस्तुओं के निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले कच्चेमाल के आयात पर तो कोई शुल्क न लगाया जाए। सूत्रों का ये भी कहना है कि सरकार से उत्पादन के लिए जरूरी इंटरमीडियरीज पर भी टैक्स घटाने की सिफारिश की जाएगी। इसमें खास तौर पर फार्मा, केमिकल, इस्पात जैसे चीजों के उत्पादन के लिए जरूरी कच्चेमाल को सस्ता करने के लिए ये मांग होगी। ताकि देश में इनकी मैन्युफैक्चरिंग में इजाफा हो और दुनियाभर में चीन के मुकाबले भारतीय उत्पादों की पहुंच भी बढ़े। टैक्स की दरों पर उद्योग जगत का कहना है कि अलग–अलग उत्पादों पर 5 से लेकर 7 फीसदी तक टैक्स लगता है।

### स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **तृतीय अध्याय**

**(भक्ति)**

**मन अक्षर वे अगुण हैं, जिव परमातम देव।**
**अगुण भक्ति है अगुण से, सगुण से माया सेव॥ 37॥**

**शब्दार्थ :** (अगुण) गुणरहित (सगुण) गुण सहित (माया) प्रकृति (सेव) उपासना।

**भाष्य :** मन, अक्षर, जीव और परमात्मा, ये प्राकृतिक गुणों से रहित हैं। अगुण पदार्थों का अगुण तत्वों से संबंध होता है। अगुण, अगुण तत्वों की भक्ति करता है। सगुण पदार्थ से माया की भक्ति होती है। त्रिगुणों के भाव प्रकृति के अंदर रहते हैं और गुणातीत शक्ति चेतन परब्रह्म की प्राप्त करती है अर्थात निर्गुण, निर्गुण की भक्ति करता है, चेतन, चेतन को प्राप्त करता है। जड़ और चेतन का संबंध विजातीय है, जो एक रूप से नहीं रह सकता, नित्य संबंध स्थायी होता है इसलिए जीव और ब्रह्म का संबंध चेतन और सजातीय होने से नित्य अनादि है।

**गुण में गुण की भक्ति है, यह माया परपञ्च।**
**प्रकृति पा प्रभु भजन है, चेतन चेतन सञ्च॥ 38॥**

**शब्दार्थ :** (गुण) त्रिगुण (परपञ्च) विस्तार (सञ्च) एकत्र (चेतन चेतन) जीव और ब्रह्म।

**भाष्य :** प्रकृति और त्रिगुणों के संबंध से जो भक्ति होती है, वह माया का खेल है अर्थात माया का विकास है। प्रकृति और त्रिगुणों से परे प्रभु का भजन होता है, चेतन अपनी सारी शक्तियों को एकत्र करे क चेतन परब्रह्म में लगता है, इसी को भक्ति कहते हैं।

# डिफू में डेंगू का कहर अब तक तीन की मौत

**कार्बी आंग्लांग ( हिंस )।** असम के कार्बी आंग्लांग जिला मुख्यालय डिफू में डेंगू के कहर से अब तक तीन लोगों की मौत हो गई है और 308 लोग संक्रमित हैं। स्वास्थ्य विभाग ने यह जानकारी दी है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार डिफू में डेंगू का भयावह संक्रमण फैला है। डेंगू से अब तक तीन लोगों की मौत हुई है और संक्रमित 308 लोगों का इलाज जारी है। डेंगू की रोकथाम के लिए आईएएस अधिकारी डॉ. एमएस लक्ष्मीप्रिया डिफू शहर में डेरा डाले हुए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य मिशन की निदेशक आईएएस डॉ. एमएस लक्ष्मीप्रिया ने डेंगू की रोकथाम के अभियान के साथ स्थिति की समीक्षा करने के लिए रविवार सुबह 5.30 बजे से अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। डिफू में डेंगू के दैनिक मामलों की संख्या बढ़ने से राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग चिंतित हैं। डेंगू संक्रमण की रोकथाम के लिए डेंगू मच्छरों के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है। डिफू शहर के 14 वार्डों के लिए एक मजिस्ट्रेट, एक डॉक्टर, 10 से 30 नर्सें, आशा कार्यकर्ताओं सहित नौ समूह घर-घर जाकर सर्वे कर रहे हैं कि क्या बुखार से कोई पीड़ित तो नहीं है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि मौके पर रक्त परीक्षण करने के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज से विशेषज्ञों की एक टीम भी आई है। डिफू मेडिकल कॉलेज में 18 आईसीयू बेड हैं, लेकिन उनकी संख्या बढ़ाकर 51 कर दी गई है। आसपास के सभी सरकारी और निजी अस्पतालों को डेंगू रोगियों के लिए तैयार रखा गया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार डिफू में डेंगू के 308 लोग संक्रमित हुए हैं। तीन लोगों की मौत हो चुकी है। इस आंकड़े में निजी अस्पतालों या पड़ोसी राज्य नगालैंड के डिमापुर के अस्पतालों में इलाज करा रहे या हुई मौतों की संख्या शामिल नहीं हैं। एक सवाल के जवाब में डॉ. लक्ष्मीप्रिया ने बताया कि निजी अस्पतालों के आंकड़ों की भी गिनती के लिए ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देशित किया जाएगा।

# रंगदारी वसूलने के आरोप में कुल तीन व्यक्ति गिरफ्तार



**गुवाहाटी ( हिंस )।** महानगर में रंगदारी मांगने के आरोप में कुल तीन लोग गिरफ्तार। मिली जानकारी के अनुसार गुवाहाटी महानगर के वशिष्ठों की पुलिस टीम ने खानापाड़ा इलाके से मैजिक चालकों से रंगदारी वसूलने के आरोप में दो स्थानीय बदमाशो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि वशिष्ठ पुलिस थाने की एक टीम ने शिकायत मिलने के तुरंत बाद खानापाड़ा बस स्टैंड पर मैजिक ड्राइवरों से जबरन वसूली की कोशिश करने के आरोप में 2 बदमाशों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हेंगराबाड़ी के मृदुल तालुकदार और हाथीगांव के नीलकमल हजारिका के रूप में की गई है। मैजिक वाहन चालकों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस नंबर 951/2022 धारा 387/427/352/34 आईपीसी के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार दोनों आरोपियों से सघन पूछताछ कर रही है। वहीं दूसरी ओर गुवाहाटी के जालुकबाड़ी पुलिस की टीम ने हथियार के बल पर धन उगाही करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि जालुकबाड़ी थाना की एक टीम ने गाड़ीगांव के एक बदमाश शाहिद अली का पीछा किया। जालुकबाड़ी चौराहे के पास खुकरी (धारदार हथियार) के बल पर शाहिद अली ने जब दुकानों और वाहनों से जबरन वसूली करने की कोशिश की, तो उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना के संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सड़क दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मौत, कई घायल



**धुबड़ी ( हिंस )।** धुबड़ी जिला के बिलासीपारा इलाके में पत्थर लेकर जा रहे तेज रफ्तार डंपर द्वारा ठोकर मारे जाने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई। जबकि, कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि रविवार को डंपर (एएस-17सी-5666) द्वारा ठोकर मारे जाने से धर्मशाला के मुबारक हुसैन नामक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, दूसरी इलाज के लिए कोकराझार अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। तेज रफ्तार डंपर द्वारा तीन बाइक और एक कार को ठोकर मारे जाने का मामला सामने आया है। डंपर (एएस-17सी-5666) बाइक (एएस-14पी-6469, एएस-26बी-2569 एक अन्य बाइक) और कार (एएस-16के-7605) को जोरदार ठोकर मारने के बाद सड़क के किनारे पलट गया। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# रंगिया : पूर्व विद्यार्थियों ने किया सम्मान समारोह का आयोजन



**रंगिया ( विभास )।** रंगिया उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं ने बीते शनिवार को विद्यालय के सभागार में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन कर विद्यालय के अवसर प्राप्त शिक्षक-शिक्षिकाओं और चतुर्थ वर्ग के कर्मचारी उपेन बर्मन सहित कार्यरत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं को फुलाम गामोछा से सम्मानित किया तथा इस मौके पर उन्हें एक-एक पौधा और डायरी देकर सम्मानित किया साथ ही उनके पैर छूकर उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। रिंकू कुमार डेका द्वारा संचालित इस कार्यक्रम 50 से भी अधिक शिक्षक- शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में पूर्व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं ने अपनी ओर से विद्यालय को 9 ग्रीन बोर्ड उपलब्ध कराए। इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष दीपक चंद्र कलिता ने इस महान कदम के लिए सभी पूर्व छात्र- छात्राओं की प्रशंसा की और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# जंगली सुअर के हमले में एक व्यक्ति घायल

**दरंग ( हिंस )।** दरंग जिला के सिपाझार के फुटकीतली इलाके में एक जंगली सुअर द्वारा किए गए हमले में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि रविवार की सुबह की सैर पर निकले एक व्यक्ति पर अचानक जंगली सुअर ने हमला कर दिया। जिसकी वजह से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की खबर मिलते ही स्थानीय लोगों ने जंगली सुअर के हमले में घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। स्थानीय लोगों ने बताया है कि फिलहाल जंगली सुअर धान के खेत में छिपा हुआ है। वन विभाग की टीम जंगली सुअर को पकड़ने में जुटी हुई है। रिहायशी इलाके में जंगली सुअर की मौजूदगी से गांव में दहशत का माहौल है।

# नगरबेड़ा में 15 दिवसीय आंचलिक रास महोत्सव का शुभारंभ

**नगरबेड़ा ( विभास )।** कामरूप जिले के बोको क्षेत्र के अंतर्गत नगरबेड़ा में हरवर्ष की तरह इस बार भी परंपरागत रुप से बड़े ही हर्षोल्लास के साथ 15 दिवशीय विस्तृत धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ 90वां नगरबेड़ा रास महोत्सव सोमवार को व्यापक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुरू हो गया है यह महोत्सव आगामी 20 नवंबर तक चलेगा। नगरबेड़ा आंचलिक मौजा कमिटी के अध्यक्ष उदय शंकर मेधी द्वारा आज सुबह 10 बजे रास महोत्सव का द्वार उन्मोचन कर इसका शुभारंभ किया साथ ही आयोजन समिति के अध्यक्ष विभूति ठाकुरिया द्वारा धार्मिक ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात क्रमश: थाना प्रभारी मिरेल आहमेद, अवसर प्राप्त शिक्षक नारायण मेधी, पूर्णानन्द दास, विनय दास और पवित्र कुमार मेधी ने पौधरोपण किया तथा इसके अलावा सुबह 11.15 बजे नगरबेड़ा आंचलिक मौजा



कमिटी के कार्यवाहक अध्यक्ष मदन पाठक द्वारा स्मृति तर्पण किया गया। वहीं अवसरप्राप्त शिक्षक तथा समाजकर्मी आनंद दास द्वारा शहीद बेदी पर दीप प्रज्ज्वलित और शहीद तर्पण किया गया। आयोजन समिति द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार महोत्सव के दूसरे दिन यानी 7 नवंबर से 20 नवंबर तक प्रतिदिन प्रात: प्रसंग, भागवत पाठ, उजापालि, भगत भोजन, परगनिया नाम, आमंत्रित दलों द्वारा नाम, विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रसाद वितरण आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि 7 नवंबर को बोको क्षेत्र की विधायिका नन्दिता दास द्वारा 90 दीप प्रज्ज्वलन का शुभारंभ किया जाएगा। तथा नगरबेड़ा राजस्व चक्राधिकारी बनश्री मालाकार द्वारा सांस्कृतिक मंच का उद्घाटन किया जाएगा। वहीं आगामी 14 नवंबर को नगरबेड़ा बिमला प्रसाद चलिहा महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. कमल पाठक द्वारा महोत्सव के उपलक्ष्य में *वृंदावन* नामक मुखपत्र का उन्मोचन किया जाएगा। बताया गया है कि इसबार महोत्सव में मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा सहित बहुत से मंत्री और विधायकों को आमंत्रित किया गया है। इस उपलक्ष्य में रास महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विशेष आकर्षण जानेमाने गायक क्रमश: बाबू बरुआ, आचुर्ज बरपात्र और नाहिद आफरीन रहेगी। आयोजन समिति द्वारा महोत्सव के सभी कार्यक्रमों में सभी भक्तों के उपस्थिति और सहयोगिता की कामना की गयी है।

# भ्रष्टाचार मुक्त भारत पर निबंध प्रतियोगिता का अयोजन

**होजाई ( होस )।** मेसर्स शिवम भारतगैस एजेंसी ने शनिवार को होजाई के न्यू मार्केट स्थित प्रणबानंद विद्यामंदिर हाई स्कूल में *विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत* विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। गौरतलब है, उक्त कार्यक्रम सतर्कता जागरूकता सप्ताह के बीच एक गतिविधि के रूप में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9 और 10 के लगभग 50 छात्रों ने भाग लिया। मनीष दत्ता को प्रथम, जेसिका कलिता को द्वितीय और दीप सील को



तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें एक स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र प्रदान किया गया और अन्य सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर बोलते हुए प्रणबानंद विद्यामंदिर हाई स्कूल के प्राचार्य कमल दत्ता ने प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए मेसर्स शिवम भारतगैस एजेंसी की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से छात्रों को अपने विचार सार्थक तरीके से व्यक्त करने में मदद मिलती है। मेसर्स शिवम भारतगैस एजेंसी की मालिक शिल्पा खाखोलिया, नरेश खाखोलिया सहित कई अन्य अतिथि एवं शिक्षक उपस्थित थे। इससे पहले, उपस्थित सभी लोगों ने भारत को भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र बनाने में अपना योगदान देने का संकल्प भी लिया।

# मोबाइल चोर गिरफ्तार



**गुवाहाटी।** वशिष्ठ थाना से लगभग दो सौ मीटर दूर मोबाइल चोर को लोगों ने रंगे हाथ पकड़ कर पहले जमकर कुटा फिर पुलिस के हवाले कर दिया, घटना दिन के करीब साढ़े दस बजे की है जब लालमाटी गेम विलेज के सामने सड़क किना एक होटल से मकसूद अली (विलासीपारा) होटल मालकिन का 2 मोबाइल कर भागने लगा उनके चोर चोर चिल्लाने पर लोगों ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया और दोनों मोबाइल बरामद कर लिया, इसके बाद तो फिर पब्लिक धुनाई शुरू हो गई, इसी बीच एक ट्रैफिक के जवान ने आ कर किसी तरह चोर को लोगों से छुड़ाया और उसकी जान बचाई। फिर उसे वशिष्ठ पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं उसकी तलाशी में दर्जनों नशीले पदार्थ मिले, जिससे यह पता चला कि यह नशे का आदी है।

# ददरा हायर सेकेंडरी स्कूल में विधिक सेवा शिविर आयोजित

**रंगिया/अमिनगांव ( विभास )।** राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार बीते 31 अक्तूबर से आगामी 13 नवंबर तक आयोजित हो रहे कानूनी जागरूकता और प्रचार के माध्यम से नागरिकों का सशक्तिकरण: कानूनी सेवा का महा शिविर आज ददरा हायर सेकेंडरी स्कूल में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन कामरूप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन द्वारा किया गया जिसमें जिला के अंतर्गत समाज कल्याण, कृषि, जनस्वास्थ्य, जिला विकास, शिक्षा, खाद्य एवं आपूर्ति, स्वास्थ्य, परिवहन, पंचायत एवं ग्रामो न्नयन, आपदा प्रबंधन, पुलिस, अग्निशमन और विभि न्न आपातकालीन सेवाओं आदि विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया तथा इस मौके पर विभागों की विभि न्न लाभार्थी योजनाओं के बारे में बताया। इस दौरान इन योजनाओं की सुविधाओं का लाभ उठाने के




तरीके के बारे में भी विस्तार से बताया गया। वहीं कार्यक्रम में प्रमुख वकील हाफिजुर रहमान और जेहरुल इस्लाम ने भी भाग लिया, जिन्होंने बताया कि कैसे जनता विभि न्न क्षेत्रों में मुफ्त कानूनी सेवाएं प्राप्त कर सकती है। समारोह में बोलते हुए, कामरूप जिले के अतिरिक्त उपायुक्त कमल बरुआ ने लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आवश्यक योग्यता के बारे में सूचित करने के लिए विभि न्न क्षेत्रों में इस तरह के कानूनी शिविर आयोजित करने पर जोर दिया। समारोह में बोलते हुए, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य-सचिव नयन शंकर बरुआ ने विभि न्न कानूनी सेवाएं प्रदान करने में कानूनी सेवा प्राधिकरण द्वारा निभाई गई भूमिका के बारे में बताया। बताया गया है कि शिविर का आयोजन नागरिकों के बीच मुफ्त कानूनी जागरूकता पैदा करने और वंचित लोगों के बीच की दूरी के निर्मूलन के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम के विभि न्न विभागों की भागीदारी के साथ एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। शिविर में कामरूप जिला एवं सत्र न्यायाधीश दाराक उल्लाह, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कौशिक शर्मा, कामरूप महानगर जिला अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीयूष बैरागी, कामरूप जिला की मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनमी शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकारी कामरूप की सचिव प्रणामी गोस्वामी, कामरूप जिला के सहायक उपायुक्त कौस्तव राय, स्कूल निरीक्षक अपूर्व ठाकुरिया सहित बहुत से गणमान्य और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# केएसी के सभी प्रवेश कर संग्रह द्वार तत्काल प्रभाव से बंद

**कार्बी आंग्लांग ( हिंस )।** कार्बी आंग्लांग स्वायत्तशासी परिषद (केएसी) के सभी प्रवेश कर संग्रह द्वार तत्काल प्रभाव से बंद कर दिए गए हैं। असम सरकार के आदेश के बाद शनिवार रात से ही दो पहाड़ी जिलों कार्बी आंग्लांग और पश्चिम कार्बी आंग्लांग में 24 से अधिक छोटे और बड़े प्रवेश कर संग्रह द्वार बंद कर दिए गए। कार्बी आंग्लांग स्वायत्त परिषद लंबे समय से निविदाओं के माध्यम से इस राजस्व कर संग्रह गेट के माध्यम से परिषद के विकास के लिए कर एकत्र कर रहा था। हालांकि, असम सरकार के तत्काल आदेश पर अचानक गेट बंद होने के कारण शनिवार रात से सभी तरह के वाहन टैक्स फ्री चल रहे हैं।

# श्री श्याम परिवार का तीन दिवसीय श्याम कार्तिक महोत्सव संपन्न



**गुवाहाटी ( विभास )।** श्री श्याम परिवार गुवाहाटी के तत्वावधान में चल रहे तीन दिवसीय श्री श्याम कार्तिक महोत्सव का भव्य समापन रविवार को खाटू नरेश श्री श्याम प्रभु की महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इससे पूर्व महोत्सव के तीसरे दिन श्याम प्रभु की रंगारंग निशान यात्रा निकाली गई। छत्रीबाड़ी स्थित श्री गौहाटी गौशाला से निशान यात्रा का शुभारंभ हुआ जिसमें महिलाओं एवं पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए निशान यात्रा आयोजन स्थल फैंसी बाजार के साधना मंदिर प्रांगण में पहुंची। वहीं शाम को साधना मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन कार्यक्रम में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। खाटू नरेश श्री श्याम प्रभु के भजनों की गंगा बही, जिसमें श्रद्धालु भाव विभोर होकर झूमते नजर आए। श्री श्याम कार्तिक महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को आमंत्रित कलाकारों ने अपने-अपने भजनों के पुष्प दरबार में अर्पित किए। कोलकाता से रोहित शर्मा, अभिषेक माधव व जयपुर से अभिषेक नामा ने अपने-अपने भजनों की प्रस्तुति दी। कार्तिक महोत्सव के उपलक्ष में खाटू नरेश श्री श्याम प्रभु का आज फूलों द्वारा अलौकिक श्रृंगार किया गया जो भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। इसके पश्चात अमृत भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। महोत्सव के अंतिम दिन बड़ी संख्या में भक्तों ने श्याम बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। आयोजन को सफल बनाने के लिए श्री श्याम परिवार के सभी सदस्यो का भरपूर सहयोग रहा।

# रनदिया *शतदल* साहित्य सभा का विशेष स्वागत समारोह आयोजित

**रंगिया ( विभास )।** एक सपने को साकार करने के लिए, आपको तब तक काम करते रहना होगा जब तक आप इसे प्राप्त नहीं कर लेते। दिल से आगे बढ़ेंगे तो यह मुमकिन होगा- यह बात है उत्तर पूर्वांचल के पहले जीओसी इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल राणा प्रताप कलिता ने कही। बीते शनिवार को दक्षिण पश्चिम रंगिया हरि मंदिर प्रांगण में आयोजित एक विशेष स्वागत समारोह तथा रनदिया *शतदल* साहित्य सभा के इस महीने के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कलिता ने अपने बचपन की सुनहरे दिनों की बाते याद करते नव युवाओं के उद्देश्य से कहा कि अगर आपकी महत्वाकांक्षाएं हैं और उन्हें पूरा करने के लिए सही योजनाओं के साथ आगे बढ़ें, तो आपके सपने सच होंगे। सौ से भी अधिक लोगों की उपस्थिति में हरी मंदिर रास




संचालन समिति के सचिव मुकेश लहकर द्वारा संचालित और बिनन्द कलिता की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के प्रारंभ में रनदिया शतदल साहित्य सभा द्वारा आयोजित भारत रत्न सुधाकंठ भूपेन हजारिका की स्मृति में विशिष्ट अतिथि राणा प्रताप कलिता द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया तथा इस मौके पर क्रमश: बिनन्द कलिता, महेश काकोती, परेश बैश्य सहित साहित्य सभा के सदस्यों द्वारा पुष्पांजलि दी गयी। साहित्य सभा के हितैषी सदस्य तथा विशिष्ट चिकित्सक डॉ. हितेंद्र कलिता, समाजिक कार्यकर्ता गोलोक बैश्य और रास संचालन समिति के अध्यक्ष समिन्द्र नाथ बैश्य की उपस्थिति में हरि मंदिर संचालन समिति समिति द्वारा विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट जेनरल राणा प्रताप कलिता को एक फुलाम गामोछा, जापी और मानपत्र के साथ सम्मानित किया गया। उक्त सभा में विशिष्ट अतिथि कलिता को मुरारा जगधात्री पूजा संचालन समिति, संगीत ग्रुप ऑफ क्रिएशन और हरदत्त बीरदत्त हाईस्कूल की और से सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम के साथ रनदिया साहित्य सभा के सचिव हेमंत कलिता द्वारा संचालित अंतरंग कार्यक्रम में शाखा के सदस्यों द्वारा जीओसी इन चीफ कलिता को फुलाम गामोछा, प्रशंसा पत्र और मुखपत्र *रनदिया* से विशेष सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच विशिष्ट अतिथि कलिता ने अति विनम्रता से अपनी यादों को सांझा किया।

# संसदीय लोकतंत्र की मजबूती में चन्द्रशेखर की भूमिका अहम : योगी

## - सीएम योगी 75.10 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी

**बलिया, (हि. स.)।** पूर्व प्रधानमंत्री जननायक चन्द्रशेखर की प्रतिमा का अनावरण करने आए मुख्यमंत्री योगी ने कहाकि देश और दुनिया में बलिया को पहचान दिलाने वाले पूर्व पीएम चन्द्रशेखर ने देश की आजादी के दौर में संसदीय लोकतंत्र को मजबूती देने में अपनी बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि संसद में उनके विचार संसदीय प्रणाली को मजबूत करते हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में चौथी बार बलिया आए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि चन्द्रशेखर आजाद भारत में राजनीति का एक ऐसा चेहरा थे, जिन्होंने दलीय राजनीति से ऊपर उठकर अपनी पहचान बनाई थी। नेपाल हो या पाकिस्तान या बांग्लादेश, वृहत्तर भारत में कोई ऐसी जगह नहीं है, जहां चन्द्रशेखर के प्रशंसक नहीं हैं। योगी ने कहा कि देश की आवश्यकता के अनुसार कदम उठाने का साहस चन्द्रशेखर में ही था। देश के लोकतंत्र को जब रौंदने का काम हुआ तो उसके खिलाफ मुखर स्वर बने थे चन्द्रशेखर जी। और जब स्वदेशी आंदोलन चला था तो चन्द्रशेखर भाजपा और आरएसएस के लिए उतने ही लोकप्रिय थे। क्योंकि उन्होंने खुलकर स्वदेशी आंदोलन का समर्थन किया था। कहा कि उन्होंने संसद में हमेशा मूल्यों की बात की। इसीलिए उनका कोई दल और सांसद अभद्र टिप्पणी नहीं कर पाता था। क्योंकि सभी मालूम था कि वे एक फक्कड़ स्वभाव के व्यक्ति थे। मूल्यों और आदर्शों की बात करते थे। उनका पूरा जीवन देशहित के लिए समर्पित था। मुख्यमंत्री ने कहा कि बलिया अभी तक बागी के रूप में जाना



जाता था। लेकिन बलिया उससे भी अलग हटकर अपनी पहचान बना सके, इसके प्रयास शुरू हो गए हैं। अलग-अलग कृषक उत्पादक संगठन द्वारा यहां पैदा हुई सब्जी दुनिया के बाजार में जाएगी। आज एक ट्रक को हरी झंडी दिखाई।

कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बार-बार कहते हैं कि किसान की आमदनी को दुगुना करना है तो बीज से बाजार तक का रास्ता आसान करना होगा। कहा कि सब्जी अच्छी होती है तो बाजार में दाम अच्छा नहीं मिलता था। जिससे सब्जियां सड़ जाती थीं। अब सब्जियों को प्रोसेसिंग कर यहां के कृषि उत्पाद को मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब के जरिए वैश्विक बाजार में भेजा जाएगा। कहा कि बलिया में हल्दिया से वाराणसी तक जलमार्ग पर मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब बनाया जाए। इससे किसान की आमदनी और जिले की आय भी बढ़ेगी। इससे जनपद जी जीडीपी बढ़ेगा। इससे हजारों नौजवानों को यहीं पर रोजगार मिल जाएगा। इन प्रयासों से प्रदेश को वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने में मदद मिलेगी। बलिया विकास की प्रक्रिया के साथ तेजी से बढ़ता हुआ प्रदेश का जनपद बन गया है। किसान संगठनों का आह्वान किया कि और बेहतर प्रयास करें। पर्यटन बहुत बड़ा माध्यम है विकास का। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर बलिया को भी भृगु बाबा कॉरिडोर की सौगात दी। उन्होंने मंत्री दयाशंकर सिंह की मांग पर भृगु बाबा कॉरिडोर का प्रस्ताव जिला प्रशासन से बनाने का निर्देश दिया।

इसमें सरकार भरपूर मदद करेगी। चन्द्रशेखर की जन्मभूमि इब्राहिम पट्टी में अस्पताल को और अच्छे ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा। डॉक्टर की संख्या बढ़ाई जाएगी। मेडिकल कालेज के लिए जगह को चिन्हित करने के लिए भी सीएम ने निर्देश दिए। कहा इसे टॉप प्रायोरिटी पर लें। ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि जिले में अच्छा कार्य हो रहा है। कहा कि महिलाओं को पोषण मिशन से जोड़कर रोजगार में बढ़ोतरी की जा सकती है। महिलाओं से रेडिमेड गारमेंट्स को बनाने के व्यवसाय से जुड़ने का भी आह्वान किया। कहा कि डबल इंजन की सरकार जनता के हितों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस अवसर पर 75.10 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण व आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं को टूल किट वितरित किया। इस अवसर पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, दानिश आजाद अंसारी, सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, सकलदीप राजभर, केतकी सिंह, एमएलसी रविशंकर सिंह पप्पू, धर्मेंद्र सिंह, वाल्मीकि त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी, पूर्व विधायक संजय यादव आदि थे।

# केन्द्रीय जलशक्ति राज्यमंत्री प्रह्लाद पटेल ने बाबा विश्वनाथ मंदिर में टेका मत्था

## - काशी की प्रसिद्ध कचौड़ी और गुड़ की जलेबी का स्वाद भी चखा

**वाराणसी, (हि.स.)।** केन्द्रीय जलशक्ति राज्यमंत्री प्रह्लाद पटेल ने रविवार की सुबह बाबा विश्वनाथ मंदिर में मत्था टेकर आशीर्वाद लिया। भोर में बाबा के स्वर्णिम दरबार में पहुंचे केन्द्रीय मंत्री ने पावन ज्योर्तिलिंग के विधिवत दर्शन पूजन के बाद माँ अन्नपूर्णा के मंदिर में भी मत्था टेका। इसके पहले केन्द्रीय मंत्री ने बाबा कालभैरव के मंदिर में भी हाजिरी लगाई। दर्शन पूजन के बाद केन्द्रीय मंत्री ने काशी की प्रसिद्ध कचौड़ी और गुड़ की जलेबी का भी स्वाद चखा। दो दिवसीय काशी दौरे पर शनिवार की रात शहर में आये केन्द्रीय मंत्री ने रात्रि विश्राम के बाद सुबह की शुरूआत दर्शन पूजन से



किया। इस दौरान उनके साथ प्रदेश के आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु', शहर दक्षिणी के विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ नीलकंठ तिवारी, भाजपा महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय आदि भी मौजूद रहे। केन्द्रीय मंत्री ने इस दौरान कहाकि गांव, गरीब और किसानों की चिंता करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कल्पना है कि देश के कोने-कोने तक लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो।

# विहिप का हित चिन्तक अभियान शुरू, यूपी में बनेंगे 25 लाख सदस्य

**लखनऊ, (हि.स.)।** विश्व हिन्दू परिषद ने एक पखवाड़े तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी हित चिन्तक अभियान रविवार को शुरू कर दिया है। यह अभियान 20 नवम्बर तक चलेगा। इस दौरान विहिप के कार्यकर्ता घर- घर जाकर सम्पर्क कर हिन्दू समाज व राष्ट्र हित के कार्यों से जोड़ने के लिए हित चिंतक बनायेंगे। राजधानी लखनऊ में विश्व हिन्दू परिषद अवध प्रान्त के प्रान्तीय अध्यक्ष कन्हैया लाल नगीना ने यहियागंज में हित चिंतक(सदस्यता) अभियान की शुरूआत की। कन्हैया लाल नगीना ने लखनऊ मेटल मर्चेन्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश चन्द्र अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, असीम अग्रवाल, कृष्ण कसेरा व कई अन्य लोगों को हित चिन्तक बनाया। विश्व हिन्दू परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि उत्तर प्रदेश में 25 लाख हित



चिंतक बनाये जायेंगे। पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के अवध प्रान्त में तीन लाख, कानपुर प्रान्त में छह लाख, काशी प्रान्त में पांच लाख और गोरक्ष प्रान्त में तीन लाख हित चिंतक बनाये जायेंगे। इसके अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के मेरठ प्रान्त में पांच लाख और ब्रज प्रान्त में तीन लाख हित चिंतक बनाये जायेंगे। विहिप के क्षेत्र संगठन मंत्री ने बताया कि हितचिंतक अभियान के लिए टोलियों का निर्माण किया गया है। विहिप के कार्यकर्ता टोलियों में प्रत्येक गांवों तक जाकर हितचिंतक बनायेंगे। इसके अंतर्गत लोगों को विहिप के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी जाएगी। गजेन्द्र सिंह ने बताया कि अभियान में विशेष वर्ग के लोगों को जोड़ने हेतु विशेष संपर्क भी किया जाएगा। इसके अन्तर्गत डॉक्टरों, इंजीनियरों, चार्डर्ड अकाउंटेंटों, वकील, पूर्व जजों, गायकों, अभिनेताओं, खिलाड़ियों इत्यादि यानी सभी तरह के सेलेब्रिटी को भी जोड़ेंगे। हित चिंतक अभियान के दौरान विहिप द्वारा चलाये जा रहे सेवा कार्यों के बारे में भी समाज को जानकारी दी जायेगी। नई पीढ़ी में सनातन संस्कारों का संचार करना, गौवंशों की रक्षा, सामाजिक समरसता, नारी सशक्तीकरण, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण व मठ-मंदिरों की सुव्यवस्था के साथ ही हिन्दू समाज को संगठित करते हुए उसकी सुरक्षा के संकल्प का भाव जगाना भी अभियान का उद्देश्य है।

# सीएम योगी ने भूमि विवाद के मामलों में कार्रवाई के दिए निर्देश

## - इलाज के लिए इस्टीमेट दीजिए, मदद होगी

**गोरखपुर, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने गोरखपुर प्रवास के दूसरे दिन लगभग 800 लोगों की शिकायतों को खुद सुना। अन्य प्रार्थना पत्र अधिकारियों ने लिए। यहाँ कोई इलाज के लिए मदद को आया था, तो किसी ने जमीन पर कब्जे की शिकायत की। भूमि विवाद के मामलों को गंभीरता से लेते हुए योगी ने कर्रवाई क निर्देश दिये। रविवार को लगभग दो घन्टे चले जनता दर्शन के दौरान प्रदेश के अन्य जिलों से आने वालों की तादाद कुछ अधिक ही रही। दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर परिसर में करीब 800 लोगों से एक-एक कर मुख्यमंत्री योगी खुद मिले। पीड़ितों में सर्वाधिक महिलाएं थीं। तिवारीपुर की एक महिला ने अपने मकान न बनने की शिकायत की। सीएम ने कार्रवाई के लिए अफसरों को निर्देश दिए। गोरखनाथ क्षेत्र की एक



महिला ने कुछ लोगों द्वारा गाली दिए जाने की शिकायत की तो एक महिला ने अपने बेटे के गायब होने की बात कही। इस पर भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गये। संत कबीरनगर की एक महिला ने खुद की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा मकान न बनाने देने की शिकायत की। जबकि एक महिला ने बच्चे की फीस के लिए मदद मांगी। इन्हें भी मदद का भरोसा दिया। खोराबार की एक महिला की भूमि पर दबंगों के कब्जा करने और विरोध करने पर धमकी मिलने की शिकायत को योगी ने गंभीरता से लिया। तत्काल कार्रवाई क निर्देश दिये। इलाज के लिए मदद मांगने आई एक महिला से इस्टीमेट बनवा कर देने को कहा। रविवार को जनता दर्शन के दौरान पुलिस से जुड़े मामलों को एसएसपी तो राजस्व से जुड़े मामलों के पत्र उन्होंने जिलाधिकारी को सौंपे। जिले से बाहर से आए फरियादियों के शिकायती पत्र कमिश्नर और डीआइजी को सौंप कार्रवाई के निर्देश दिए।

# लखीमपुर खीरी: गोला सीट पर भाजपा उम्मीदवार को जनता विजयी बना रही : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ, (हि.स.)।** लखीमपुर की गोला गोकर्णनाथ सीट पर उपचुनाव के बाद रविवार को मतगणना चल रही है। मतों की गिनती में लगातार भाजपा उम्मीदवार अमन गिरि लगातार आगे चल रहे हैं। इस पर जीत की औपचारिकता से पूर्व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ट्वीट किया है। उप मुख्यमंत्री ने अपने आफिशियल ट्वीटर अकाउंट से पोस्ट करते हुए कहा कि गोला गोकर्णनाथ सीट पर भाजपा उम्मीदवार अमन गिरि को यहां की जनता जनार्दन भारी अंतर से विजयी बना रही है। गोला में एक बार फिर कमल खिलेगा और साइकिल पंचर होगी। सपा का गुंडागर्दी का अंत समय है। भाजपा का सुशासन, विकास को जनता का आशीर्वाद है। उल्लेखनीय है



कि गोला गोकर्णनाथ सीट पर उपचुनाव के लिए बीती तीन नवम्बर को मतदान हुआ था। रविवार को मतों की गिनती चल रही है। मतों की प्रत्येक राउंड की मतगणना में लगातार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार अमन गिरि आगे चल रहे हैं, जबकि समाजवादी पार्टी (सपा) के उम्मीदवार विनय तिवारी भारी अंतर से पीछे चल रहे हैं। भाजपा उम्मीदवार के जीत की औपचारिकता से पूर्व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा पर ट्वीट करते हुए एक बार फिर हमला बोला है।

# गुमला में आरटीआई के बाद सिटी बसों के परिचालन का निर्णय

**गुमला, (हि.स.)।** नगर परिषद ने भले ही सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत आवेदक को ससमय जवाब नहीं दिया लेकिन इसका असर दिख रहा है। नप ने चार सिटी बसों को गुमला शहर से जिले के पर्यटन स्थलों पर चलाने का अहम निर्णय लिया गया है। आरटीआई एक्टिविस्ट आनंद किशोर पंडा ने 26 सितम्बर को नगर परिषद में सूचना का अधिकार का प्रयोग करते हुए आवश्यक शुल्क के साथ वर्षों से पड़े हुए सिटी बस से संबंधित तीन




बिंदुओं की सूचना की मांग की थी। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सह जन सूचना पदाधिकारी ने इसका जवाब नहीं दिया। इसके बाद आवेदक ने 28 अक्टूबर को आरटीआई प्रथम अपील अपर समाहर्ता गुमला के यहां दर्ज कराकर रोकी गई सूचना की मांग की। इस पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को नोटिस जारी करते हुए अविलंब सूचना आपूर्ति करने का आदेश जारी करते हुए इसकी सुनवाई तिथि 07 नवम्बर को मुकर्रर की गई। इस बीच आनन-फानन में पांच नवम्बर की नगर परिषद बोर्ड की बैठक में वर्षों से पड़ा हुई सिटी बसों के परिचालन करने का अहम निर्णय लिया गया है।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर में 27 नवम्बर को रैली

**अररिया (हि.स.)।** देश मे विस्फोटक होती जनसंख्या वृद्धि से उत्पन्न सामाजिक असंतुलन को रोकने हेतु समग्र जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर सभी पर सामान रूप से लागू करने की मांग को लेकर आगामी 27 नवंबर को दिल्ली के जंतर मंतर पर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की ओर से ऐतिहासिक और निर्णायक महारैली का आयोजन होगा,जिसमे लाखों की संख्या में लोग भाग लेंगे। उपरोक्त बातें आज फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने कही। प्रदेश उपाध्यक्ष श्री कुमार ने बताया कि पूरे भारत मे जनसंख्या की अप्रत्याशित वृद्धि कहीं ना कही आने वाले कल के लिए



विस्फोटक होती जा रही है। जनसंख्या के बढ़ते प्रकोप से बचने के लिए देश मे यथा शीघ्र कठोर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनना चाहिए। इसके लिए फाउंडेशन ना सिर्फ गंभीर है,बल्कि इसके लिए जनजागरूकता चलाने के साथ साथ आगामी 27 नवंबर को बिहार सहित पूरे देश से लाखों लोग जंतर मंतर पर आयोजित महारैली में भाग लेंगे उन्होंने बताया कि रैली की सफलता और उसमें अधिकाधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये 7 नवंबर से 9 के बीच फाउंडेशन के राष्ट्रीय महासचिव कृष्णा मुरारी के उपस्थिति में कोशी एवं पूर्णिया प्रमंडल के जिलों में जिला स्तरीय बैठक आयोजित कर रैली को लेकर चल रहे तैयारी की समीक्षा की जाएगी। इस मौके पर श्री कुमार के साथ जिला अध्यक्ष सुबोध मोहन ठाकुर, योगेश मंडल, कुणाल झा, सुकान्त आदर्श आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# धनबाद में हाईटेंशन तार गिरने से लगी आग, एक दुकान जलकर राख

**धनबाद, (हि.स.)।** धनबाद के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र स्थित नया बाजार भूली मोड़ स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान पर रविवार की सुबह 11 हजार वॉल्ट का तार टूट कर गिर गया, जिससे दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गई। घटना में दो अन्य दुकानों में भी आंशिक नुकसान हुआ है। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया है। इस घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। तत्काल घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को दी। इस घटना से स्थानीय लोगों में बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश है। लोगों ने बताया कि कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से तार की मरम्मत



करने के लिए कहा गया लेकिन इस पर अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया, जिस कारण या घटना घटी है। उल्लेखनीय है कि 11 हजार वॉल्ट की बिजली का तार गिरने का यह कोयलांचल में पहला मामला नहीं है। इसके पूर्व भी बैंक मोड थाना क्षेत्र के ही मटकुरिया रोड में बिजली का तार गिरा था, जिसमें चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए थे। झरिया इलाके में भी बिजली के तार से दो लोगों की जान चली गई थी।

# मोतिहारी नगर निगम क्षेत्र में जलाया जा रहा कचरा, जिले की वायु गुणवत्ता बनी चिंताजनक

**मोतिहारी, (हि.स.)।** देश के साथ बिहार भी इन दिनो भयंकर वायु प्रदूषण की चपेट में हैं। ठंड की आहट के साथ बिहार के कई जिलों की हवा प्रदूषित होने लगी है।कई शहरों की स्थिति काफी बिगड़ चुकी है। वातावरण में बढ़ती नमी एवं उड़ते धूलकण के कारण कचरे जलाये जाने के कारण वायु काफी प्रदूषित हुआ है। विशेषज्ञो की माने तो ऐसी स्थिति कमोबेश पूरे मौसम में बनी रहने की उम्मीद है। गत दिन बिहार के मोतिहारी में 363, कटिहार में 358, सिवान में 334, दरभंगा में 316, बेगूसराय में 315, समस्तीपुर में 311 और पटना में 260 एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआइ) रिकार्ड किया गया। जो सांस लेने के लिए वायु गुणवत्ता के लिहाज से काफी खतरनाक है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की माने तो यह स्थिति काफी खराब और चिंताजनक है। विशेषज्ञो के अनुसार कोरोना काल ने सांस लेने के लिए गुणवत्ता पूर्ण स्वच्छ हवा की महत्व को लोगो ने समझा था। लेकिन अचानक इस प्रकार बढे प्रदूषण से हृदय और फेफड़ों को शरीर में ऑक्सीजन की आपूर्ति करने में काफी परेशानी बढेगी। लंबे समय तक ऐसे प्रदूषण वाले क्षेत्र के लोगो की फेफड़े की क्षमता कमजोर हो सकती है।

एक ओर शहरीकरण और निर्माण कार्यो की उड़ती धूल तो वही मोतिहारी नगर निगम क्षेत्र में कचरा निस्तार की ठोस योजना न होने के कारण शहर के कचरे को मोतिहारी शहर स्थित एनएच के किनारे न केवल खुले में फेका जा रहा है, बल्कि इन कचरो को जलाया जा रहा है। जिससे उठती धुँआ से पूरे शहर क्षेत्र का वातावरण प्रदूषित हो रहा है। सिविल सोसाइटी के लोगो ने बताया कि बिहार के सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाले मोतिहारी शहर में इस प्रकार की लापरवाही निगम के अधिकारी स्तर पर होना चिंताजनक है। लोगो ने बताया कि आखिर आम लोगो के साथ अधिकारियो को भी इसी हवा में सांस लेना है।वही जिले में दो बड़ी सड़क परियोजना चैलाहां से बेला नहर सड़क निर्माण व पिपराकोठी से रक्सौल सड़क निर्माण कर रही दो कंपनी बाबा हंस एवं रामकृपाल कंपनी भी हवा में कम जहर नही घोल रहा है। इन कंपनियो द्वारा निमार्णाधीन सड़क पानी नही डालने के कारण उड़ते धूल मोतिहारी के हवा को जहरीला बना रही है। ऐसे में यही कहा जा सकता है कि अगर प्रशासनिक स्तर पर जिले में यह रवैया जा रहा तो आने वाले दिनो में जिले की हवा में और जहर बढने से इंकार नही किया जा सकता।

# फसल अवशेष जलाने वाले किसानों का रद्द होगा निबंधन, नहीं मिलेगा सरकारी लाभ

**बेगूसराय, (हि.स.)।** फसल कटाई के बाद बचे हुए शेष भाग डंठल और पुआल आदि को जलाने से होने वाली समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए बेगूसराय जिला प्रशासन ने अभियान शुरू कर दिया है। इसके लिए कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, वन विभाग और पशुपालन विभाग मिलकर काम करेगा। डीएम रोशन कुशवाहा ने बताया कि फसल अवशेष को जलाने से मिट्टी का तापमान बढ़ता है, मिट्टी में उपलब्ध जैव कार्बन जलकर नष्ट हो जाता है। सूक्ष्म जीव मित्र कीट, केचुआ आदि मर जाते है, वातावरण में कार्बन डाई ऑक्साईड की मात्रा बढ़ जाती है, श्वास लेने में तकलीफ, आंखों में जलन, नाक एवं गले की समस्या बढ़ जाती है। इसके मद्देनजर जागरूकता और कारवाई के लिए फसल अवशेष प्रबंधन पर जिला स्तरीय अन्तर्विभागीय कार्य समूह के कार्य एवं दायित्वों के संबंध में सदस्यों को अवगत कराया गया है। जिला कृषि पदाधिकारी एवं आत्मा के परियोजना निदेशक जिले की सभी कम्बाईन हार्वेस्टर मालिक और चालक से शपथ-पत्र लेने के बाद ही संचालन आदेश देंगे। पंचायत स्तरीय किसान चौपाल एवं कृषि विभाग के कार्यक्रमों में फसल अवशेष जलाने के दुष्परिणाम से किसानों को जागरुक किया जाएगा एवं पंचायत स्तर पर माईकिंग भी कराया जाय। पंचायत स्तरीय किसान चौपाल में फसल अवशेष से वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण, फसल अवशेष को वेस्ट डिकम्पोजर के प्रयोग से जैविक खाद का निर्माण, गेहूं की बुआई में हैप्पी सीडर एवं जीरोटिलेज मशीन के प्रयोग के संबंध में किसानों को जागरुक किया जाएगा।

# बिहार विस उपचुनाव : एक पर भाजपा तो दूसरे पर राजद ने बाजी मारी



**पटना, (हि.स.)।** बिहार में विधानसभा की दो सीटों पर संपन्न हुए उपचुनाव में एक पर भाजपा तो दूसरे पर राजद ने बाजी मारी है। गोपालगंज में भाजपा की जीत गई है। यहां से कुसुम देवी ने राजद के मोहन गुप्ता को आखिरी राउंड में 2,183 मतों से से हरा दिया। गोपालगंज में आखिरी राउंड तक कांटे की टक्कर रही। मोकामा में राजद उम्मीदवार बाहुबली अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी ने भाजपा की सोनम देवी को 16,707 वोटों से हराया है। राजद को 79646 और भाजपा को 62,939 वोट मिले।

गोपालगंज में भाजपा की कुसुम देवी शुरू से ही बढ़त बना ली थी। 20 वें राउंड में राजद के मोहन गुप्ता 1135 वोट की बढ़त ले ली लेकिन 22 वें राउंड में फिर भाजपा आगे निकल गई। आखिरी 24 वें राउंड तक भाजपा ने बरकरार रखी और जीत दर्ज की।

# मंगलवार को लगेगा चंद्र ग्रहण, 4 घंटे बंद रहेगा मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर

**अररिया (हि.स.)।** मंगलवार को चंद्रग्रहण है। चंद्रग्रहण को लेकर विश्व प्रसिद्ध अररिया का मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर चार घंटा तक भक्तों के लिए बंद रहेगा।मां खड्गेश्वरी के साधक नानु बाबा बाबा ने बताया कि चंद्रग्रहण आठ नवंबर को लगने जा रहा है। सूर्यग्रहण 25 अक्टूबर हो चुका है। अब आठ नवंबर को चंद्रगहण होना है। चंद्रग्रहण को लेकर मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर दोपहर दो बजे बंद हो जायेगा। चंद्र ग्रहण समाप्त होने के बाद शाम 6:30 में मंदिर को खोला जाएगा। इस बीच भक्तगण मां काली की पूजा- अर्चना नहीं कर पाएंगे। साल का आखिरी चंद्र ग्रहण शाम 5 बजकर 32 मिनट से शुरू होगा व शाम 6 बजकर 18 मिनट पर खत्म हो जाएगा। ऐसे में चंद्र ग्रहण का सूतक पूर्व से ही शुरू होने के कारण दोपहर दो बजे से मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर बंद रहेगा।हांलाकि चंद्र ग्रहण समाप्ति के बाद संध्या 6:30 में मंदिर को खोल दिया जाएगा। जिसके बाद भक्तगण पूजा अर्चना कर पाएंगे। जबकि मंदिर में मां काली को महाभोग नहीं लगाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक शनिवार और मंगलवार को मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर में महाभोग का आयोजन किया जाता है।

## सम्पादकीय

# अल्पसंख्यक बनाम बहुसंख्यक की बहस से देश को मुक्त करने पर हो विचार

राज्य स्तर पर हिंदुओं को अल्पसंख्यक घोषित करने की मांग वाली याचिकाओं पर केंद्र सरकार का यह कहते हुए अपनी राय देने के लिए और समय मांगना समझ आता है कि ऐसा करने के दूरगामी परिणाम होंगे, लेकिन इस मामले को लंबे समय तक टाला नहीं जा सकता। अभी तक इस संदर्भ में 14 राज्यों ने अपनी राय दी है। केंद्र सरकार और 19 राज्यों को अपनी राय देना शेष है। पता नहीं उनका नजरिया क्या होगा और उनके आधार पर सुप्रीम कोर्ट किस नतीजे पर पहुंचेगा, लेकिन उचित यह होगा कि देश को अल्पसंख्यक बनाम बहुसंख्यक की बहस से मुक्त करने पर विचार किए जाए।

यह एक विडंबना है कि कुछ ऐसे समुदाय हैं, जो राष्ट्रीय स्तर पर अल्पसंख्यक हैं, लेकिन वे राज्य विशेष में बहुसंख्यक है। इसी तरह जो कई राज्यों में बहुसंख्यक हैं, वे कुछ राज्यों में अल्पसंख्यक हैं, लेकिन यदि राज्यों के स्तर पर किसी समुदाय को अल्पसंख्यक घोषित करने की मांग होगी तो फिर इस तरह की मांगों का कोई अंत होने वाला नहीं है। ऐसी मांगों का अंत तभी हो सकता है जब न तो किसी को अल्पसंख्यक माना जाए और न ही बहुसंख्यक।



देश में अमीर और गरीब दो ही वर्ग होने चाहिए और उसी आधार पर नीतियां बननी चाहिए। यदि इसकी खोज की जाएगी कि किस राज्य में कौन अल्पसंख्यक है और कौन बहुसंख्यक तो अल्पसंख्यकवाद की राजनीति को ही बल मिलेगा। जब ऐसा होगा तो फिर बहुसंख्यकवाद की भी राजनीति होगी। इस तरह की राजनीति से देश का भला नहीं होने वाला।

यह किसी से छिपा नहीं कि अल्पसंख्यकवाद की राजनीति ने किस तरह कुछ अल्पसंख्यकों के मन में इस काल्पनिक भय का संचार किया है कि उनकी उपेक्षा की जा रही है। इस राजनीति ने ही वह वातावरण बनाया है, जिसमें अल्पसंख्यकों के लिए विशेष अधिकारों की मांग की जाती है। कुछ मामलों में उन्हें विशेष अधिकार प्रदान भी किए गए हैं। जब अल्पसंख्यकों को कुछ विशेष अधिकार दिए जाते हैं तो बहुसंख्यकों के बीच यही संदेश जाता है वे दोयम दर्जे के नागरिक हैं। विशेष अधिकारों के कारण ही अल्पसंख्यकों के मन में यह बात घर करती है कि वे औरों से विशिष्ट हैं अथवा उन्हें विशेष संरक्षण की आवश्यकता है। इन स्थितियों में यह धारणा कमजोर होती है कि देश के सभी नागरिक बराबर हैं।

यह निराशाजनक है कि जब देश के सभी नागरिकों के बीच यह संदेश जाना चाहिए कि वे सभी एकसमान हैं, तब अल्पसंख्यक बनाम बहुसंख्यक की बहस उन्हें एक-दूसरे से अलग करती है। इसलिए और अलग करती है, क्योंकि धार्मिक और शैक्षिक मामलों में जैसे अधिकार अल्पसंख्यकों को प्राप्त हैं, वैसे बहुसंख्यकों को नहीं दिए गए हैं। यह और कुछ नहीं एक देश दो विधान वाला मामला है।

## सुविचार

सैर कर दुनिया की गाफिल जिंदगानी फिर कहाँ,
जिंदगानी गर रही तो नौजवानी फिर कहाँ।

**उल्लेखनीय है कि मांग के अनुरूप घरेलू उत्पादन न होने से देश में खाद्य तेल का आयात लगातार बढ़ रहा है। भारत अपनी जरूरत का 65 प्रतिशत खाद्य तेल आयात करता है। इसमें सबसे ज्यादा हिस्सा पामोलीन और सूरजमुखी के तेल का होता है। खाद्य तेल महंगाई के दौर में केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के अधीन काम करने वाली जीईएसी ने देश में जीएम सरसों धारा मस्टर्ड हाइब्रिड 11 (डीएमएच 11) की खेती को हरी झंडी दिखाई है। जीएम सरसों पहली खाद्य फसल है जिसकी ऐसी खेती की अनुमति मिली है। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद इसका फील्ड ट्रायल होगा, फिर इसे व्यावसायिक रूप से जारी किया जाएगा।**

# संभव है दूसरी पीली क्रांति, लेकिन जीएम सरसों को लेकर कई चिंताओं का समाधान करना जरूरी

जेनेटिक इंजीनियरिंग अप्रूवल समिति यानी जीईएसी द्वारा जेनेटिकली मोडिफाइड (जीन संवर्धित-जीएम) सरसों की खेती को मंजूरी देने की सिफारिश करने के साथ ही इसका समर्थन और विरोध शुरू हो गया है। जहां समर्थक उत्पादन में बढ़ोतरी का दावा कर रहे हैं, वहीं विरोधियों का तर्क है कि जीएम सरसों के पर्यावरणीय प्रभाव आकलन को सार्वजनिक नहीं किया गया और इसके पैदावार संबंधी दावे संदिग्ध हैं।

उल्लेखनीय है कि मांग के अनुरूप घरेलू उत्पादन न होने से देश में खाद्य तेल का आयात लगातार बढ़ रहा है। भारत अपनी जरूरत का 65 प्रतिशत खाद्य तेल आयात करता है। इसमें सबसे ज्यादा हिस्सा पामोलीन और सूरजमुखी के तेल का होता है। खाद्य तेल महंगाई के दौर में केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के अधीन काम करने वाली जीईएसी ने देश में जीएम सरसों धारा मस्टर्ड हाइब्रिड 11 (डीएमएच 11) की खेती को हरी झंडी दिखाई है। जीएम सरसों पहली खाद्य फसल है जिसकी ऐसी खेती की अनुमति मिली है। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद इसका फील्ड ट्रायल होगा, फिर इसे व्यावसायिक रूप से जारी किया जाएगा।



इसके पहले 2017 में भी जीएम सरसों के फील्ड ट्रायल को अनुमति दी गई थी, लेकिन किसान संगठनों के विरोध और सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने के बाद इसे वापस ले लिया गया था। कमोबेश यही हश्र बीटी बैंगन का भी हो चुका है। डीएमएच 11 सरसों को दिल्ली विवि में सेंटर फार जेनेटिक मैनिपुलेशन आफ क्राप प्लांट्स द्वारा विकसित किया गया है। यह दावा किया जा रहा है कि डीएमएच 11 सरसों की मौजूदा किस्मों के मुकाबले 30 प्रतिशत अधिक उत्पादक है। डीएमएच 11 में दो एलियन जीन होते हैं। इन्हें एक जीवाणु से अलग किया जाता है। यह ज्यादा उपज देने वाले सरसों के प्रजनन को सक्षम बनाता है। इन्हीं विशेषताओं के चलते आस्ट्रेलिया ने भारतीय जीएम सरसों की वाणिज्यिक खेती की अनुमति दे दी है।

सरसों की मौजूदा घरेलू किस्मों की औसत उत्पादकता 1.2 टन प्रति हेक्टेयर है, जबकि वैश्विक औसत दो से 2.20 टन है। यह दावा किया जा रहा है कि जीएम सरसों की खेती से देश की खाद्य तेल आयात पर निर्भरता कम होगी। देश में 65-70 लाख हेक्टेयर भूमि पर सरसों की खेती की जाती है। जीएस सरसों के समर्थक भले ही अधिक पैदावार के दावे करें, लेकिन देश में जीएम सरसों से अधिक पैदावार देने वाली सरसों की देसी किस्में भी मौजूद हैं।

सिस्टम आफ मस्टर्ड इंटेसीफिकेशन-एसएमआइ तकनीक से मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में 10,000 किसान सरसों की खेती कर रहे हैं, जिनकी पैदावार चार से 4.5 टन प्रति हेक्टेयर है। इसके विपरीत जीएम सरसों डीएमएच 11 की औसत पैदावार 2.6 टन प्रति हेक्टेयर होने के दावे हैं। बिहार, ओडिशा और बंगाल के किसान भी मप्र वाली तकनीक से सरसों उगा रहे हैं। सरसों की चार देसी किस्मों डीएमएच 1, 2, 3, 4 की पैदावार जीएम सरसों से ज्यादा है। वहीं देसी सरसों की 664 किस्में चिन्हित की गई हैं, जिन्हें एसएमआइ पद्धति से बोया जाए तो बेहतर परिणाम मिलेंगे।

जीईएसी ने दावा किया है कि जीएम सरसों हर्बिसाइड टालरेंट है। सच्चाई यह है कि यह तकनीक मिट्टी, रोगाणुओं, पालिनेटर्स और औषधीय जड़ी-बूटियों को मार देती है। कई अध्ययन हैं, जो बताते हैं कि जीएम फसलों के हानिकारक प्रभाव होते हैं। मधुमक्खी पालन से जुड़े संगठन भी जीएम सरसों का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे शहद की खेती पर बुरा असर पड़ेगा। मधुमक्खियों के परागण में सरसों के फूलों का अहम योगदान है। अधिकतर जगहों पर जीएम मुक्त सरसों के शहद की मांग है। छोटी जोत के जो किसान पारंपरिक बीजों के सहारे खेती करते हैं, वे महंगे बीजों को नहीं खरीद पाएंगे। इन बीजों को दोबारा इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। इससे स्थानीय किस्मों के लिए खतरा पैदा हो सकता है। स्पष्ट है कि इन चिंताओं का समाधान करना होगा।

वास्तव में किसानों को जीएम बीज की नहीं सिंचाई, उन्नत तकनीक, सूचना प्रौद्योगिकी, ग्रामीण सड़कों, बिजली, कोल्ड चेन और आधुनिक मंडी की जरूरत है। मोदी सरकार राष्ट्रीय कृषि बाजार ई-नाम, ग्रामीण सड़क, बिजली, सिंचाई, फसल बीमा, किसान रेल, किसान उड़ान जैसी मूलभूत सुविधाओं को बढ़ा रही है, लेकिन कृषि क्षेत्र में तब तक क्रांतिकारी सुधार नहीं आएगा, जब तक राज्य सरकारें ठोस जमीनी पहल नहीं करती हैं। राज्य सरकारों का पूरा जोर गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले परिवारों की तादाद बढ़ाने, कर्ज माफी जैसी वोट बटोरने वाली योजनाओं पर रहता है। इससे उदारीकरण का लाभ गांवों तक नहीं पहुंच पा रहा।

विचारणीय है कि जो देश 1995 तक खाद्य तेल में आत्मनिर्भर था, वह दुनिया का सबसे बड़ा खाद्य तेल आयातक कैसे बन गया? इसकी जड़ें व्यापार नीतियों में हैं। दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ वरीयता व्यापार समझौतों के तहत आयात शुल्क में कमी की गई, जिससे देश में सस्ता खाद्य तेल आने लगा। इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि घरेलू तिलहनों की खरीद प्रभावित हुई। जो सरसों नकदी फसल के रूप में पीला सोना के रूप में विख्यात थी, वह घाटे का सौदा बन गई।

रही-सही कसर सरसों तेल में आर्जीमोन की मिलावट की अफवाह ने पूरी कर दी। इसने जहां सरसों के तेल को बदनाम किया, वहीं सोयाबीन और पामोलीन तेल की राह आसान कर दी। यदि गेहूं-धान की भांति तिलहन फसलों की एमएसपी पर सुनिश्चित सरकारी खरीद की देशव्यापी व्यवस्था की जाए तो सरसों की देसी किस्मों के जरिये भी दूसरी पीली क्रांति संभव है।

## मार्ग-दर्शन

# पति से दुःखी महिला को मिला उपाय

**भूदान** आंदोलन के प्रणेता आचार्य विनोबा भावे से एक महिला मिलने आई। वह बोली- मैं बहुत दु:खी हूं, मेरा पति शराबी है। रोज शराब पीकर मुझे अपशब्द कहता है और कभी-कभी मारपीट भी करता है। मेरा जीवन उसने नर्क बना दिया है। विनोबाजी ने उससे पूछा- जब वह शराब पीता है, तब तुम क्या करती हो? वह बोली- तब मुझे उस पर बहुत गुस्सा आता है। पहले तो मैं उसे खूब खरी-खोटी सुनाती थी, किंतु उस पर जब इसका कोई असर नहीं होते देखा, तो अब मैंने उपवास करना शुरू कर दिया।

विनोबा ने प्रश्न किया कि उपवास में खाना-पीना सब छोड़ देती हो? महिला बोली - नहीं फल खाती हूं। तब विनोबा ने कहा -तब तो तुम्हारा पति और नाराज होता होगा, क्योंकि तुम्हारे फल खाने से घर का खर्च बढ़ जाता होगा। यह सुनकर महिला रोने लगी। तब विनोबा बोले - गुस्से से या भोजन छोड़ देने से किसी को गलत मार्ग से नहीं हटाया जा सकता। प्रेम वही असरकारी होता है, जो भीतर से उठकर आता है। दिल में दुर्भावना हो और दिखावे के लिए प्रेम के वचन कहो तो प्रभाव उल्टा होता है। महिला ने कहा - मैं क्या करूं? उन्हें शराब के नशे में देखकर मेरा मन बेकाबू हो जाता है। विनोबा ने समझाया - यही तो गलत है। तुम अपने पति को बुराई से तभी रोक सकोगी, जब स्वयं अपनी बुराई को जीत लोगी। उसका प्रयास पहले करो। महिला को अपनी भूल समझ में आ गई कि क्रोध को क्रोध से नहीं जीता जा सकता। उस पर प्रेम से ही विजय पाई जा सकती है। सही राह पाने की खुशी उसके चेहरे पर झलकने लगी। सार यह है कि बुरे व्यक्ति से घृणा करने या रोष जाहिर करने के स्थान पर बुराई को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। और यह कार्य दृढ इच्छशक्ति से ही संभव है।

## नजरिया

# सामूहिक विफलता, निरर्थक सिद्ध हुए पराली प्रबंधन के तमाम उपाय

यह बड़े शर्म की बात है कि केंद्र और राज्य सरकारों की तमाम तैयारियों और आश्वासनों के बाद भी दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के अनेक शहर गंभीर किस्म के वायु प्रदूषण से त्रस्त हैं। बढ़ते प्रदूषण के कारण दिल्ली में निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी गई है और अब वर्क फ्राम होम लागू करने की बात की जा रही है। यदि प्रदूषण रोकने और विशेष रूप से पराली जलाने से रोकने के साथ सड़कों पर उड़ने वाली धूल को नियंत्रित करने के ठोस उपाय किए गए होते तो स्थिति दूसरी होती, लेकिन ऐसा कुछ नहीं किया जा सका।

उत्तर भारत के वायुमंडल में जहर घुल रहा है, लेकिन पंजाब में पराली जल रही है। पंजाब सरकार का उन किसानों पर कोई जोर नहीं, जो पराली जलाने में लगे हुए हैं। वह उन अधिकारियों पर कार्रवाई करने में लगी हुई है, जिन्हें पराली जलाने वाले किसानों के विरुद्ध कोई कदम उठाने का अधिकार नहीं। साफहै कि पंजाब सरकार किसानों की मनमानी के आगे असहाय है। इसे ढकने के लिए वह केंद्र सरकार को दोष देने में लगी हुई है।

यह जो आशा की जा रही थी कि पंजाब में सत्ता में आ जाने के बाद आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली के पर्यावरण की चिंता करेगी, वह अब ध्वस्त हो चुकी है। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि किसान इसका लाभ उठा रहे हैं कि पंजाब सरकार की तरह अन्य राज्य सरकारें पराली जलाने के बाद भी राजनीतिक कारणों से उनके खिलाफ कार्रवाई करने का साहस नहीं जुटा सकतीं।

यह विडंबना ही है कि इतने वर्षों बाद भी किसान यह समझने को तैयार नहीं कि पराली जलाकर वह पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ किस तरह लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। इससे बड़ी विडंबना यह है कि राज्य सरकारें भी उन्हें यह साधारण सी बात समझाने में नाकाम हैं। अब तो ऐसा लगता है कि सरकारें समझाने को तैयार नहीं और किसान सब कुछ जानते हुए भी समझने को राजी नहीं।

सरकारें ऐसे नियम-कानून बनाने के लिए भी तैयार नहीं दिखतीं, जिससे पराली जलाने और साथ ही अन्य तरीके से पर्यावरण को दूषित करने वालों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई की जा सके। प्रदूषण से निपटने के मामले में केंद्र सरकार की नाकामी भी किसी से छिपी नहीं। उसने यह जो भरोसा दिलाया था कि इस बार उत्तर भारत को घातक प्रदूषण से बचाया जाएगा, वह खोखला साबित हुआ। पराली प्रबंधन के उसके उपाय निरर्थक सिद्ध हुए। ऐसा लगता है कि हमारे नीति-नियंता यह देखने के लिए तैयार नहीं कि गंभीर रूप लेते प्रदूषण से केवल लाखों लोगों की सेहत को ही नुकसान नहीं पहुंचता, बल्कि निर्माण कार्यों को रोकने अथवा औद्योगिक गतिविधियों पर पाबंदी लगाने से बहुत अधिक आर्थिक क्षति भी उठानी पड़ती है।

## प्रसंगतः

# कंगन का दान

संस्कृत के कवियों में माघ का श्रेष्ठ स्थान है। वह साधन-संपन्न तो थे ही, दान देने में भी अग्रणी थे। लोगों को विश्वास था कि उनके घर से कोई भी जरूरतमंद कभी खाली हाथ नहीं लौटता। दान देते-देते एक अवसर ऐसा भी आया कि जब वह खुद ही निर्धन हो गए। लेकिन मदद करने की उनकी भावना में कोई कमी नहीं आई। वह लोगों की सहायता के लिए पहले की तरह ही तत्पर रहते थे। एक रात किसी गरीब पुजारी ने उनका दरवाजा खटखटाया। माघ ने दरवाजा खोला तो पुजारी ने बाहर आने का निवेदन किया और कहा, 'मेरी बेटी की शादी है। कैसे विवाह कर पाऊंगा, इस बात की चिंता सताती रहती है। मैं आपसे कुछ सहायता मांगने आया हूं।' कविवर ने सोचा कि इस समय न घर में धन है, न कोई ऐसी वस्तु जो याचक को दी जा सके। कुछ देर सोचने के बाद वह अपनी सोयी हुई पत्नी के पास गए और धीरे से उसका हाथ उठाकर उससे कंगन उतारा। पत्नी की नींद खुल गई, परंतु पति को सामने देखकर उसने आंखें बंद कर लीं। माघ ने बाहर आकर वह कंगन उस पुजारी को दे दिया और उसे वहां से जल्दी भाग जाने के लिए कहा। किंतु पत्नी ने दरवाजे की दरार से सब कुछ देख लिया कि उसके पतिदेव किसको वह कंगन दे रहे हैं। उस पुजारी ने माघ से कहा, 'इस सहयोग के लिए मैं आपका आभारी हूं पर एक कंगन मेरे लिए अपर्याप्त है।' माघ ने कहा, 'अभी तुम एक ले जाओ, दूसरा मैं नहीं दे सकता।' पत्नी ने तुरंत दूसरा कंगन उतारा और बाहर आकर कविवर को देते हुए कहा, 'मुझसे क्यों छुपा रहे थे। जरूरतमंदों की मदद के लिए ही तो हमारा जीवन है। इस व्यक्ति को दूसरे कंगन की भी आवश्यकता है। इसे आप यह भी दे दीजिए।' अपनी पत्नी के व्यवहार से माघ बहुत खुश हुए और उन्होंने दूसरा कंगन भी पुजारी को देकर उसे प्रसन्नतापूर्वक विदा किया।

## जीने की राह

# रिश्तों में लगाएं 'दोस्ती' का तड़का

**संसार** में बाहर से पकड़ने की समझ आ जाए तो भी काम चल जाता है। यहां के रिश्ते भी ऊपरी होते हैं और वैसे ही निभाए जाते हैं। संसार में रहकर हम पूरी उम्र सतह पर गुजार सकते हैं। लेकिन यह तरीका परिवार में नहीं चलता। गृहस्थी में तो गहराई ही उसकी सतह है। यहां जीवन अलग-अलग मिजाज के लोगों के साथ बिताना है। यहां आप बड़े हैं तो हर बार हुक्म नहीं चला सकते। छोटे हैं तो बार-बार कहना भी नहीं मान पाएंगे। रिश्तों की, पद की अदला-बदली परिवार में चलती ही रहती है। परिवार के सदस्यों से जो भी आपके रिश्ते हों, उसमें दोस्ती का तड़का जरूर लगाएं। बाप-बेटे हों, पतिप त्नी हों, भाई-भाई या भाई-बहन हों, यारी का मिजाज फायदा ही पहुंचाएगा। मित्रता वह तीर है, जो बिना चुभे आपको अपने ऊपर बैठाकर दूसरे के भीतर उतार देता है। घर-परिवार में इससे खुलेपन का माहौल बनेगा। भीतर भेद रखकर घर में जीना पाप ही है। पारदर्शिता परिवार में प्रेम के लिए खाद-बीज की तरह है। रिश्तों का सौंदर्य ऊपर कम नजर आता है। परत हटाकर भीतर झांकना पड़ेगा। जैसे मनुष्य के शरीर को लेकर सामान्यत: यह माना जाता है कि कुरूप देह वाले भीतर से सुंदर होते हैं और सुंदर शरीर वाले भीतर से कर्कश हो सकते हैं। कुरूपता सद्व्यवहार से भरपाई कर देती है। सौंदर्य गुमान के कारण सरलता खो देता है। इसलिए रिश्तों में झांकना उसे मजबूत करने की पायदान है। हर धर्म में पूजा की एक पद्धति है। उसमें परतदर-परत क्रिया की जाती है। जब परिवारों में धार्मिक माहौल होता है, तो सदस्य उसी शैली में अन्य सदस्यों से व्यवहार करते हैं। परत-दर-परत खोलने पर रिश्तेदारी मजबूत होती जाती है।

## राजनीति

# कश्मीर में अभी बाकी है लड़ाई, अलगाववाद और 'काफिर-कुफ्र' वाले चिंतन के विरुद्ध युद्ध अब भी जारी

हाल में जम्मू-कश्मीर के भारतीय संघ में विलय की 75वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित हुए। ऐसे ही एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महत्वपूर्ण संदेश में कहा, 'अपने बाकी बचे हिस्से गिलगित और बाल्टिस्तान तक पहुंचे बिना जम्मू-कश्मीर अधूरा है। अभी तो हमने उत्तर दिशा की ओर चलना शुरू किया है। हमारी यात्रा तभी पूरी होगी, जब हम 22 फरवरी, 1994 को संसद में सर्वसम्मति से पारित हुए प्रस्ताव को अमल में लाएंगे। आने वाले समय में पाकिस्तान को उसके कर्मों का परिणाम जरूर मिलेगा।' कश्मीर पर भारत सरकार का यह दृष्टिकोण विलंबपूर्ण ही सही, किंतु स्वागतयोग्य है। इसमें संदेह नहीं कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर को लेकर हमेशा छल-कपट का ही सहारा लिया है। यह पाकिस्तानी कुटिलता का ही प्रमाण है कि उसने गुलाम कश्मीर की पहचान बदलने के लिए उर्दू को राजकीय भाषा का दर्जा दिया है, जबकि उसकी 40 लाख की आबादी में 70 प्रतिशत लोग पोठोहारी भाषी हैं। पोठोहारी पंजाबी भाषा की ही एक उप-भाषा है। ऐसा ही विरोधाभास उसके 'कौमी-तराने' को लेकर भी है। पाकिस्तान की भांति गुलाम कश्मीर न केवल भारत का भौगोलिक हिस्सा है, अपितु अनादिकाल से सांस्कृतिक भारत का भाग भी है। यहीं हजारों वर्ष पूर्व वैदिक ऋचाओं का जन्म हुआ था। सदियों पहले आदि शंकराचार्य ने अपनी 'दिग्विजय यात्रा' का समापन प्राचीन कश्मीर में किया था। तब उस स्थान पर मां सरस्वती को समर्पित शारदा पीठ और विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी। इस पीठ के अवशेष गुलाम कश्मीर की नीलम घाटी में हैं। यह स्थान नियंत्रण रेखा से मात्र 17 किलोमीटर दूर है। अब वहां मंदिर के नाम पर केवल एक प्रवेश द्वार और उस पर बना अर्धमंडलाकार भाग ही शेष है। विभाजन से पहले लाखों-करोड़ों हिंदू तीर्थाटन करने शारदा पीठ जाते थे। भारतीय उपमहाद्वीप में ऐसे असंख्य हिंदू-बौद्ध देवी-देवताओं के पूजास्थल हैं, जो कालांतर में 'काफिर-कुफ्र' से कुप्रेरित जिहाद का शिकार हुए थे। उन्हीं में से एक अनंतनाग स्थित मार्तंड मंदिर भी है। कश्मीर का बहुआयामी संकट भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की अदूरदर्शिता की देन है। कश्मीर मामले को संयुक्त राष्ट्र में ले जाना, जनमत-संग्रह की बात, 1947-48 के भारत-पाक युद्ध में बढ़ती हुई भारतीय सेना को रोककर एकाएक संघर्षविराम की घोषणा, अनुच्छेद 370-35ए के अंतर्गत जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देना और घोर सांप्रदायिक शेख अब्दुल्ला पर अत्यधिक विश्वास करके देशभक्त महाराजा हरि सिंह को कश्मीर से निष्कासित करना, इन सभी के लिए नेहरू ही जिम्मेदार थे।

अक्सर, कश्मीर को लेकर दो मिथक प्रचारित किए जाते हैं। पहला, 26 अक्टूबर 1947 को महाराजा हरि सिंह ने स्वतंत्र भारत के साथ विशेषाधिकारों की शर्त पर जम्मू-कश्मीर का विलय किया था। दूसरा, नेहरू द्वारा कश्मीर मामले को संयुक्त राष्ट्र ले जाने के बाद भी भारत कश्मीर घाटी में जनमत संग्रह की प्रक्रिया में बाधा डाल रहा है। क्या वाकई ऐसा है? वास्तव में विलय की जिस संधि पर हरि सिंह ने हस्ताक्षर किए, उसके प्रारूप का एक-एक शब्द वही था, जिस पर अन्य रियासतों ने विलय के दौरान हस्ताक्षर किए या उसकी प्रक्रिया में थे। ये सभी विलय तीन विषयों-रक्षा, विदेशी मामलों और संचार के अंतर्गत हुए थे। ऐसा इसलिए, क्योंकि 1947 तक स्वतंत्र भारत का अपना संविधान नहीं था और अंग्रेजों द्वारा स्थापित व्यवस्था के अनुरूप काम हो रहा था। विलय पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए हरि सिंह ने लार्ड माउंटबेटन को जो पत्र लिखा था, उसमें उन्होंने कहीं उल्लेख नहीं किया कि रियासत के लोग भारत से विलय का विरोध या उसके विरुद्ध आंदोलन कर रहे हैं या फिर 'आजादी' चाहते हैं, पर कुटिल माउंटबेटन ने इसमें 'विवाद' शब्द जोड़ दिया। पिछले 75 वर्षों से पाकिस्तान, उसके द्वारा वित्तपोषित अलगाववादी, जिहादी/आतंकी संगठन और वामपंथी सहित कई भारतीय भी माउंटबेटन के इसी पत्र को हथियार बनाकर भारत विरोधी एजेंडे को बढ़ावा दे रहे हैं।

सच्चाई यही है कि हरि सिंह ने विभाजन और स्वतंत्रता से एक माह पहले ही भारत में विलय का अनुरोध किया था, किंतु नेहरू ने कश्मीर को 'विशेष मामला' बताकर इससे किनारा कर लिया। यह लोकसभा में 24 जुलाई, 1952 को दिए नेहरू के भाषण से भी स्पष्ट है, जिसमें उन्होंने कहा था, 'जुलाई (1947) में जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय का अनौपचारिक मामला हमारे सामने आया तो हमने स्पष्ट कर दिया कि जम्मू-कश्मीर को इसके लिए उतावला नहीं होना चाहिए, यद्यपि उनके कई नेता इसके लिए इच्छुक थे। यह विलय तभी टिकेगा, जब महाराजा के बजाय लोगों द्वारा इसकी पहल हो। हमने महाराजा के साथ वहां के लोकप्रिय नेताओं को सूचित किया कि विलय जल्दबाजी में नहीं किया जाना चाहिए।'



# भगोड़े रूसी सैनिकों को गोली मारने पहुंचा पुतिन का दस्ता, रूस ने अमेरिका-ब्रिटेन पर लगाए आरोप

**मॉस्को/लंदन।**
रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में मैदान छोड़कर भागने वाले रूसी सैनिकों को गोली मारने का आदेश दिया है। पुतिन के खास वफादार सैन्य अधिकारियों के नेतृत्व में रूस की कई ब्लॉकिंग यूनिट यूक्रेन पहुंच चुकी हैं। ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय ने खुफिया सूचनाओं के आधार पर यह दावा किया है। ब्रिटेन का कहना है कि इन यूनिट का काम उन रूसी सैनिकों को ढूंढ़कर गोली मारना है, जो यूक्रेन के सामने हाथियार डालकर भाग रहे हैं। 1942 में दूसरे विश्व युद्ध के दौरान रूसी राष्ट्रपति स्टालिन ने इसी तरह से बैरियर यूनिट तैनात कर रूसी सैनिकों को एक भी कदम पीछे हटने से रोका था। दूसरी तरफ रूस ने दावा किया है कि अमेरिका और ब्रिटेन की खुफिया व सैन्य एजेंसियों ने यूक्रेन सिक्योरिटी सर्विस के साथ मिलकर खूंखार आतंकी दस्ते तैयार किए हैं। इन आतंकियों का काम क्रीमिया सहित रूस में हाल ही में विलय किए गए इलाकों में बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाना और आतंक फैलाना है। इसके अलावा नॉर्ड स्ट्रीम हमला, काला सागर में अनाज के जहाजों पर हमला भी इन्हीं आतंकियों का काम है।

### यूक्रेन की मदद जारी रखेगा जी-7

जर्मनी में यूक्रेन की मदद को लेकर हुए जी-7 देशों विदेश मंत्रियों की बैठक में शुक्रवार को जहां अमेरिका ने 40 करोड़ डॉलर की अतिरिक्त सहायता का एलान किया, वहीं जापान, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा और इटली ने यूक्रेन को अपनी रक्षा करने के लिए और अधिक मदद देने का वादा किया।

इसके अलावा अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के अधीन यूक्रेन की मदद के लिए सिक्योरिटी असिस्टेंस ग्रुप-यूक्रेन (सैग-यू) तैयार किया गया है। इसके जरिये जी-7 की तरफ से यूक्रेन को दी जाने वाली मदद जर्मनी स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे से एकीकृत तरीके से संचालित की जाएगी।

### ईरान ने माना रूस को भेजे ड्रोन

ईरान के विदेश मंत्री आमिर अब्दुल्ला ने कहा कि पश्चिमी देश आरोप लगा रहे हैं कि ईरान ने यूक्रेन युद्ध में मदद के लिए रूस को ड्रोन और मिसाइलों की आपूर्ति की है। ईरान साफ कर देना चाहता है कि ड्रोन रूस को युद्ध शुरू होने से पहले भेजे गए थे। इसके अलावा मिसाइलें भेजने के आरोप निराधार हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### तोते ने चुराया जर्नलिस्ट का इयरफोन,चोरी की रिपोर्टिंग कर रहा था, कंधे पर बैठा तोता और इयरफोन ले उड़ा

सैंटियागो। साउथ अमेरिकी देश चिली में एक तोते ने एक पत्रकार का एयरफोन चुरा लिया। इसका वीडियो



सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नेटिजन्स के बीच इस वीडियो को काफी शेयर किया जा रहा है। इस घटना की सबसे फनी बात तो ये है कि जर्नालिस्ट एक शहर में हुई चोरी की घटना की रिपोर्टिंग कर रहा था। तभी तोते ने उसका इयरफोन चुरा लिया। जर्नालिस्ट निकोलस क्रुम्म का ये वीडियो जेने हैलहेड नाम की महिला ने शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि निकोलस किसी शहर में हुई चोरी के बारे में लाइव रिपोर्टिंग कर रहे थे। तभी एक तोता उनके कंधे पर आकर बैठ जाता है। 10 सेकंड बैठने के बाद तोता उनका इयरफोन लेकर उड़ जाता है। हालांकि कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया कि थोड़ी दूर पर तोते ने इयरफोन गिरा दिए जो रिपोर्टर को मिल गया। रिपोर्टिंग के दौरान होने वाला ये पहला फनी वाकया नहीं है। पहले भी ऐसी कुछ घटनाएं हो चुकी हैं। सितंबर 2022 में कनाडा में एंकरिंग के दौरान एक महिला पत्रकार के मुंह में मक्खी चली गई थी। उन्होंने खबर पढ़ते समय हवा में उड़ रही एक मक्खी को निगल लिया था। अप्रैल में मास्को में लाइव ब्रॉडकास्ट के दौरान एक कुत्ता ने रिपोर्टर का माइक छीन लिया। रिपोर्टर मौसम की रिपोर्ट बता रही थी। तभी एक कुत्ता ने छलांग मारकर रिपोर्टर के हाथ से माइक छीन लिया था। पाकिस्तान की एक महिला पत्रकार ने ईद के मौके पर रिपोर्टिंग के दौरान एक बच्चे को कैमरे के सामने आने पर थप्पड़ जड़ दिया था। बच्चा रिपोर्टर को परेशान कर रहा था, इस वजह से उसने आपा खोकर उसे थप्पड़ मार दिया।

### तालिबान राज में हाशिए पर महिलाओं के अधिकार, कनकोर यूनिवर्सिटी के टॉपर्स में एक भी लड़की नहीं



**काबुल** । अफगानिस्तान में तालिबान शासन के बाद से महिला अधिकारों के हनन और उनके उत्पीड़न के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। यहां तक कि उन्हें पढ़ने-लिखने से भी दूर रखा जा रहा है। इसका जीता-जागता सबूत सामने आया है। दरअसल, यहां की कनकोर यूनिवर्सिटी ने रिजल्ट जारी किया है, जिसमें टॉपर्स की लिस्ट में एक भी महिला नहीं है। यूनिवर्सिटी का रिजल्ट जारी होने के बाद तालिबान की एक बार फिर से आलोचना शुरू हो गई है। नेटिजन्स का कहना है कि यह निराश करने वाला है कि अफगानिस्तान के कनकोर विश्वविद्यालय की टॉप-10 सूची में एक भी महिला छात्र नहीं है। अफगानिस्तान के मीडिया समूह खामा प्रेस के मुताबिक, तालिबान शासन से पहले अफगानिस्तान के विश्वविद्यालयों में लड़कियां टॉपर्स में शामिल थीं। 2020 व 2021 में कनकोर विश्वविद्यालय के रिजल्ट में शम्सिया अलीजादा व सेल्गाई बरान नाम की छात्राओं ने टॉप किया था।

### पृथ्वी का सबसे करीबी ब्लैक होल खोजा, 1600 प्रकाश वर्ष दूर और सूर्य से 10 गुना बड़ा, क्या है खतरा



वाशिंगटन। वैज्ञानिकों को पृथ्वी के सबसे करीब का ब्लैक होल पता लगाने में कामयाबी मिली है। इसका आकार सूर्य से 10 गुना बड़ा बताया गया है। यह इससे पहले मिले ब्लैक होल की तुलना में तीन गुना बड़ा है। यह पृथ्वी से केवल 1,600 प्रकाश वर्ष दूर है। अमेरिकी वैज्ञानिकों ने कहा कि इस ब्लैक होल की पहचान अपने जोड़ी तारे की गति को देखकर की गई। यह तारा ब्लैक होल की परिक्रमा उसी दूरी पर करता है, जितनी पृथ्वी सूर्य की करती है। हार्वर्ड-स्मिथसोनियन सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के करीम अल-बद्री ने कहा कि शुरुआत में इसकी पहचान के लिए यूरोपीय एजेंसी के गैया अंतरिक्ष यान की मदद ली गई थी। नासा के मुताबिक, पृथ्वी ब्लैक होल में नहीं गिरेगी, क्योंकि कोई भी ब्लैक होल सौर मंडल के इतना करीब नहीं है। यहां तक कि अगर एक ब्लैक होल सूर्य का स्थान ले लेता है, तब भी पृथ्वी नहीं गिरेगी। ऐसी में ब्लैक होल में सूर्य के समान गुरुत्वाकर्षण होगा। पृथ्वी व अन्य ग्रह ब्लैक होल की परिक्रमा करेंगे। हालांकि, वैज्ञानिकों का कहना है कि सूरज कभी ब्लैक होल में नहीं बदलेगा।

# पाकिस्तान में उग्र प्रदर्शन, पत्थरबाजों पर पुलिस बरसा रही डंडे, सेना बोली- इमरान पर कार्रवाई हो

**इस्लामाबाद।**
**पाकिस्तान में प्रदर्शन उग्र होने के साथ गृह युद्ध की आशंका बढ़ती जा रही है। शनिवार को लाहौर, रावलपिंडी, इस्लामाबाद, फैजाबाद, फैसलाबाद, सहित दर्जनों शहरों में प्रदर्शन हुए। इमरान समर्थकों ने जहां जमकर तोड़फोड़, आगजनी और पत्थरबाजी की, वहीं पुलिस ने बेहिसाब डंडे और आंसू गैस के गोले बरसाए। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और खुफिया एजेंसी के प्रमुख पर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाने वाले इमरान को सेना और सरकार ने झूठा करार दिया। इमरान के समर्थक देशभर में पीएम शहबाज शरीफ, गृह मंत्री राना सनाउल्लाह और मेजर जनरल फैजल के इस्तीफे की मांग पर अड़े हैं। शनिवार को प्रदर्शनों में करीब 30 लोग घायल हो गए। इस्लामाबाद पुलिस ने पीटीआई के कई वरिष्ठ नेताओं सहित 23 लोगों के खिलाफ आतंकवाद सहित कई आरापों में केस दर्ज किया है। सेना ने इमरान के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए सरकार से उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने को कहा है। वहीं, पीएम शहबाज शरीफ ने मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदियाल से कहा, इमरान के आरोपों की न्यायिक आयोग से जांच कराई जाए। मेरे खिलाफ सबूत मिले तो हमेशा के लिए राजनीति छोड़ दूंगा।**



### एफआईआर दर्ज नहीं होने पर भड़के समर्थक

पीटीआई के उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी ने लाहौर में प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कहा कि पार्टी ने इमरान खान पर हुए हमले के मामले में पीएम, गृह मंत्री और सेना के अधिकारी पर एफआईआर दर्ज करने की शिकायत दी थी, लेकिन दो दिन बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जाहिर है अधिकारियों के हाथ बांध दिए गए हैं। छोटा बच्चा भी यह समझ सकता है कि शिकायत पर अगर कार्रवाई नहीं हो रही है, तो दबाव कितना भारी होगा।

### इमरान सत्ता के भूखे, फैलाना चाहते हैं अराजकता : जरदारी

पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति और मौजूदा सत्ताधारी गठबंधन के हिस्सा पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के नेता आसिफ अली जरदारी ने कहा, सत्ता के भूखे इमरान खान देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के खिलाफ जहर उगलकर अराजकता फैलाना चाहते हैं। इस तरह की देश विरोधी हरकतों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

### देश के संस्थानों से खत्म हो रहा भरोसा : फवाद चौधरी

पीटीआई के नेता फवाद चौधरी ने कहा कि पाकिस्तान की सरकार इमरान और पीटीआई के खिलाफ जिस तरह के हथकंडे इस्तेमाल कर इन्हें खत्म करने की साजिशें रच रही है, उनसे देश के तमाम संस्थानों से लोगों का भरोसा खत्म हो रहा है। चौधरी ने कहा, सरकार को लग रहा है कि सड़कों पर पीटीआई के लोग हैं, लेकिन उन्हें नहीं भूलना चाहिए कि ये पाकिस्तान के लोग हैं, जिन्होंने कभी उनको भी वोट दिया होगा।

# अमेरिका में मध्यावधि चुनाव की दौड़ में पांच भारतवंशी, ब्रह्मोस के कायल हुए इंडोनिशिया के रक्षा मंत्री



**वाशिंगटन।**
अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के आठ नवंबर को होने वाले मध्यावधि चुनाव में पांच भारतीय-अमेरिकी दौड़ में हैं। सर्वेक्षकों और राजनीतिक पंडितों की मानें तो उनका परिणाम 100 फीसदी रहने की संभावना है। इनमें चार वर्तमान सदस्यों एमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना और प्रमिला जयपाल के फिर निर्वाचित होने की संभावना है। सभी डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रत्याशी हैं। उद्यमी और कारोबारी श्री थानेदार भी मिशिगन जिले से कांग्रेस पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। इनमें सबसे वरिष्ठ बेरा हैं, जो कैफोर्निया कांग्रेस जिला सात से छठीं बार सदस्य बनने की दावेदारी कर रहे हैं। गिलगिट-बाल्टिस्तान। पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले इलाके गिलगिट-बाल्टिस्तान में भूकंप और बाढ़ से पीड़ितों ने राहत दिलाने की मांग लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अधिकारियों पर आरोप लगाया कि वह प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवारों की मदद पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। साथ ही चेतावनी दी कि 25 नवंबर तक समुचित मदद मुहैया नहीं कराई गई तो बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

चीन के केंद्रीय बैंक के डिप्टी गर्वनर फान यिफेई को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के भ्रष्टाचारा रोधी एजेंसी ने शनिवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि यिफेई पर अनुशासन और कानूनों का उल्लंघन करने के गंभीर आरोप लगे थे। इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री प्रभोवो सुबियांतो ने शुक्रवार को जकार्ता के केमायोरन में इंडो डिफेंस एक्सपो 2022में ब्रह्मोस एयरोस्पेस के स्टाल का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने ब्रह्मोस मिसाइल की तमाम जानकारियां लीं। कहा, मौजूदा दौर की जरूरतों और चुनौतियों के लिहाज से ब्रह्मोस जैसा रणनीतिक रूप से कुशल हथियार किसी भी सेना का मनोबल और प्रभाव बढ़ाने वाला होता है। असम के कामरूप (मेट्रो) जिले में एक वाहन से करोड़ों की ड्रग्स जब्त की गई है। इस मामले में एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है।

# फिलाडेल्फिया के बार में ताबड़तोड़ फायरिंग, 12 लोगों को लगी गोली



**फिलाडेल्फिया ।**
अमेरिकी शहर फिलाडेल्फिया के केंसिंग्टन और एलेघेनी इलाके स्थित एक बार में कुछ बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी जिसमें 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हालांकि अभी अमेरिकी पुलिस ने घटना की विस्तृत जानकारी नहीं दी है।

**पिछले महीने उत्तरी कैरोलिना में भी हुई थी गोलीबारी** - अमेरिका में आए दिन गोलीबारी की खबरें सामने आ रही हैं। पिछले महीने 13 अक्तूबर को दक्षिणी अमेरिकी राज्य उत्तरी कैरोलिना से भी ऐसी ही खबर सामने आई थीं। जानकारी के मुताबिक, शाम पांच बजे के बाद यहां के एक रिहायशी इलाके में गोलीबारी हुई, जिसमें एक ऑफ-ड्यूटी पुलिसकर्मी सहित पांच लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने दुख भी जताया था।

**इससे पहले फ्लोरिडा के टाम्पा शहर में भी हुई थी फायरिंग** - वहीं इससे पहले फ्लोरिडा के टाम्पा शहर में हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और छह घायल हो गए। गोलीबारी स्थानीय समयानुसार नौ अक्टूबर को सुबह करीब तीन बजे हुई थी।

# मिस्र में कौप27 क्लाइमेट समिट: गुटेरेस बोले- क्लाइमेट चेंज सबसे बड़ी चुनौती, विकसित और पिछड़े देशों को साथ आना होगा

**कायरो।**
कौप27 क्लाइमेट समिट मिस्र में शुरू हो रहा है। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक समेत वर्ल्ड लीडर्स शामिल होंगे। मिस्र के शर्म अल-शेख शहर में 6 नवंबर से 18 नवंबर तक होने वाली इस बैठक में भारत से केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव शामिल हो रहे हैं।

बैठक में दुनियाभर के नेता क्लाइमेट चेंज (जलवायु परिवर्तन) और इसके समाधान के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। पिछले कुछ सालों में क्लाइमेट चेंज पूरी दुनिया के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। इस बैठक का फोकस क्लाइमेट फाइनेंस यानी क्लाइमेट चेंज से निपटने आर्थिक मदद देने पर होगा।

दुनिया तबाही की ओर जा रही है : एंतोनियो गुटेरेस बैठक से पहले महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा- विकसित देशों और गरीब देशों के बीच का अंतर कौप27 का सबसे बड़ा




मुद्दा है। विकसित देशों को क्लाइमेट चेंज पर डेवलपिंग कंट्रीज के साथ ऐतिहासिक समझौते पर साइन करना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो दुनिया बर्बाद हो जाएगी। दरअसल, इस समझौते के तहत ये फैसला लिया गया था कि क्लाइमेट चेंज से निपटने के लिए विकसित देश हर साल 100 बिलियन डॉलर का फंड गरीब देशों को देंगे।

जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए भारत विकसित देशों से मदद मांगेगा। कौप27 की बैठक से पहले केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा- भारत विकसित देशों से डेवलपिंग कंट्रीज के लिए फाइनेंस और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर की मांग भी करेगा ताकि इन देशों को जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में मदद मिल सके।

### कौप पर दुनिया की नजर, इसकी वजह

2022 में इंग्लैंड और पूरे यूरोप में लोग गर्मी से बेहाल रहे। पाकिस्तान में भारी बारिश से बाढ़ आ गई। भारत में पहले हीटवेव से फसलों को नुकसान हुआ। अमेरिका में भी भीषण गर्मी से जंगलों में आग लगी गई, दूसरी तरफ बारिश से बाढ़ आ गई। माना जा रहा है इस सबके पीछे जलवायु परिवर्तन है।

### मिस्र में ही क्यों हो रही कौप27 समिट

जलवायु परिवर्तन के लिहाज से अफ्रीका दुनिया के सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में से एक है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूर्वी अफ्रीका में सूखे की वजह से 1.7 करोड़ लोग खाद्य चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में किसी अफ्रीकी देश में क्लाइमेट चेंज समिट होने से क्लाइमेट चेंज के प्रभावों की तरफ दुनिया का ध्यान केंद्रित किया जा सकता है। ये 5वीं बार है जब अफ्रीका के किसी देश में जलवायु सम्मेलन हो रहा है।

# सिंगर-रैपर आरोन कार्टर का 34 साल की उम्र में निधन, घर पर मिले मृत

**वॉशिंगटन।**
**पॉप आइकन कहे जाने वाले सिंगर और रैपर आरोन कार्टर का शनिवार को संदिग्ध हालात में 34 साल की उम्र में निधन हो गया। आरोन का शव उनके ही घर में मिला। आरोन ने साल 1997 में महज नौ साल की उम्र में ही अपना पहला एलबम जारी कर दिया था। आरोन कार्टर बैकस्ट्रीट बॉयज के सदस्य निक कार्टर के भाई थे।**



बिग अम्ब्रेला मैनेजमेंट में कार्टर के एजेंट टेलर हेलगेसन ने उनके निधन की पुष्टि की। कार्टर का परिवार और प्रबंधन जल्द ही इस संबंध में एक बयान भी जारी करेगा। लॉस एंजिल्स काउंटी शेरिफ विभाग में डिप्टी एलेजांद्रा पारा के अनुसार, वैली विस्टा ड्राइव के 42000 ब्लॉक में आरोन कार्टर के घर पर सुबह 10:58 बजे एक संदिग्ध हालात में हुई मौत की सूचना मिली थी। पारा ने दावा किया कि घर में एक शव मिला था, हालांकि पहचान अज्ञात थी। रिपोर्ट के अनुसार, जांचकर्ता मौके पर मौजूद थे। संगीत में कार्टर का करियर तब शुरू हुआ था, जब साल 1997 में उन्होंने अपना पहला स्टूडियो एलबम लॉन्च किया था। इसमें अमेरिका में काफी लोकप्रिय गीत क्रश ऑन यू शामिल था। इसके बाद उन्होंने रिकॉर्ड डील साइन करने के साथ बैकस्ट्रीट बॉयज के कार्यक्रमों में शिरकत की। आरोन की पार्टी (कम एंड गेट इट), कार्टर का ये दूसरा एल्बम 2000 में जारी हुआ था। ट्रिपल-प्लैटिनम रिकॉर्ड जिसमें दैट्स हाउ आई बीट शाक और आई वांट कैंडी जैसे लोकप्रिय गाने शामिल थे। इन गानों ने किशोर कार्टर को ब्रिटनी स्पीयर्स और बैकस्ट्रीट बॉयज जैसी लोकप्रियता दिलाने में मदद की। इसके अलावा कार्टर ने डिज्नी चैनल और निकलोडियन के शो में अतिथि अभिनेता के तौर पर भूमिकाएं निभाई, जिसमें लिजी मैकगायर और ऑल दैट! शामिल हैं।

इसके बाद में कार्टर ने एक प्रतियोगी के रूप में डांसिंग विद द स्टार्स शो के सीजन 9 में हिस्सा लिया था। साल 2018 में अपने पांचवें एल्बम लव को रिलीज करने से पहले उन्होंने 2016 में अपने गीत फूल्स गोल्ड के साथ संगीत की दुनिया में वापसी की थी। हाल के वर्षों में कार्टर विवादों में घिर गए थे। नशे में गाड़ी चलाने के मामले में गिरफ्तार होने के बाद एंटरटेनमेंट टुनाइट को साल 2019 में दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा था कि मुझे पता चला है कि मैं कई मानसिक स्थितियों से जूझ रहा हूं। इसके कुछ सप्ताह बाद ही कार्टर के भाई निक ने आरोन के खिलाफ एक निरोधक आदेश हासिल किया था।

कार्टर ने सितंबर में पांचवीं बार खुद का इलाज कराने का प्रयास किया था। उन्हें उम्मीद थी कि ऐसा करने से वह अपने 10 माह के बेटे प्रिंस के लालन-पालन का अधिकार हासिल कर पाएंगे। घरेलू दुर्व्यवहार और नशीली दवाएं लेने के आरोपों के चलते उन्हें और उनकी पूर्व मंगेतर मेलानी मार्टिन को इस अधिकार से वंचित कर दिया गया था। कार्टर का जन्म 7 दिसंबर 1987 को फ्लोरिडा के टाम्पा में हुआ था। वह अपने बड़े भाई निक और तीन बहनों एंजेल, बीजे और लेस्ली के साथ रहे। वैराइटी के अनुसार कार्टर के परिवार में उनके बेटे प्रिंस हैं।

# पंजाब में 16 हिंदू नेताओं व 25 सियासी नेताओं की सुरक्षा की होगी समीक्षा

**चंडीगढ़।** यह कमेटी अपने रिपोर्ट इसी हफ्ते डीजीपी को सौंपेगी, जिसके बाद नेताओं को अलग-अलग श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाएगी और जिन नेताओं को वर्तमान में सुरक्षा मिली हुई है, उनकी हिफाजत में सुरक्षाकर्मी बढ़ाए जा सकते हैं। अमृतसर में शिवसेना नेता सुधीर सूरी की दिनदहाड़े हत्या और गैंगस्टरों व खालिस्तानी कट्टरपंथियों द्वारा नेताओं को दी जा रही धमकियों के मद्देनजर पंजाब पुलिस ने राज्य के हिंदू नेताओं के साथ-साथ सियासी नेताओं की सुरक्षा की समीक्षा शुरू कर दी है। शनिवार को डीजीपी गौरव यादव ने एक विशेष कमेटी का गठन कर दिया, जो उन नेताओं की सुरक्षा की समीक्षा करेगी, जिन्हें विभिन्न संगठनों से धमकियां मिल रही हैं। पूलिस सूत्रों के अनुसार, यह कमेटी अपने रिपोर्ट इसी हफ्ते डीजीपी को सौंपेगी, जिसके बाद नेताओं को अलग-अलग श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाएगी और जिन नेताओं को वर्तमान में सुरक्षा मिली हुई है, उनकी हिफाजत में सुरक्षाकर्मी बढ़ाए जा सकते हैं। डीजीपी ने प्रदेश के 16 हिंदू नेताओं के साथ-साथ 25 वीवीआईपी नेताओं की सुरक्षा की समीक्षा का काम विशेष कमेटी को सौंपा है। कमेटी इन सभी नेताओं को राज्य के भीतर और विदेश में छिपे अपराधियों से मिलने वाले धमकी भरे काल्स की जांच करेगी और इस संबंध में इंटेलिजेंस विंग से इनपुट भी हासिल करेगी। हिंदू नेताओं के अलावा सियासी नेताओं में सभी विपक्षी दलों के प्रमुख नेताओं की मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा होगी। फिलहाल राज्य पुलिस द्वारा शिअद के दो बड़े नेताओं को जेड प्लस और तीन सीनियर नेताओं को वाई श्रेणी, पंजाब भाजपा के पांच सीनियर नेताओं को वाई श्रेणी, कांग्रेस के एक सीनियर नेता को जेड श्रेणी, तीन नेताओं को वाई श्रेणी और कुछ अन्य नेताओं को साधारण सुरक्षा मुहैया है। ताजा घटनाक्रम में पुलिस ने इनकी सुरक्षा बढ़ाने की तैयारी कर ली है, जिस पर विशेष कमेटी की रिपोर्ट के बाद फैसला लिया जाएगा।

## सिख नेताओं को नजरबंद कर शिव सेना नेता का हुआ अंतिम संस्कार

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** अमृतसर में कत्ल किए गए शिव सेना नेता सुधीर सूरी का रविवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। सूरी की अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। किसी प्रकार की अप्रिय घटना के मद्देनजर पूरे अमृतसर शहर में पुलिस बल तैनात किया गया था। सूरी के अंतिम संस्कार के मौके पर भी अमृतसर में तनाव का माहौल बना रहा। सूरी की अंतिम यात्रा घर से करीब 12 बजे निकली। पुलिस ने भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। अंतिम संस्कार के समय भी पुलिस तथा हिंदू नेताओं के बीच तीखी बहस हुई। पुलिस ने शव यात्रा में शामिल होने वाले हिंदू नेताओं को नजरबंद कर दिया, लेकिन इस पर सूरी का परिवार भड़क गया।

# आदमपुर में कमल खिलने पर भाजपा कार्यालय में मनाया जश्न

## मेयर ने दी सभी कार्यकर्ताओं को बधाई, आदमपुर का वनवास खत्म

**हिसार ( हिंस )।** आदमपुर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार भव्य बिश्नोई की जीत के साथ ही सिरसा रोड स्थित भाजपा कार्यालय में रविवार को जश्न मनाया गया और सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी। मेयर गौतम सरदाना की अगुवाई में भाजपा की जीत पर लड्डू बांटकर खुशी मनाई गई। इस अवसर पर मेयर गौतम सरदाना ने सभी कार्यकर्ताओं को जीत पर बधाई दी और कहा कि उनकी कड़ी मेहनत की बदौलत यह जीत हुई है। इसके साथ ही आदमपुर क्षेत्र का लंबे समय से चल रहा वनवास समाप्त हो गया है और इसके लिए आदमपुर की जनता भी बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोगों ने इस उपचुनाव में जनता में अनेक तरह की अफवाहें फैलाई लेकिन आदमपुर की बहादुर जनता ने उन अफवाहों को करारा जवाब दिया है। कांग्रेस नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने आदमपुर से जनता का हाथ पकड़ने की बात कही लेकिन जनता ने अपने फैसले के माध्यम से उन्हें जवाब दे दिया कि जिस व्यक्ति ने अपने शासनकाल में आदमपुर क्षेत्र से जमकर भेदभाव किया हो, वह व्यक्ति उनका हितैषी कैसे हो सकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आदमपुर की जनता से जो कांग्रेस से बदला लेने का आह्वान किया था, उसे भी आदमपुर की जनता ने हाथोंहाथ लिया और कांग्रेस द्वारा किए गए धोखे का बदला लिया। भाजपा जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि आदमपुर में कमल खिलने की खुशी में कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया और मिठाई बांटी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मुख्य रूप से मेयर गौतम सरदाना के अलावा जिला महामंत्री प्रवीण पोपली व एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया, सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी मानी, सीमा गैबीपुर, जिला सचिव संजीव रेवड़ी, देवेंद्र शर्मा देव, रणधीर धीरू, जिला मीडिया प्रमुख राजेंद्र सपड़ा, वरिष्ठ नेता संजीव गंगवा, प्रवीण बंसल, रमेश मिर्जापुर, महिला मोर्चा से प्रोमिला पूनिया, साधुराम जाखड़, विजय नागपाल, राममेहर सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एनआईटी, श्रीनगर से मेसा प्रतिनिधिमंडल ने टाटा इनोवेशन सेंटर का किया दौरा




**जम्मू/श्रीनगर।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) श्रीनगर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग स्टूडेंट एसोसिएशन (एमईएसए) ने शनिवार को टाटा के सेंटर फॉर इन्वेंशन, इनोवेशन, इनक्यूबेशन एंड ट्रेनिंग (सीआईआईआईटी) गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज बारामूला का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल में 3 संकाय समन्वयक डॉ एच एस पाली, डॉ. मोहसिन खान और डॉ दिनेश कुमार राजेंद्रन के साथ तीसरे वर्ष के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के 91 छात्र शामिल थे। अपने संदेश में, निदेशक एनआईटी श्रीनगर, प्रो (डॉ.) राकेश सहगल ने कहा कि छात्रों को अपने आस-पास के बारे में जागरूक करने और वांछित जानकारी प्राप्त करने के लिए सीखने के नए तरीकों को पेश करने के लिए अकादमिक क्षेत्र के दौरे महत्वपूर्ण हैं। इस तरह के दौरे उन्हें व्यावहारिक रूप से चीजों को सीखने, अवशोषित करने और अनुभव करने की अनुमति देते हैं, उन्होंने कहा कि प्रो. सहगल ने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह के एक्सपोजर टूर बहुत बार आयोजित किए जाने चाहिए ताकि छात्रों को मैकेनिकल इंजीनियरिंग के व्यावहारिक कामकाजी माहौल से परिचित कराया जा सके।

## पालतू जानवर भी मानव जीवन का हिस्सा : दुष्यंत

**पंचकूला ( हिंस )।** हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने आदमपुर से भाजपा-जजपा गठबंधन प्रत्याशी भव्य बिश्नोई की जीत पर बधाई देते हुए कहा कि अब भव्य की जिम्मेदारी बनती है कि अगले दो वर्ष में वह आदमपुर में विकास करवाए। दुष्यंत चौटाला रविवार को रॉयल केनेल क्लब पंचकूला द्वारा आयोजित डॉग शो चैंपियनशिप के समापन अवसर पर पहुंचे थे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पैट (पालतू जानवर) भी मानव-जीवन का हिस्सा होते हैं, इन्हें परिवार का सदस्य मान कर इनकी देखभाल करना सबकी जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने बताया कि डॉग शो में भारतीय व विदेशी नस्लों के डॉग भी शामिल हुए है। उन्होंने इस चैंपियनशिप के विजेता डॉग के मालिकों को ट्रॉफी देकर सम्मानित भी किया।

# संविधान मानवीय अधिकारों और कर्तव्यों का मार्गदर्शक ग्रंथ : राज्यपाल

**जयपुर ( हिंस )।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि संविधान मानवीय अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में हमारा मार्गदर्शक ग्रंथ है। उन्होंने संविधान की संस्कृति की चर्चा करते हुए कहा कि इसमें समानता के साथ सभी के लिए समान न्याय की बात है। राज्यपाल मिश्र रविवार को जयपुर के निजी होटल में इलाहाबाद विश्वविद्यालय पुरा छात्र परिषद की राजस्थान शाखा के उद्घाटन कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी से भारतीय संविधान के उदात्त मानवीय मूल्यों का संवाहक बनने का आह्वान किया। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि संविधान की हमारी संस्कृति के लिए सभी को जागरूक करने के उद्देश्य से राजभवन में संविधान पार्क का निर्माण किया जा रहा है। इसमें संविधान बनाने के लिए हुई पहल से जुड़ी ऐतिहासिक यात्रा के साथ ही संविधान संस्कृति से जुड़े मूर्धन्य लोगों की प्रतिमाएं स्थापित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही यह संविधान पार्क बन कर तैयार हो जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार उन्होंने विधानसभा में अपने अभिभाषण के आरम्भ में संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों के वाचन की परम्परा स्थापित की। राज्यपाल ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के इतिहास के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि *पूर्व का ऑक्सफोर्ड* के रूप में विख्यात इस संस्थान का नाम आधुनिक भारत के सबसे पहले विश्वविद्यालयों में लिया जाता है। उन्होंने कहा कि पं. गोविन्द वल्लभ पन्त, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा, पूर्व प्रधानमंत्री गुलजारी लाल नन्दा, विश्वनाथ प्रताप सिंह सहित देश के प्रमुख महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों ने इलाहबाद विश्वविद्यालय से ही शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय पुरा छात्र परिषद के सदस्यों से अपने- अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए समाज की उन्नति और राष्ट्र के विकास के सहभागी बनने का आह्वान किया। राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस पंकज मित्थल ने अपने संबोधन में कहा कि हलाहाबाद विश्वविघालय के पूर्व छात्रों के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के कारण इस संस्थान का अपना अलग ही गौरव है। उन्होंने संविधान की संस्कृति के प्रसार के लिए राज्यपाल द्वारा किए जा रहे प्रयासों का स्वागत करते हुए संविधान पार्कों की स्थापना को उल्लेखनीय पहल बताया। सिक्किम उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एसएन भार्गव ने विश्वविद्यालय से जुड़े अपने संस्मरण सभी के साथ साझा किए। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने विश्वविद्यालय की पुरानी गरिमा को पुन:स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे ने अपने संबोधन में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के 135 वर्ष के गौरवशाली अतीत के बारे में जानकारी दी। इलाहबाद विश्वविद्यालय पुराछात्र परिषद के अध्यक्ष सुरेश कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय की गरिमा एवं सम्मान और बढ़ाने के लिए सभी पूर्व छात्र-छात्राओं से प्रयास करने का आह्वान किया।

## भ्रष्टाचारियों के नाम का पर्दाफाश करना सराहनीय

**हिसार ( हिंस )।** सतर्कता जागरुकता सप्ताह के तहत राज्य सरकार की भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत बनाने की मुहिम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने वाले शिकायतकर्ताओं के लिए विभाग के महानिदेशक के निर्देशानुसार रविवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा ने रिश्वत लेने वाले भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत करने वाले 31 शिकायतकर्ताओं व एक अन्य व्यक्ति झज्जर निवासी राजेश कौशिक को सम्मानित किया। विजीलेंस के पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा ने शिकायतकर्ताओं का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि आपने भ्रष्टाचारियों के नाम का पर्दाफाश करके ईमानदार समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाई है। आज के दौर में शिकायत करना आसान नहीं है क्योंकि समाज में भ्रष्ट लोगों की संख्या काफी ज्यादा है। शिकायत के बाद शिकायतकर्ता को मामले के निपटारे तक कई दबावों का सामना करना पड़ता है। प्रदेश में भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने के लिए आप सभी ने राष्ट्र सेवा में अपना अमूल्य योगदान दिया है। पुलिस अधीक्षक ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं के बारे में पूछा गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति हरियाणा सरकार के खजाने से वेतन प्राप्त करता है। चाहे वह किसी भी विभाग में किसी भी पद पर कार्यरत हो, के द्वारा किसी भी सरकारी कार्य के लिए रिश्वत की मांग करता है तो इस संबंध में आम जनता का कोई भी व्यक्ति बिना किसी भी भय के अपनी शिकायत दूरभाष द्वारा राज्य चौकसी ब्यूरो हरियाणा के टोल फ्री नंबर 1800-180-2022 व 1064 व व्हाट्सएप नंबर 09417891064 व ईमेल पर या पुलिस अधीक्षक राज्य चौकसी ब्यूरो हिसार मंडल हिसार के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से हाजिर होकर अथवा दूरभाष नंबर 01662-275280 पर दे सकते है।

# उद्घाटन मुकाबले में युवा राजपूत सभा की शानदार जीत

## क्रिक जम्मू 22 सीजन-1 टूर्नामेंट



**जम्मू।** युवा राजपूत सभा ने यहां कंट्री क्रिकेट स्टेडियम घरोटा में खेले जा रहे क्रिक जम्मू 22 सीजन 1 टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में मीडिया-इलेवन क्रिकेट क्लब जम्मू को 37 रनों के अंतर से हराया। युवा राजपूत सभा ने पहले खेलते हुए राजन सिंह (हैप्पी) के नेतृत्व में 10 ओवर में 93 रन का लक्ष्य रखा। हैप्पी सिंह 19 गेंदों में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 25 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। प्रीतम दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे जिन्होंने 16 गेंदों में 20 रन बनाए। मीडिया इलेवन की ओर से देव, अरुण, अजितेश और सुनील ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मीर इमरान की अगुवाई वाली मीडिया इलेवन लक्ष्य का पीछा करने में नाकाम रही और 10 ओवर में सभी विकेट खोकर 56 रन पर सिमट गई। देव ने 15 गेंदों में एक चौके की मदद से 12 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनाए। दिनेश्वर सिंह 9 गेंदों में 11 रन बनाकर दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। युवा राजपूत सभा से, सुरिंदर सिंह ने 2 विकेट ली। राजस्थान रॉयल्स के पूर्व इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिलाड़ी अमित उनियाल टूर्नामेंट के इवेंट एंबेसडर थे। युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से गुरवंश सिंह सोलर सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। पुनीत महाजन (प्रणव महाजन के भाई जो रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और एक एथलीट थे और अप्रैल 2022 में निधन हो गया) मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर महापौर जम्मू नगर निगम (जेएमसी) राजिंदर शर्मा और बाबा चंचल भी विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर बोलते हुए पुनीत महाजन ने युवाओं से खेल गतिविधियों में भाग लेने और असामाजिक गतिविधियों में शामिल न होने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों का सेवन न केवल नशेड़ी बल्कि उनके परिवारों को भी बर्बाद कर देता है, इसलिए युवाओं को खुद को नशीले पदार्थों से दूर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि शरीर को मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रखने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए युवाओं को इसमें भाग लेना चाहिए। बाबा चंचल ने कहा कि नशीले पदार्थों के तस्करों के खिलाफ धर्मयुद्ध शुरू किया जाना चाहिए, जो युवा पीढ़ी के भविष्य को नष्ट करने के लिए नरक में हैं। राजेश कुमार वर्मा, हवन कुमार और रोहित महाजन, जीएसएसएस प्राइवेट लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक, मुख्य कार्यक्रम के आयोजक हैं।

# पाली नगर परिषद की सभापति रेखा भाटी भाजपा से निलंबित



**पाली ( हिंस )।** नगर परिषद ठेकेदार हनुमान सिंह राजपुरोहित की आत्महत्या व सभापति रेखा भाटी व पार्षद राकेश भाटी के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद भाजपा पार्षदों ने भी उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया। विरोध को देखते हुए भाजपा ने सभापति रेखा भाटी को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने सभापति को 15 दिन का समय दिया है। इसमें वे इस घटनाक्रम को लेकर अपना पक्ष रख सकती है। कई पार्षदों ने जिलाध्यक्ष से सवाल किया कि पार्षद राकेश भाटी का नाम भी सुसाइड नोट में है। फिर उन्हें भाजपा की सदस्यता से निलंबित क्यों नहीं किया गया। मामले में भाजपा जिलाध्यक्ष मंशाराम परमार ने बताया कि नगर परिषद सभापति पद पर रेखा भाटी है। इसलिए उन्हें निलंबित करने की कार्रवाई प्रदेश अध्यक्ष ने की। पार्षद राकेश भाटी को पार्टी की सदस्यता से निलंबित क्यों नहीं किया इसको लेकर बात करेंगे। सभापति रेखा-राकेश भाटी और पार्षदों में गतिरोध पिछले काफी समय से चल रहा है। पूर्व उपसभापति मूल सिंह भाटी से लेकर पार्षद किशोर सोमनानी, जय जसवानी, तेजाराम भायल, राधेश्याम चौहान, विकास बुबकिया, बलवंत पेटल सहित कई पार्षद उनके काम नहीं होने की शिकायत कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि ठेकेदार हनुमान सिंह राजपुरोहित के आत्महत्या करने के बाद एक बार फिर पार्षद सभापति और उनके पति को निलंबति करने की मांग पर अड़ गए थे। ऐसे में भाजपा प्रदेश महामंत्री मदन दिलावर शनिवार शाम को पार्षदों की बात सुनने पाली पहुंचे थे लेकिन जब उन्होंने कहा कि निलंबन की कार्रवाई प्रदेश अध्यक्ष करेंगे वे रिपोर्ट बनाकर उन्हें सौंप देंगे। इस पर पार्षद नाराज हो गए थे। उन्होंने शनिवार रात को डिस्ट्रिक्ट क्लब में धरना दिया था और हंगामा किया था। नगर परिषद के ठेकेदार हनुमान सिंह राजपुरोहित ने ढाबर गांव में शुक्रवार शाम को फांसी लगाकर जान दे दी थी। उनकी जेब से सुसाइड नोट

# संयंत्र और सूक्ष्मजीव विज्ञान पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

**जम्मू।** यूजीसी-एसएपी द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी *प्लांट एंड माइक्रोबियल साइंसेज: अचीवमेंट्स एंड वे फॉरवर्ड* पर आज यहां वनस्पति विज्ञान विभाग, जम्मू विश्वविद्यालय में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर जम्मू विश्वविद्यालय के पूर्व उपकुलपति प्रो एम के धर मुख्य अतिथि थे, जबकि प्रो आर एन गोहिल एक प्रसिद्ध साइटो-जेनेटिकिस्ट और विभाग के पूर्व प्रमुख विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर बोलते हुए, प्रो मनोज कुमार धर ने मूल्य शिक्षा और आज की दुनिया में इसकी प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान प्रस्तुत शोध पत्रों की गुणवत्ता की भी सराहना की और भविष्य के अनुसंधान प्रयासों की जिम्मेदारी लेने में युवा शोधकर्ताओं की भूमिका की सराहना की। बिल्डर जैसे कई अवसर विश्वविद्यालय के दरवाजे पर हैं जिसमें विभाग




भविष्य में इस तरह के और कार्यक्रम आयोजित करेंगे। उनके अनुसार, राष्ट्रीय वित्त पोषण एजेंसियों के साथ कई अन्य नई योजनाएं हैं जिन्हें देश के अनुसंधान केंद्रों और संस्थानों द्वारा अनुसंधान जारी रखने के लिए हथिया लिया जा सकता है। उन्होंने प्रोफेसर ए के कौल, प्रोफेसर एमसी शर्मा और अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्यों ने राष्ट्रीय संगोष्ठी को सबसे पेशेवर तरीके से आयोजित करने के लिए वनस्पति विज्ञान विभाग को बधाई दी। प्रो. आर एन गोहिल ने अपनी टिप्पणी में सहयोगी अनुसंधान के महत्व को रेखांकित किया और आशा व्यक्त की कि वनस्पति विज्ञान विभाग, जम्मू विश्वविद्यालय निश्चित रूप से कुलपति प्रोफेसर उमेश राय के गतिशील नेतृत्व में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। प्रो गोहिल ने कार्य संस्कृति और वनस्पति विज्ञान विभाग के संकाय और शोधार्थियों के समर्पण की सराहना की। उनके अनुसार विभाग भविष्य में अनुप्रयुक्त अनुसंधान करने के लिए और अधिक अनुदान प्राप्त करने में सक्षम है। प्रो. नम्रता शर्मा, उप समन्वयक एसएपी डीआरएस 2, ने कहा कि एसएपी (डीआरएस 2) विभाग के तहत यूजीसी द्वारा उदार धन के साथ, जम्मू विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में इस संगोष्ठी का आयोजन करने में सक्षम था। प्रो. शर्मा के अनुसार संस्थानों को इस तरह की फंडिंग प्रक्रियाओं की हमेशा आवश्यकता होती है क्योंकि इससे कार्य संस्कृति को मजबूत करने और अच्छे शोध प्रकाशन प्राप्त करने में मदद मिलती है।

# डेंगू के आठ नए मामलों सहित कुल मरीजों की संख्या पहुंची 225

**अंबाला।** डेंगू के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। शनिवार को भी जिले में आठ मामलों की पुष्टि हुई है। इसके बाद जिले में डेंगू के कारण बीमार होने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर 225 पहुंच गई है। डेंगू के नए मामले मिलने के साथ ही प्लेट्लेट्स की मांग भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अधिकतर इसमें ओ नेगेटिव सहित अन्य नेगेटिव ब्लड ग्रुप वाले मरीज शामिल हैं। जिन्हें प्लेट्लेट्स की बहुत अधिक आवश्यकता पड़ रही है। यह प्लेट्लेट्स की मांग पूरी करना रक्तसेवक सोसायटी के लिए भी पूरा कर पाना मुश्किल हो रहा है। कई तरह के प्रयास के बाद रक्तदानी मिल पा रहे हैं। इस दौरान जो रक्तसेवक अपने प्लेट्लेट्स दे रहे हैं। वह अगले एक माह व तीन माह के लिए रक्त व प्लेट्लेट्स नहीं दे सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डेंगू के लक्षण वाले मरीजों की टेस्टिंग लगातार की जा रही है। इससे कि मरीजों में डेंगू की पुष्टि जल्द से जल्द हो सके। इसके साथ ही उनका सही उपचार भी हो। इसके अलावा पिछले दिनों स्वास्थ्य विभाग के पास आई करीब 6 हजार रेपिड टेस्टिंग किट का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। जो कि काफी हद तक स्वास्थ्य विभाग के लिए सहयोगी साबित हो रहा है। इस दौरान जिन भी मरीजों में डेंगू की पुष्टि हो रही है।

# 2023 में कांग्रेस का पूरा हो जाएगा सूपड़ा साफ : अरूण सिंह

**जयपुर ( हिंस )।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने कहा है कि उपचुनाव में सहानुभूति की लहर होती हैं। इस कारण सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार भले ही उपचुनाव की सीटें जीतती रही हो, लेकिन 2023 के विधानसभा चुनावों में गहलोत सरकार का राजस्थान से सूपड़ा साफ हो जाएगा। चूरू जिले की सरदार शहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव घोषित हो चुका है। सरदारशहर सीट सात बार के कांग्रेस विधायक भंवरलाल शर्मा के निधन से खाली हुई है। यहां कांग्रेस शर्मा के बेटे अनिल शर्मा को मैदान में उतार सकती है। विधायकों के निधन से राजस्थान में खाली हुई सीटों पर पिछले कई उपचुनाव में सहानुभूति लहर हावी रही है। अरूण सिंह का कहना है कि उपचुनाव की बात अलग होती है। सहानुभूति लहर होती है। बीजेपी चुनाव जीतने के लिए लड़ती है। लेकिन, हमारा मुख्य टारगेट 2023 का विधानसभा चुनाव है। उसी को देखकर पूरी रणनीति बना रहे हैं। अरुण सिंह ने कहा कि भाजपा संगठन और कार्यकर्ताओं आधारित पार्टी है। हम संगठन की ताकत से पूरी मजबूती के साथ राजस्थान की जनता के मुद्दों को उठाएंगे। जनता त्रस्त है। जनता त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रही है। युवा और किसान परेशान है। उनके मुद्दों के साथ हम आगे बढ़ेंगे और गहलोत सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। 2023 विधानसभा चुनाव में बीजेपी प्रचंड बहुमत के साथ जीतने जा रही है। कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो जाएगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में विजय का रथ पूरे देशभर में निकला है। हर जगह जीत हासिल हो रही है। गुजरात और हिमाचल में बीजेपी की प्रचंड जीत होने वाली है। राजस्थान में भी प्रचंड जीत के साथ हम आगे बढ़ेंगे। उन्होंने भाजपा में गुटबाजी की बात को मीडिया का आकलन बताते हुए कहा कि भाजपा के सभी नेता एकजुट होकर एकमत से काम कर रहे हैं।

# जर्मन आर्ट स्कूल के विद्यार्थी राजस्थानी रंगों से रूबरू

**जयपुर ( हिंस )।** डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान ने रविवार को जेकेके में कला शिविर में *म्हारो राजस्थान* का आयोजन किया तथा प्रदर्शनी में स्टॉल का उद्घाटन टन किया। कार्यक्रम में जर्मन आर्ट स्कूल के विद्यार्थी राजस्थानी कलाकारों से रूबरू हुए एवं राजस्थानी कला एवं संस्कृति को समझा। उन्होंने चित्रकारी पेटिंग्स की विविध कलाओं के कलाकारों से जर्मन कला को साझा किया। इस अवसर पर डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान की अध्यक्ष श्रेया गुहा ने कहा कि राजस्थान विश्व में पहला प्रांत है जहां क्षेत्रीय काउंसिल का गठन कर पंजीयन किया गया। कोविड के दौरान ऑनलाइन इंवेट किए और अब ऑफलाइन इंवेट के माध्यम से ड्रामा, डांस, थिएटर, आर्ट को प्रमोट कर रहे है। युवाओं को प्रोत्साहित कर रहे हैं। कलाकारों के लिए खेल का आयोजन किया जाएगा एवं उन्हें वैश्विक



मंच प्रदान किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय डेल्फिक काउंसिल के महासचिव रमेश प्रसन्ना ने कहा कि कल्चर वेल्यू को क्षेत्रीय स्तर पर शुरू करने के उद्देश्य से डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान की शुरुआत की गई है। गॉड अपोलो की थीम व हारमनी की तर्ज पर डेल्फिक काउंसिल की शुरुआत अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर की गई हैं। उन्होंने कहा कि आपसी भाईचारा, संस्कृति व परंपराओं को कायम रखना तथा विश्व में प्रसार करना इसका उद्देश्य है। डेल्फिक काउंसिल ऑफ जम्मू एंड कश्मीर के अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि डेल्फिक काउंसिल राजस्थान बहुत अच्छा कार्य कर रही है। वैश्विक स्तर पर राजस्थान के कार्यों की चर्चा हैं। जर्मन आर्ट स्कूल की इन्स लेक्सचुस ने कहा कि यहां आमंत्रित करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मुझे युवा लोगों से मिलना, विभिन्न संस्कृति को समझना अच्छा लगता है। कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन कर राजस्थान ने एक प्रेरणा दी है। ऐसे प्लेटफॉर्म पर जर्मन कलाकारों को अपनी कला को आदान-प्रदान करने एवं सीखने का एक बेहतर अवसर मिलेगा।



# ट्विटर की ब्लू टिक वाली स्कीम 5 देशों में शुरू: अभी आईओएस यूजर्स को देना होगा चार्ज; ट्विटर के को-फाउंडर ने लोगों से माफी मांगी

**नई दिल्ली।**
ट्विटर पर ब्लू टिक के लिए 8 डॉलर वाले प्लान की शुरुआत हो चुकी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिलहाल ये प्लान आईओएस यूजर्स के लिए ही शुरू किया गया है। इस स्कीम की शुरूआत अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और ब्रिटेन में की गई है। वहीं, दूसरी ओर ट्विटर के को-फाउंडर जैक डोर्सी ने कर्मचारियों से माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि ये मेरी ही गलती थी जो मैंने कंपनी को बहुत कम समय में ही बड़ा बना दिया। मैं मानता हूं कि कई लोग मुझसे नाराज हैं, मेरे कारण आप सब ऐसी स्थिति में हैं। ट्विटर में काम करने वाले पूर्व और वर्तमान के लोग मजबूत और प्रतिभावान हैं। वे हमेशा अपना रास्ता खोज लेंगे, चाहे कितना भी कठिन समय ही क्यों न हो। जैक डोर्सी ने लिखा कि मैं सभी का आभारी हूं, जिन्होंने कभी ट्विटर के लिए काम किया। एलन मस्क ने ट्विटर को खरीद कर लगभग 7500 कर्मचारियों में से 3500 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है।ट्विटर के नए मालिक ने ब्लू टिक की कीमत 8 डॉलर यानी करीब 661 रुपए प्रति महीने रखी है। हालांकि, अलग-अलग देशों में इसका चार्ज अलग होगा। भारत में इसकी कीमत क्या होगी, इसके बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। उन्होंने ट्वीट कर साफ कर दिया है कि अब कोई भी पेमेंट कर ब्लू टिक ले सकता है। ब्लू टिक लेने पर यूजर्स को क्या फायदा मिलेगा पेड सब्सक्रिप्शन लेने वालों को 5 तरह की सुविधाएं मिलेंगी। सर्च में प्रायॉरिटी मिलेगी। लंबे वीडियो और ऑडियो पोस्ट कर सकेंगे। नॉर्मल यूजर्स के मुकाबले आधे ऐड्स देखने को मिलेंगे। इनके अलावा, इस फीचर की वजह से स्पैम पर लगाम लगेगी। अगर पब्लिशर्स ट्विटर के साथ कॉन्ट्रैक्ट करते हैं तो वे ब्लू टिक सब्सक्राइबर्स पेड आर्टिकल भी फ्री में पढ़ सकते हैं। इस मामले को 4 सवालों से समझते हैं अभी ब्लू टिक कैसे मिलता है अभी कोई फीस नहीं ली जाती। यूजर्स को कंपनी की तय प्रोसेस के बाद ब्लू टिक दे दिया जाता है। जिस भी यूजर की प्रोफाइल पर ये टिक होता है उसका मतलब वो अकाउंट वैरिफाइड है। अब क्या बदलने वाला है ट्विटर पर ब्लू टिक के लिए यूजर को सब्सक्रिप्शन लेना होगा। अब हर महीने 660 रुपए ( 8 डॉलर) देने होंगे। हालांकि, पेड सर्विस कब से लागू होगी अभी इसकी तारीख तय नहीं है। सभी देशों में फीस बराबर होगी लन मस्क ने कहा कि फीस सभी देशों में अलग-अलग हो सकती है। फीस उस देश की पर्चेजिंग पावर और कैपेसिटी पर निर्भर रहेगी। भारत में ये कितनी होगी, अभी कोई जानकारी नहीं है। हस्तियों की प्रोफाइल पर होगा खास सेकेंडरी टैग जो पब्लिक फिगर है यानी नेता और अभिनेता जैसी हस्तियां उन्हें प्रोफाइल पर सेकेंडरी टैग मिलेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### चांस और स्किल के आधार पर तय होगी ऑनलाइन गेम्स की परिभाषा, फिर तय होगी जीएसटी दर



**नई दिल्ली।** सरकार ऑनलाइन गेम्स पर जीएसटी को लेकर तेजी से काम कर रही है। केंद्र और राज्य सरकार के जीएसटी अधिकारी, विशेषज्ञों के साथ मिलकर सभी ऑनलाइन गेम्स को गेम्स ऑफ स्किल और गेम्स ऑफ चांस में परिभाषित करने को लेकर काम कर रहे हैं, जिससे ऑनलाइन गेम्स पर टैक्स स्ट्रक्चर को बनाया जा सके। सूत्रों ने बताया कि जीएसटी काउंसिल की शनिवार को हुई बैठक में टेक्निकल विषेशज्ञों के साथ मिलकर गेम्स ऑफ स्किल और गेम्स ऑफ चांस की परिभाषा तय करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई थी। ऑनलाइन गेम्स को लेकर जो कमेटी केंद्र सरकार की ओर से बनाई गई है, उसमें सभी राज्य नहीं है। इस कारण ड्राफ्ट रिपोर्ट को उनका पक्ष जानने के लिए सभी राज्यों को भेजा गया है। सूत्रों ने आगे बताया कि मंत्रियों का समूह काउंसिल को ऐसी रिपोर्ट सौंपना चाहता है, जो कानूनी रूप में पूरी तरह से ठीक हो और कोई भी उसे अदालत में चुनौती न दे पाए। इसके लिए मंत्रियों का समूह सभी पक्षों के साथ बातचीत करना चाहता है। जैसे ही गेम्स ऑफ स्किल और गेम्स ऑफ चांस की परिभाषा तय हो जाएगी।

### एक्सिस बैंक में एफडी पर अब ज्यादा ब्याज: बैंक ने फिक्स्ड डिपॉजिट की ब्याज दरों में किया बदलाव




**नई दिल्ली।** एक्सिस बैंक ने फिक्स्ड डिपॉजिट पर मिलने वाले ब्याज में बढ़ोतरी की है। बैंक ने इंटरेस्ट रेट्स 2 करोड़ रुपए से कम की एफडी पर रिवाइज्ड किए हैं। एक्सिस बैंक की ऑफिशियल वेबसाइट के मुताबिक, नई ब्याज दरें 5 नवंबर 2022 से लागू हो चुकी हैं। अब आपको एक्सिस बैंक में एफडी कराने पर 3.50प्रतिशत से 6.50प्रतिशत तक ब्याज मिलेगा। अब आपको एक्सिस बैंक में 1 साल के लिए एफडी कराने पर 6.25प्रतिशत सालाना ब्याज मिलेगा। इससे पहले देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई और बैंक ऑफ बड़ौदा समेत कई बैंक ने एफडी पर इंटरेस्ट रेट्स बढ़ाए थे। इन सभी बैंकों ने भी इंटरेस्ट रेट्स 2 करोड़ रुपए से कम की एफडी पर बढ़ाए थे। अगर एक वित्त वर्ष में बैंक एफडी पर मिलने वाला ब्याज 40 हजार रुपए से कम है तो इस पर कोई टैक्स नहीं देना होता। यह लिमिट 60 साल से कम उम्र के लोगों के लिए है। वहीं 60 साल से ज्यादा उम्र, यानी सीनियर सिटीजन की एफडी से 50 हजार रुपए तक की आय टैक्स फ्री होती है। इससे ज्यादा आय होने पर 10प्रतिशत टीडीएस काटा जाता है। टैक्स सेविंग एफडी में 5 साल के लिए निवेश करने पर आपको आयकर में भी छूट मिलती है। इसमें जमा मूलधन के साथ ही ब्याज पर भी आपको कोई टैक्स नहीं देना होता। हालांकि यदि आपकी एफडी पर किसी एक वित्तीय वर्ष में कमाया गया ब्याज 10 हजार रुपए से ज्यादा है तो उस पर 10प्रतिशत के हिसाब से टीडीएस कटेगा।

### पीएम मोदी की वजह से राज्यों को टैक्स का 42 फीसदी हिस्सा मिलता है, कश्मीर पर भी दिया बयान



**नई दिल्ली ।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मल सीतारमण ने जम्मू-कश्मीर को जल्द राज्य का दर्जा दिए जाने का संकेत दिया है। राज्यों और केंद्र के संबंधों पर व्याख्यान में वित्त मंत्री ने कहा, राज्यों को कुल कर संग्रह का 42 फीसदी वित्त आयोग के जरिये दिया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर के केंद्र शासित प्रदेश बनने से यह प्रतिशत एक फीसदी घट गया है, जो फिर 42 फीसदी हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना दूसरा विचार किए चौदहवें वित्त आयोग के प्रस्ताव को को मंजूरी दी थी। वित्त वर्ष 2014-15 से पूर्व यह केवल 32 फीसदी था। सीतारमण ने यहां केंद्र-राज्य संबंधों पर एक व्याख्यान देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना किसी हिचकिचाहट के 2014-15 में 14वें वित्त आयोग की इस सिफारिश को स्वीकार कर लिया था कि सभी करों का 42 प्रतिशत राज्यों को देना चाहिए।

# जाड़े की मांग और कम सप्लाई से खाने के तेलों में उछाल, क्या है सरसों, सोयाबीन, सूरजमुखी के नए रेट

**नई दिल्ली ।**
विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों की मांग होने तथा जाड़े में हल्के तेलों की मांग बढ़ने से कीमतों में उछाल आया है। दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सरसों, सोयाबीन और मूंगफली तेल-तिलहन, सीपीओ, पामोलीन और बिनौला तेल कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। बाकी तेल-तिलहनों की कीमतें पूर्व-स्तर पर बनी रहीं। कारोबारी सूत्रों ने कहा कि विदेशी बाजारों में हल्के खाद्य तेलों की मांग होने और इसके मुकाबले आपूर्ति कम होने से खाद्य तेल कीमतों में वृद्धि देखी जा रही है। सूत्रों ने कहा कि सरकार को व्यापक विमर्श के बाद कोई कदम उठाना होगा। इसके साथ ही सूरजमुखी और सोयाबीन तेल के शुल्क-मुक्त आयात का कोटा निर्धारित किये जाने जैसे कदम से बचने की सलाह भी कारोबारी सूत्रों ने सरकार को दी। सूत्रों का कहना है कि इस कदम से खाद्य तेल सस्ता होने के बजाय कम आपूर्ति की स्थिति पैदा होने से महंगे हो गए।



### देश में बढ़े तिलहन का उत्पादन

अभी कोटा प्रणाली के हिसाब से आयातित सूरजमुखी का तेल थोक में 140 रुपये किलो पड़ता है। लेकिन यही तेल कांडला बंदरगाह पर ग्राहकों को थोक में 25 रुपये ऊंचे प्रीमियम पर मिल रहा है। इसी तरह पहले पॉल्ट्री कंपनियों की मांग के कारण सरकार ने तिलहन के डीआयल्ड केक (डीओसी) का आयात 30 सितंबर तक खोल दिया था। जबकि देश में किसानों के पास सोयाबीन की पर्याप्त उपलब्धता थी। खाद्य तेल कीमतों की घट-बढ़ और तमाम अनिश्चितताओं से निकलने का एक सही रास्ता देश में तिलहन उत्पादन बढ़ाना ही हो सकता है। इसके लिए किसानों को सिर्फ प्रोत्साहन एवं संरक्षण जारी रखने की आवश्यकता है।

### कोई नहीं है खुश

सूत्रों ने कहा कि सरकार की तरफ से कोटा प्रणाली शुरू करने से न तो तेल उद्योग, न किसान और न ही उपभोक्ता खुश हैं। इस व्यवस्था को जल्द से जल्द खत्म किया जाना चाहिए। सूत्रों ने कहा कि किसानों को सोयाबीन, बिनौला और मूंगफली के लिए पिछले साल से कम दाम मिल रहे हैं। इसकी वजह से वे बिक्री के लिए मंडियों में कम उपज ला रहे हैं। सोयाबीन प्रसंस्करण संयंत्रों के पास पाइपलाइन में माल कम है। इस वजह से सोयाबीन तेल तिलहन, मूंगफली और बिनौला तेल कीमतों में सुधार है।

### सरसों तेल तिलहन में तेजी

सूत्रों ने कहा कि मंडियों में आवक कम होने से सरसों तेल तिलहन कीमतों में तेजी है। सर्दियों में हल्के तेलों की मांग बढ़ने का भी सरसों के साथ साथ बाकी तेल तिलहन कीमतें बढ़ी हैं। सूत्रों ने कहा कि वैसे तो जाड़े में सीपीओ और पामोलीन तेल की मांग कम हो जाती है। लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध जारी रहने और सूरजमुखी जैसे खाद्य तेलों की आपूर्ति प्रभावित होने और सस्ता होने की वजह से कच्चे पामतेल और पामोलीन तेल की वैश्विक मांग बढ़ी है। इसकी वजह से सीपीओ और पामोलीन तेल कीमतों में सुधार आया।

### शनिवार को तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे

- सरसों तिलहन - 7,425-7,475 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपये प्रति क्विंटल।
- मूंगफली - 6,900-6,960 रुपये प्रति क्विंटल।
- मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 16,000 रुपये प्रति क्विंटल।
- मूंगफली रिफाइंड तेल 2,575-2,835 रुपये प्रति टिन।
- सरसों तेल दादरी- 15,350 रुपये प्रति क्विंटल।
- सरसों पक्की घानी- 2,330-2,460 रुपये प्रति टिन।
- सरसों कच्ची घानी- 2,400-2,515 रुपये प्रति टिन।
- तिल तेल मिल डिलिवरी - 18,800-20,500 रुपये प्रति क्विंटल।
- सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,200 रुपये प्रति क्विंटल।
- सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 14,850 रुपये प्रति क्विंटल।
- सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 13,500 रुपये प्रति क्विंटल।
- सीपीओ एक्स-कांडला- 9,500 रुपये प्रति क्विंटल।
- बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 13,700 रुपये प्रति क्विंटल।
- पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 11,100 रुपये प्रति क्विंटल।
- पामोलिन एक्स- कांडला- 10,200 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।
- सोयाबीन दाना - 5,550-5,600 रुपये प्रति क्विंटल।
- सोयाबीन लूज 5,360-5,410 रुपये प्रति क्विंटल।
- मक्का खल (सरिस्का) 4,010 रुपये प्रति क्विंटल।

# शीर्ष दस में से सात कंपनियों का पूंजीकरण 1.33 लाख करोड़ रुपये बढ़ा, इस कंपनी को सबसे अधिक बढ़त



**नई दिल्ली ।**
इक्विटी बाजारों में तेजी के रुख के बीच शीर्ष दस मूल्यवान कंपनियों में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बीते हफ्ते 1,33,707.42 करोड़ रुपये बढ़ गया। सर्वाधिक बढ़त रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) में दर्ज की गई।
पिछले हफ्ते बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 990.51 अंक यानी 1.65 प्रतिशत बढ़ा। इससे शीर्ष कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई।

### इन कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा

शीर्ष दस मूल्यवान कंपनियों में आरआईएल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), एचडीएफसी लिमिटेड और आईटीसी का पूंजीकरण बढ़ा। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) और भारती एयरटेल के पूंजीकरण में गिरावट दर्ज की गई। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी आरआईएल का बाजार पूंजीकरण पिछले हफ्ते 44,956.5 करोड़ रुपये बढ़कर 17,53,888.92 करोड़ रुपये हो गया। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी आरआईएल का बाजार पूंजीकरण पिछले हफ्ते 44,956.5 करोड़ रुपये बढ़कर 17,53,888.92 करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी बैंक का पूंजीकरण 22,139.15 करोड़ रुपये बढ़कर 8,34,517.67 करोड़ रुपये हो गया। एसबीआई के पूंजीकरण में 20,526.61 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई और इसका मूल्यांकन बढ़कर 5,29,898.82 करोड़ रुपये हो गया। वहीं टीसीएस का पूंजीकरण 19,521.04 करोड़ रुपये बढ़कर 11,76,860.69 करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी लिमिटेड का बाजार पूंजीकरण 16,156.04 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 4,52,396.31 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान आईटीसी के पूंजीकरण में 9,861.07 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई और मूल्यांकन 4,38,538.73 करोड़ रुपये हो गया।

# आरबीआई रेपो दर में कर सकता है वृद्धि, पंजाब एंड सिंध बैंक का शुद्ध लाभ हुआ 278 करोड़ रुपये

**दिल्ली ।**
भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) उच्च मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने के लिए फिर से रेपो दर में बढ़ोतरी कर सकता है। पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक स्वरूप कुमार साहा का कहना है कि आरबीआई रेपो दर में 45 से 50 आधार अंकों की बढ़ोतरी कर सकता है। उन्होंने बताया कि पंजाब एंड सिंध बैंक रेपो रेट में 50 आधार अंकों की बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहा है।

### दरों में बढ़ोतरी को लेकर जल्द फैसला हो सकता है

स्वरूप कुमार साहा ने कहा कि बैंक ऑफ इंग्लैंड ने ब्याज दर में वृद्धि की है और हम लगता है कि भारतीय रिजर्व बैंक भी रेपो दर में 45 से 50 आधार अंकों की बढ़ोतरी करेगा। साहा ने कहा कि अब बाजारों द्वारा इस पर काफी हद तक छूट दी जा सकती है। इससे आगे कुछ भी इस बात पर निर्भर करेगा कि भविष्य में वैश्विक गतिशीलता कैसे काम करेगी। मेरा व्यक्तिगत विचार है कि दर वृद्धि चक्र भविष्य के निकट चरम पर है। मुझे लगता है कि जल्द ही दरों में बढ़ोतरी को लेकर फैसला लिया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि आरबीआई एक या दो तिमाहियों के लिए रेपो दर में वृद्धि करेगा, जिससे महंगाई का पता लगाया जाएगा। आरबीआई के मार्गदर्शन के अनुसार, पहले सामान्य स्थिति होगी उसके बाद मुद्रास्फीति नियंत्रण में आ जाएगी। पंजाब एंड सिंध बैंक ने शनिवार को कहा कि फंसे कर्ज में कमी के कारण उसका शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 23 की दूसरी तिमाही में 27 प्रतिशत बढ़कर 278 करोड़ रुपये हो गया है। एक साल पहले की समान अवधि में बैंक को 218 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। पीएसबी ने शनिवार को शेयर बाजारों को दी गई जानकारी में कहा कि वित्त वर्ष 2013 की जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान बैंक की कुल आय बढ़कर 2,120.17 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2012 की इसी अवधि में 1,974.78 करोड़ रुपये थी।




# 7 नवंबर से महंगी होने वाली हैं टाटा की गाड़ियां: कंपनी ने कीमतों में 0.90प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का फैसला किया, इस साल चौथी बार बढ़ाए दाम

**नई दिल्ली।**
टाटा मोटर्स की कारें खरीदना अब और महंगा होने वाला है। कंपनी ने बताया कि टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स की कीमतों में 0.90प्रतिशत की बढ़ोतरी करने जा रहा है। ये बड़ी हुई कीमतें 7 नवंबर से लागू हो जाएंगी। टाटा के पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में सफारी, हैरियर, अल्ट्रोज, नेक्सन, टियागो और टिगोर जैसी कारें हैं। ये इस साल में ये चौथे बार है जब टाटा मोटर्स ने गाड़ियों के दाम बढ़ाए हैं।

**वैरिएंट और मॉडल के हिसाब से बढ़ेंगे दाम** – टाटा मोटर्स के मुताबिक इसकी पैसेंजर व्हीकल्स की कीमतों में औसतन 0.90प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाएगी। हालांकि कीमतें कितनी बढ़ेंगी, यह वैरिएंट और मॉडल के हिसाब से है यानी कि सभी गाड़ियों की कीमतों में अलग-अलग बढ़ोतरी होगी।

**जुलाई में भी बढ़ाए थे दाम** – टाटा मोटर्स ने इससे पहले लागत बढ़ने के चलते जुलाई में भी कीमतों में बढ़ोतरी की थी। पैसेंजर गाड़ियों के दाम 0.55प्रतिशत बढ़ाए थे। इससे पहले अप्रैल में भी दाम करीब 1.1प्रतिशत बढ़ाए थे। इतना ही नहीं इससे पहले जनवरी 2022 में भी कंपनी ने अलग-अलग मॉडल और वैरिएंट के आधार पर 0.9प्रतिशत का इजाफा किया था। उस वक्त भी इनपुट कोस्ट बढ़ने की वजह से कीमतें बढ़ाई गई थीं।



**अक्टूबर में 15.49प्रतिशत बढ़ी गाड़ियों की बिक्री** – अक्टूबर 2022 में टाटा मोटर्स की कुल बिक्री सालाना आधार पर 15.49प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,335 यूनिट पर रही थी। पिछले साल की इसी अवधि में कंपनी ने 67,829 वाहन बेचे थे। अक्टूबर महीने में टाटा मोटर्स के कुल घरेलू बिक्री में सालाना आधार पर 17प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,537 यूनिट रही। जो कि 2021 के अक्टूबर महीने में 65,151 यूनिट थी। अक्टूबर 2022 में टाटा मोटर्स ने इलेक्ट्रिक व्हीकल सहित घरेलू बाजार में कुल 45,423 पैसेंजर व्हीकल बेचे। जबकि अक्टूबर 2021 में कंपनी ने घरेलू बाजार में कुल 34,155 पैसेंजर व्हीकल बेचे थे। टाटा मोटर्स ने सितंबर महीने के आखिर में अपनी लोकप्रिय हैचबैक टाटा टियागो का इलेक्ट्रिक वेरिएंट लॉन्च किया था। इसकी शुरुआती कीमत 8.49 लाख रुपए है।

# मेदांता चेयरमैन ने कहा आईपीओ से आए पैसे से कर्ज खत्म करेंगे, हर राज्य में एक हॉस्पिटल शुरु करने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।**
**मेदांता हॉस्पिटल्स ऑपरेट करने वाली ग्लोबल हेल्थ का आईपीओ खुल चुका है। इसमें आप 7 नवंबर यानी सोमवार तक पैसा लगा सकते हैं। 3 नवंबर को खुला ये आईपीओ 2 दिन में 49प्रतिशत सब्सक्राइब हो चुका है। ग्लोबल हेल्थ इस आईपीओ के जरिए 2205.57 करोड़ रुपए जुटाने का प्लान बना रही है। इसमें 500 करोड़ रुपए के फ्रेश इश्यू और 1705.57 करोड़ का ऑफर फॉर सेल के जरिए मिलेंगे। आईपीओ का प्राइस बैंड 319-336 रुपए है।**




सबसे पहले हम इस रकम से अपना कर्ज कम करेंगे। अभी कंपनी पर ग्रॉस डेट 800 करोड़ रुपए और कैश 500 करोड़ रुपए है। यानी हमारा नेट डेट 300 करोड़ रुपए है। कर्ज करने से हमारी बैलेंस शीट मजबूत होगी। बैलेंस शीट मजबूत होने से हमारे एक्सपेंशन प्लान को रफ्तार मिलेगी।

वो राज्य के सेंटर में हो ताकि ज्यादा से ज्यादा आबादी को बेहतर मेडिकल सर्विसेज मिल सकें। जैसे गुड़गांव का हॉस्पिटल पूरे दिल्ली-एनसीआर को सर्व कर रहा है। ऐसे ही लखनऊ, पटना के हमारे हॉस्पिटल उत्तर प्रदेश और बिहार में रहने वाले लोगों को सर्विस दे रहे हैं। आने वाले समय में हम नोएडा में भी हॉस्पिटल खोलने जा रहे हैं। हमारा मकसद देश की ज्यादा से ज्यादा आबादी तक पहुंच बनाना है।

हॉस्पिटल में अलग-अलग बीमारियों के लिए अलग-अलग डॉक्टर्स का ग्रुप है। जो तय प्रोटोकॉल में ही काम करता है। हमारे यहां हर डॉक्टर फुल-टाइम एम्पलॉय है। यानि वो सिर्फ मेदांता के लिए काम करते हैं। ऐसे में सभी फोकस्ड वर्किंग कर पाते हैं। तभी हम वर्ल्ड क्लास सर्विस दे पा रहे हैं।

हर हॉस्पिटल में ऐसी टेक्नोलॉजी डेवलप की है जिससे किसी भी तरह का संक्रमण फैल नहीं सकता। देश में पहले कोविड संक्रमित 14 इटैलियन लोगों के ग्रुप को मेदांता में रखा गया था। क्योंकि सुरक्षा के मामले में हमने बेहतर ईको सिस्टम डेवलप कर लिया था। वो आज तक जारी है।

विदेशों में मेदांता का नाम काफी पॉपुलर है। कोविड के पहले इंटरनेशनल पेशेंट्स से 12प्रतिशत रेवेन्यू था। कोविड में इंटरनेशनल ट्रैवल बंद हुआ तो इस पर बुरा असर पड़ा। लेकिन अब फ्लाइट्स फिर से शुरू हो गई हैं। इंटरनेशनल पेशेंट्स की संख्या बढ़नी शुरू हो गई है। ऐसे में मेडिकल टूरिज्म वापस पटरी पर आएगा।

सरकार भी मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा दे रही है। इसके लिए दो स्कीमें- हील इन इंडिया और हील बाई इंडिया भी चलाई गई हैं। सबसे अच्छा ट्रीटमेंट, उचित दामों में मिले। हम सबसे अच्छी दवाएं मरीजों तक पहुंचाना चाहते हैं। डिमांड को देखते हुए भरोसा है कि हमारी ग्रोथ अच्छी रहेगी।12 साल में कंपनी ने 5 हॉस्पिटल शुरू कर लिए हैं। हमारे बेड्स की संख्या 2500 हो गई है। अगले 2 साल में ये बढ़कर 3500 हो जाएगी। कई दूसरी विस्तार योजनाओं को लेकर भी बातचीत हो रही है।

# चंडीगढ़ में शादी करेंगे कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा, कैंसिल किया गोवा का प्लान



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी इंडस्ट्री के सबसे फेमस कपल्स में से माने जाते हैं। दोनों अक्सर एक साथ स्पॉट किए जाते हैं और काफी वक्त साथ में बिताते हैं। भले ही उन्होंने अपने रिश्ते पर चुप्पी साध रखी हो, लेकिन सबको मालूम है कि दोनों एक-दूसरे के प्यार में हैं। मीडिया रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि दोनों जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। उनकी शादी गुपचुप तरीके से होनेवाली है। सूत्रों के अनुसार सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी शादी कर रहे हैं, लेकिन अभी 'कब' और 'कहां' जैसे सवालों के जवाब नहीं हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा के एक करीबी सूत्र ने बताया कि वे एक माह से शादी के लिए जगह की तलाश कर रही है। खबर है कि कियारा और सिद्धार्थ ने चंडीगढ़ की द ओबेरॉय सुखविलास स्पा एंड रिसॉर्ट्स को चुना है। यहीं पर राजकुमार राव और पत्रलेखा ने भी विवाह किया था। सूत्र ने बताया कि पहले वे गोवा में विवाह करना चाहते थे, लेकिन बाद में उन्होंने गोवा में शादी करने का इरादा छोड़ दिया। पंजाब में रिश्तेदारों से बातचीत के बाद दोनों ने चंडीगढ़ को विवाह के लिए चुना है। जब से उन्होंने कॉफी विद करण में अपने रिश्ते की पुष्टि की है, तब से कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा से शादी को लेकर अक्सर सवाल किए जाते रहे हैं। टॉक शो में सिद्धार्थ और कियारा दोनों ने एक-दूसरे को डेट करने का संकेत दिया।

# 'वेदत मराठे वीर दौड़ले सात' में छत्रपति शिवाजी की भूमिका निभाएंगे अक्षय कुमार



**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार मराठी फिल्म में डेब्यू किया है। एक्टर, निर्देशक महेश मांजरेकर के साथ मराठी पीरियड ड्रामा 'वेदत मराठे वीर दौड़ले सात' में काम कर रहे हैं, इस फिल्म में अभिनेता सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभाएंगे। परियोजना के बारे में बात करते हुए, अक्षय कुमार ने कहा यह मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि छत्रपति शिवाजी महाराज को बड़े पर्दे पर चित्रित करना एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। जब राज सर ने मुझसे कहा तो मुझे आश्चर्य हुआ। मैं पहली बार महेश मांजरेकर के साथ काम करूंगा, और यह एक नया और बेहतरीन अनुभव होने वाला है। अभिनेता-निर्देशक महेश मांजरेकर के लिए ड्रीम प्रोजेक्ट यह फिल्म सात बहादुर योद्धाओं की कहानी पर आधारित है, जिनका एकमात्र उद्देश्य शिवाजी महाराज के स्वराज्य के सपने को साकार करना था, जो इतिहास के सबसे गौरवशाली पन्नों में से एक है। फिल्म का हाल ही में मुंबई में मुहूर्त शॉट कार्यक्रम था, जिसमें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, राजनीतिक नेता और मनसे प्रमुख राज ठाकरे, महेश मांजरेकर, निमार्ता वसीम कुरैशी और फिल्म की स्टारकास्ट ने भाग लिया था। निर्देशक महेश वी मांजरेकर ने कहा वेदत मराठे वीर दौड़ले सात' मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट है, मैं पिछले 7 सालों से इस पर काम कर रहा हूं, यह एक ऐसा विषय है जिस पर इतना ध्यान और शोध की जरूरत है। अब तक की सबसे बड़ी और भव्य मराठी फिल्म और पूरे भारत में रिलीज होने के साथ, मैं चाहता हूं कि लोग सबसे शक्तिशाली हिंदू राजा छत्रपति शिवाजी महाराज की कहानी को जानें। उन्होंने कहा मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभाने के लिए अक्षय कुमार बोर्ड पर हैं, मेरा मानना है कि वह भूमिका के लिए एकदम सही हैं। फिल्म में जय दुधाने, उत्कर्ष शिंदे, विशाल निकम, विराट मडके, हार्दिक जोशी, सत्या, अक्षय, नवाब खान और प्रवीण तारडे भी हैं। वसीम कुरैशी द्वारा निर्मित, 'वेदत मराठे वीर दौड़ले सात', जल्द ही दिवाली 2023 के लिए अपनी नाटकीय रिलीज की तारीख के साथ अपना कैमरा रोल करना शुरू कर देगा। फिल्म मराठी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी।

# मिली की स्क्रीनिंग पर जान्हवी को देखते ही रेखा ने स्नेह से लगाया गले, वायरल हो रहा वीडियो



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड की नवोदित अभिनेत्री जान्हवी कपूर की फिल्म 'मिली' की स्क्रीनिंग पर रेखा भी पहुंचीं। रेखा ने जान्हवी को देखते ही गले से लगा लिया। दोनों के बीच इस खूबसूरत बॉन्डिंग का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो को देख लोग जान्हवी से अधिक रेखा की तारीफ कर रहे हैं। अपने पिता बोनी कपूर के प्रॉडक्शन में बनी फिल्म 'मिली' से एक बार फिर फैन्स के दिलों पर जादू बिखेरने के लिए जान्हवी कपूर तैयार हैं। जान्हवी कपूर की यह फिल्म शुक्रवार 4 नवंबर को रिलीज कर दी गई है और इससे पहले इंडस्ट्री के लोगों के लिए इस फिल्म की स्क्रीनिंग रखी गई। स्क्रीनिंग के मौके पर तमाम सितारों के बीच लंबे समय बाद बॉलीवुड की दिग्गज अदाकारा रेखा भी पहुंचीं। इंटरनेट पर वायरल हो रहा वीडियो इसी कार्यक्रम का है। इस वीडियो में रेखा जान्हवी कपूर को खूब दुलार करती दिख रही हैं। इस दौरान उन्होंने अपनी फ्रेंड श्रीदेवी की बेटी पर भरपूर प्यार लुटाया। उन्होंने जान्हवी को सीने से लगाया और स्नेह से चूमा। जान्हवी पर उसी तरह स्नेह लुटाते देखकर लोगों ने रेखा की जमकर सराहना की। इस वीडियो पर लोगों ने जान्हवी कपूर से अधिक रेखा के लिए कॉमेंट्स किए हैं। लोग उनकी स्टनिंग ब्यूटी की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। कुछ यूजर्स ने लिखा है रेखा की एवरग्रीन ब्यूटी के सामने सारी बॉलीवुड अभिनेत्रियां फेल हैं। यहां बता दें कि रेखा और जान्हवी की यह बॉन्डिंग पहली बार कैमरे पर नहीं दिखी है। इससे पहले भी दोनों के बीच का यह खास कनेक्शन सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर चुका है। साल 1975 में भी एक फिल्म 'मिली' आई थी, जो अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की रोमांटिक ड्रामा फिल्म थी। हालांकि, जान्हवी की 'मिली' की कहानी का उस फिल्म से कोई लेना-देना नहीं है। जान्हवी कपूर की 'मिली' की कहानी एक 24 साल की बीएससी नर्सिंग स्टूडेंट की है। फिल्म में जान्हवी मिली नाम की इसी लड़की के किरदार में हैं। मिली नौदियाल नाम की लड़की फ्रीजर में फंस जाती है और उसे जिंदा रहने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता है।

# मुंबई एयरपोर्ट पर कार से उतरते ही गोविंदा को मिला उनका डुप्लीकेट



सोशल मीडिया पर अक्सर किसी न किसी फेमस स्टार्स के हमशक्ल देखने को मिल जाते हैं। आलिया भट्ट, कैटरीना कैफ, शाहरुख खान समेत कई स्टार्स के हमशकल के वीडियो आप सब ने देखे होंगे या उनके बारे में सुना होगा। लेकिन अब सोशल मीडिया पर एक ऐसा वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमे बॉलीवुड के फेमस स्टार गोविंदा के साथ उनका एक हमशक्ल नजर आ रहा है। हाल ही में गोविंदा को उनकी पत्नी के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। लाल रंग की चमचमाती कार से वह उतरे तो मीडिया ने उन्हें घेर लिया। तभी यहां फूलों का गुलदस्ता लेकर एक महाशय दिखाई दिए, जो एक्टर की फोटो कॉपी थे। दोनों ने मुस्कुराते हुए मुलाकात की। फैन जैसे ही एक्टर के पैर छुने के लिए नीचे झुके, उतने में ही गोविंदा ने उनको रोक लिया। फिर दोनों में कुछ बातें हुईं और एक्टर फ्लाइट पकड़ने के लिए वहां से रवाना हो गए।

सोशल मीडिया पर इस दौरान का पूरा वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं सोशल मीडिया यूजर्स भी इसपर जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- हमशक्ल वाला मुझे रीयल गोविंदा लगा। वहीं दूसरे ने लिखा- असली वाला तो एयरपोर्ट पर ही रह गया। बीवी तो गलत गोविंदा के साथ चली गई। बहरहाल फैंस दो-दो गोविंदा को एक साथ देखकर काफी खुश हैं।

# गोपी-किशन के इस डायलॉग को बोलकर पिता सुनील शेट्टी को परेशानी करती थी आथिया



**मुंबई (ईएमएस)।** रेमो डिसूजा से डांस सीखने वाली अभिनेत्री आथिया शेट्टी बॉलीवुड की उन स्टार किड्स में शामिल हैं जो कई फिल्मों में काम करने के बाद कुछ खास कमाल नहीं कर सकी। बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी की बेटी आथिया ने सूरज पंचोली के साथ साल 2015 में फिल्म हीरो से डेब्यू किया। बेस्ट डेब्यू अभिनेत्री का अवॉर्ड भी आथिया को मिला लेकिन फिल्मी करियर का ग्राफ ऊपर नहीं चढ़ पाया। इन दिनों आथिया क्रिकेटर केएल राहुल की वजह से लाइमलाइट में बनी रहती हैं, लेकिन एक वक्त ऐसा भी था जब अपने पापा को लेकर कंफ्यूज हो गई थीं। आथिया के बचपन में हुए मजेदार किस्से को खुद सुनील शेट्टी ने सुनाया था। आथिया भले ही 30 साल की होने जा रही हैं लेकिन वाकये को याद करसुनील और माना शेट्टी आज भी हंस पड़ते है। साल 1994 में मुकेश दुग्गल के निर्देशन में बनी फिल्म गोपी-किशन की याद भले ही आपको ना हो लेकिन उस फिल्म का मेरे दो-दो बाप वाला एक डायलॉग जरूर याद होगा, ये डायलॉग बहुत पॉपुलर हुआ था और इस पर कई मीम्स भी वायरल हुए हैं। दरअसल, गोपी-किशन फिल्म जब रिलीज हुई थी, तब आथिया करीब 2 साल की नन्ही बच्ची थीं। फिल्म में सुनील शेट्टी डबल रोल में थे। सुनील शेट्टी ने बताया था कि उन्हें भी अंदाजा नहीं था कि मेरे दो-दो बाप वाला डायलॉग इतना हिट हो जाएगा। लेकिन अपने घर में इस डायलॉग को सुन सुन कर परेशान हो गए थे। आथिया भी अपने पापा को देखते ही कहने लगती थी मेरे दो-दो बाप..जो सुनील को पसंद नहीं आता था। जब बेटी बोलती थी, तब उन्हें फनी नहीं लगता था, इसलिए उसे समझाते थे कि ऐसा नहीं बोलते, ये ठीक नहीं है।

# कमल हासन ने बतौर बाल कलाकार की थी करियर की शुरूआत




भारतीय सिनेमा में 60 साल से भी ज्यादा समय से राज करने वाले दिग्गज फिल्म अभिनेता, प्रोड्यूसर और निर्देशक कमल हासन ने फिल्मों से लेकर राजनीति तक का एक कामयाब सफर तय किया है। कमल हासन का जन्म 7 नवंबर 1954 परमकुडी, मद्रास में हुआ था। कमल हासन ने छह साल की उम्र में 1960 में आई तमिल फिल्म 'कलत्तूर कन्नम्मा' से अपने फिल्मी करियर की शुरूआत थी। इस फिल्म में वह बाल कलाकार की भूमिका में नजर आए। इसके बाद उन्होंने तमिल, तेलुगु, मलयालम और हिन्दी भाषाओं की अनेक फिल्मों में अभिनय किया। जिसमें विक्रम, चाची 420, सदमा, चाणक्य, दशावतारम आदि शामिल हैं। कमल हासन ने 1997 में आई फिल्म 'चाची 420 की कहानी लिखी, उसे प्रोड्यूस और डायरेक्ट करने के साथ ही फिल्म में अभिनय भी किया। इसके अलावा उन्होंने हे राम, विरुमान्डी, विश्वरूप, हे राम आदि फिल्मों की कहानी लिखी और उस फिल्म को डायरेक्ट एवं प्रोड्यूस भी किया। साल 2014 में भारत सरकार ने उन्हें फिल्मों में उनके योगदान के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया। कमल हासन अपने 60 साल के फिल्मी करियर में 200 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं। कमल हासन फिल्मों के अलावा अपनी निजी जिंदगी की वजह से भी चर्चा में रहे हैं। उन्होंने दो शादियां की थीं। कमल हासन ने पहली शादी मशहूर डांसर वाणी गणपति से साल 1978 में की थी, लेकिन इन दोनों का रिश्ता केवल 10 साल तक चला और दोनों एक-दूसरे से अलग हो गए। वाणी गणपति से तलाक से पहले कमल हासन की जिंदगी में अभिनेत्री सारिका आईं। कमल हासन और सारिका ने कई फिल्मों में साथ काम भी किया और देखते ही देखते दोनों में प्यार हो गया। जब वाणी को कमल और सारिका के रिश्ते के बारे में पता चला तो उन्होंने अभिनेता से तलाक ले लिया। इसके बाद कमल हासन और सारिका ने लम्बे समय तक रिलेशनशिप में रहने के बाद साल 1988 में शादी कर ली। सारिका और कमल की दो बेटियां हैं। उनकी बड़ी बेटी श्रुति हासन का जन्म उनकी शादी से दो साल पहले 1986 में हुआ था। श्रुति आज फिल्म जगत की जानी मानी अभिनेत्री हैं। वहीं सारिका और कमल की दूसरी बेटी अक्षरा हासन का जन्म 1991 में हुआ था। साल 2004 में सारिका और कमल हासन का तलाक हो गया और दोनों अलग हो गए, लेकिन इसके बावजूद कमल हासन की उनकी बेटियों के साथ एक मजबूत और खास बॉन्डिंग है।

# फिल्म 'फायर' में बोल्ड सीन देकर चर्चा में आई थीं अभिनेत्री नंदिता दास

अपने सशक्त और शानदार अभिनय से देश-विदेश में अपनी खास पहचान बनाने वाली अभिनेत्री एवं निर्देशिका नंदिता दास का जन्म 7 नवंबर 1969 को मुंबई में हुआ था। नंदिता के पिता जाने-माने पेंटर जतिन दास, वहीं उनकी मां वर्षा दास लेखिका हैं। नंदिता ने अपनी पढ़ाई दिल्ली से पूरी की। बचपन से ही उन्हें फिल्मों में अभिनय करने का शौक था। अपनी पढ़ाई पूरी करने बाद नंदिता एक थियेटर ग्रुप से जुड़ गई। इस दौरान उन्होंने कई सामाजिक संगठनों के साथ जुड़कर समाज सेवा भी की। नंदिता दास पहली बार 1989 में आई प्रकाश झा की फिल्म परिणीति में नजर आईं। नंदिता दीपा मेहता की फिल्म फायर से चर्चा में आईं। इस फिल्म में उनके साथ शबाना आजमी भी थीं। यह फिल्म समलैंगिकता पर आधारित थी। फिल्म में बोल्ड अभिनय के लिए उन्हें आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा था। नंदिता दास उन अभिनेत्रियों में से हैं जिन्होंने अभिनय की दुनिया में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। उनकी ज्यादातर फिल्में कंट्रोवर्सी का शिकार होने के बावजूद खूब चली और दर्शकों ने उनके शानदार अभिनय को काफी पसंद किया। नंदिता दास ने हिंदी, अंग्रेजी, मलयालम, कन्नड़ सहित 10 भाषाओं की फिल्मों में अभिनय किया है जिसमें अर्थ, बवंडर, कन्नथिल मुथामित्तल, अझागि, बिफोर द रेन्स, पिता, ढाबा, अलबर्ट पिंटो को गुस्सा क्यों आता है आदि शामिल हैं। इसके साथ ही नंदिता ने कई सफल फिल्मों का निर्देशन भी किया है जिसमें फिराक, इन डिफेंस ऑफ फ्रीडम और मंटो शामिल हैं। नंदिता दास ने अपनी फिल्मों के जरिये सामाजिक कुरीतियों को बहुत शानदार तरीके से उजागर किया है। देश-विदेश में अपने अभिनय की बदौलत उन्होंने एक अलग मुकाम हासिल किया है। नंदिता दास की निजी जिंदगी की बात करें तो उन्होंने साल 2002 में सौम्य सेन से शादी की थी, लेकिन 2007 में दोनों का तलाक हो गया। इसके बाद नंदिता ने मुम्बई के बिजनेसमैन सुबोध मस्कारा को कुछ समय तक डेट करने के बाद उनसे 2 जनवरी 2010 को शादी कर ली। नंदिता और सुबोध मस्कारा का एक बेटा है जिसका नाम विवान है।

## सूडोकु नवताल- 6244

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6243 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## शब्दजाल - 6991

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मं | ग | ल | पां | डे | प | र | तू | ग | झ | सु |
| ज | अ | ल | म | आ | भ | ग | त | सिं | ह | भा |
| चं | द्र | शे | ख | र | आ | जा | द | र | ला | ष |
| ज | कु | अ | उ | बे | ला | क | ल | रि | श | चं |
| स | ति | श | ध | व | दा | ल | क्ष्मी | बा | ई | द्र |
| र | रं | ल | म | व | लि | र्त | अ | ती | प | बो |
| दा | गा | ल | सिं | गा | प | म | श | कौ | या | स |
| र | बा | जीं | ह | त | क | छ | फा | ग | श | थ |
| प | स | म | हा | त्मा | गां | धी | क | शा | जू | द |
| टे | र | ल | म | ह | र | औ | के | स | प | ना |
| ल | औ | ता | त्या | टो | पे | ग | या | दु | र | क |

*शब्दजाल में दस 'स्वतंत्रता सेनानियों' के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीचे व तिरछे भी हो सकते हैं.*

मंगलपांडे, भगतसिंह, तात्या टोपे, महात्मा गांधी, लक्ष्मीबाई, सुभाषचंद्र बोस, अशफाक, चन्द्रशेखर आजाद, उधमसिंह, सरदार पटेल

### शब्दजाल - 6990 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नी | म | गा | ई | ड | र | रे | फा | न | प | खा |
| न | ल | क | प | इं | डो | श | शि | या | ड़ | मो |
| अ | दा | क | ला | र | ग | मा | द | प्रे | प | शी |
| ती | ग | ल | म | ब | दू | औ | प | म | लि | ला |
| त | स | अ | सौ | ल | जा | र | कि | पु | ला | स |
| आ | इ | री | मो | व | आ | शे | त | जा | लू | पा |
| ग | जी | ल | क | व | प | रा | न | री | प्र | स |
| र | रि | भा | र | स | प | स | द | र | रा | वा |
| को | ह | रा | ना | थ | म | ज | जी | न | खी | न |
| न | ट | प | त्थ | र | के | स | न | म | प | श |
| ब | बी | स | सा | ल | बा | द | त्ता | प | क | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5944

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 4 | 5 | 2 | | |
| 3 | 38 | | 33 | | 27 | 1 |
| | 4 | 7 | | 1 | 6 | 3 |
| 2 | 32 | | 35 | | 33 | |
| | 1 | 6 | | | 5 | 2 |
| 1 | 24 | | 35 | | 30 | |
| | 3 | | 7 | 4 | | 5 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 5943 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 | 6 |
| 6 | 34 | 6 | 40 | 7 | 33 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 6 | 4 | 2 | 7 |
| 2 | 22 | 1 | 34 | 5 | 34 | 4 |
| 5 | 1 | 4 | 6 | 3 | 7 | 2 |
| 4 | 30 | 3 | 30 | 6 | 33 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 1 | 6 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore




# 1983 वर्ल्ड कप की यादें ताजा : नीदरलैंड के मर्व ने कपिल जैसा कैच लिया, इसकी वजह से साउथ अफ्रीका सेमी की रेस से बाहर

**मेलबर्न।**

टी-20 वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीकी टीम का सफर रविवार को खत्म हो गया। नीदरलैंड ने ग्रुप-2 के एक मैच में अफ्रीका को 13 रन से हराकर उन्हें सेमीफाइनल की रेस से बाहर कर दिया। खास बात यह है कि अफ्रीका को बाहर करने में सबसे बड़ा हाथ उनके ही देश में जन्में, लेकिन नीदरलैंड से खेलने वाले 37 साल के ऑलराउंडर रोल्फ वान डेर मर्व का रहा।

मर्व ने बेहद अहम मौके पर डेविड मिलर का करिश्माई कैच पकड़ा था। इस कैच ने 1983 के वनडे वर्ल्ड कप के भारत बनाम वेस्ट इंडीज फाइनल की यादें ताजा कर दीं। तब कप्तान कपिल देव ने सर विवियन रिचर्ड्स का करिश्माई कैच लेकर वेस्ट इंडीज की बादशाहत खत्म कर दी थी। कपिल की उस कैच के चलते टीम इंडिया ने क्लाइव लॉयड की कप्तानी वाली वेस्ट इंडीज को फाइनल में हराया था।

**मिलर के कैच से पलट गया मैच** - रोल्फ ने डेविड मिलर का कैच तब पकड़ा, जब उनसे बड़ी पारी की उम्मीद थी। अफ्रीकी टीम 4 विकेट पर 90 रन के स्कोर पर थी। टीम को जीत दिलाने की जिम्मेदारी मिलर पर थी। मिलर ने भारत के खिलाफ ग्रुप मैच इसी तरह की सिचुएशन में आकर मैच जितवाया था। नीदरलैंड के खिलाफ मिलर जब आउट हुए उस समय टीम को जीत के लिए 5 ओवर में 48 रन चाहिए थे। ऐसे में मिलर अगर क्रीज पर रहते तो अफ्रीकी टीम 159 रन के टारगेट को हासिल कर सकती थी। उसी समय में रोल्फ ने मिलर का कैच पकड़ कर बाजी पलट दी। अफ्रीकी पारी के 16वें ओवर की दूसरी गेंद पर मिलर ने बड़े शॉट की कोशिश की। गेंद उनके बल्ले का ऊपरी किनारा लेते हुए हवा में चली गई। बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर फील्डिंग कर रहे रोल्फ वान डेर मर्व ने पीछे की ओर भागते हुए कैच लपक लिया। मिलर के आउट होते ही दक्षिण अफ्रीका की पारी पटरी से उतर गई। आखिर में नीदरलैंड ने मैच 13 रन से अपने नाम किया।

**कपिल देव के कैच की दिलाई याद** - रोल्फ ने जिस तरह से कैच पकड़ा, वैसा ही कैच भारत के कप्तान कपिल देव ने 1983 में पकड़ा था। विवियन रिचर्ड्स के इस कैच के बाद भारत ने पहली बार वनडे वर्ल्ड कप जीता था। दरअसल, वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं थी। पहला विकेट गॉर्डन ग्रीनिज के रूप में महज 5 रन पर गिर गया था। तीन नंबर पर आए दिग्गज विवियन रिचर्ड्स और डेसमंड हेंस ने 45 रन की साझेदारी की। इसके बाद हेंस आउट हो गए। उसके बाद कप्तान क्लाइव लॉयड बल्लेबाजी करने आए। विवियन रिचर्ड्स 7 चौके लगाकर 33 रन पर खेल रहे थे और उनका साथ दे रहे थे लॉयड।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीलंकाई बल्लेबाज दनुष्का पर रेप का आरोपः इंग्लैंड-श्रीलंका मैच के बाद होटल से सिडनी पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में टी-20 वर्ल्ड कप के बीच श्रीलंकाई बल्लेबाज दनुष्का गुणाथिलका को रेप केस के आरोप में शनिवार को सिडनी से गिरफ्तार कर लिया गया। श्रीलंकाई टीम शनिवार को इंग्लैंड से हार कर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल से बाहर हो गई थी। दनुष्का की गिरफ्तारी इंग्लैंड-श्रीलंका मैच के बाद हुई। दनुष्का फिलहाल श्रीलंकाई टीम के 15 खिलाड़ियों के स्क्वाड में शामिल नहीं है। वह क्वालिफाइंग राउंड में इंजरी की वजह से टीम से बाहर हो गए थे। हालांकि वह टीम के साथ ही ट्रैवल कर रहे थे। द ऑस्ट्रेलियन की रिपोर्ट के अनुसार उन पर रेप के चार आरोप लगाए गए हैं। 29 साल की महिला ने उन पर बिना सहमति के सेक्स करने के आरोप लगाए हैं। महिला की मुलाकात गुणाथिलका से डेटिंग ऐप के जरिए हुई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रेप की घटना इस हफ्ते के शुरुआत में सिडनी के एक आवास पर हुई थी। दनुष्का को रात को होटल से गिरफ्तार किया गया और उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। दनुष्का पहले भी इस तरह के विवाद में फंस चुके हैं। साल 2018 में दनुष्का और उनके दोस्त पर नॉर्वे की दो महिलाओं को होटल में लाने का आरोप लगा था। उस होटल में श्रीलंका टीम भी रुकी हुई थी। उनमें से एक महिला ने उनके दोस्त पर रेप का आरोप लगाया था। बाद में उनके दोस्त को पुलीस ने गिरफ्तार किया था, जबकि दनुष्का को टीम से निलंबित भी कर दिया गया था। हालांकि दनुष्का पर महिला ने तब कोई आरोप नहीं लगाया था। श्रीलंका टीम टी-20 वर्ल्ड कप में क्वॉलिफाइंग राउंड के तहत सुपर-12 में पहुंची थी। सुपर-12 में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, अफगानिस्तान और आयरलैंड के साथ श्रीलंका ग्रुप वन में शामिल था। ग्रुप स्टेज के 5 मैचों में टीम ने 2 जीते, वहीं 3 में उसे हार का सामना करना पड़ा था।

### 2022-23 के लिए राउंडग्लास पंजाब फुटबाल क्लब ने घोषित की टीम, रोनाल्डो ओलिवेरा और अजय छेत्री शामिल



**चंडीगढ़** । राउंडग्लास पंजाब फुटबाल क्लब ने आइ-लीग 2022-23 के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। टीम के मुख्य कोच स्टाइकोस वर्गेटिस ने बताया कि टीम एक महीने से अधिक समय से ग्रीक कोच के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रही है और अब तक सात फ्रेंडली मैच खेल चुकी है। हमारा प्री-सीजन अभी तक अच्छा गया है और टीम के साथ अलग-अलग प्रकार की रणनीतियों का प्रयोग करने में सफल रहे हैं। टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा संतुलन है। उन्होंने कहा कि अनुभवी खिलाड़ी आइ-लीग के कई सत्रों में खेल चुके हैं और युवा खिलाड़ी हैं। मुझे विश्वास है कि अपनी क्षमता के अनुसार खेलेंगे। ग्राउंड पर परिणाम की परवाह किए बिना, हमारी टीम पूरे 90 मिनट के खेल में लड़ेगी। चाहे अटैक हो, या डिफेंस हो, खिलाड़ी पूरे समय लड़ते नज़र आएंगे, और मैं प्रशंसकों से अनुरोध करता हूं कि बड़ी संख्या में बाहर आएं और टीम के प्रति अपना समर्थन दिखाएं। उन्होंने क्लब ने आगामी सीज़न के लिए अपने किट का अनावरण किया जो वेलौर ऑफ पंजाब (पंजाब की वीरता) पर आधारित है जिसका अर्थ युद्ध के मैदान पर करो या मरो की सच्ची पंजाबी भावना है। इस जर्सी डिजाइन में आग के रंग और आग की लपटों का एक शैलीबद्ध चित्रण है।

### विराट ने खुद को नहीं माना गोटः गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च किए गए सवालों के जवाब दिए, बोले- गाजर का हलवा पसंद



**नई दिल्ली** । विराट कोहली 5 नवंबर को अपना 34वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर सोशल मीडिया पर विराट का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वो अपने बारे में सबसे ज्यादा बार गूगल किए गए सवालों का जवाब देते दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो स्टार स्पोर्ट्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है।

भारत सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगा

# जिम्बाब्वे को 71 रन से हराया, अश्विन के 3 विकेट ; सूर्या और राहुल के अर्धशतक

**मेलबर्न।**

**टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप अपने आखिरी लीग मैच में जिम्बाब्वे को 71 रन से हरा दिया है। अब सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला इंग्लैंड से 10 नवंबर को एडिलेड में होगा। रविवार को कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला किया। 20 ओवर में 5 विकेट खोकर भारत ने 186 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने 25 बॉल में 61 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 244 रहा। इस दौरान 6 चौके और 4 छक्के लगाए। केएल राहुल ने भी 35 बॉल में 51 रन बनाए। जिम्बाब्वे के लिए सबसे ज्यादा 2 विकेट शॉन विलियम्स ने लिए।**



जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 17.2 ओवर में 115 रन पर ऑलआउट हो गई। अश्विन ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। हार्दिक पंड्या और मोहम्मद शमी को 2-2 विकेट मिले।

भारत ने ग्रुप-2 में अपने 5 में से 4 मुकाबले जीते और 8 अंक के साथ नंबर-1 पर पहुंच गया। इस ग्रुप से क्वालिफाई करने वाली दूसरे टीम पाकिस्तान रही। उसके 5 मैच में 6 अंक हैं। ग्रुप 1 में न्यूजीलैंड पहले और इंग्लैंड दूसरे स्थान पर रहा।

**दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन**

**भारतः** केएल राहुल, रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, आर अश्विन, भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी और अर्शदीप सिंह।

**जिम्बाब्वेः** वेस्ले मधेवेयरे, क्रेग इरविन (कप्तान), रेजिस चकाबवा (विकेटकीपर), शॉन विलियम्स, सिकंदर रजा, मिल्टन शुम्बा, रेयान बर्ल, वेलिंगटन मसाकाद्जा, रिचर्ड एनगरवा, तेंदई चतारा और ब्लेसिंग मुजरबानी।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी को मिला नया चैंपियन

# मुंबई पहली बार चैंपियन, फाइनल में हिमाचल प्रदेश को 3 विकेट से हराया




**कोलकाता।**

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी को नया चैंपियन मिल गया है। मुंबई पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी अपने नाम किया है। फाइनल में मुंबई ने हिमाचल प्रदेश को 3 विकेट से हराया। दोनों ही टीमें पहली बार फाइनल में पहुंची थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए हिमाचल प्रदेश ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 143 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई ने 7 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी हिमाचल की खराब शुरुआत रही। उनके 2 विकेट 20 रन के अंदर ही पवेलियन चले गए। हिमाचल का पहला विकेट 10 रन के स्कोर पर गिरा। ओपनर अंकुश बिन्स 3 गेंदों का सामना कर 4 रन बनाकर अवस्थी की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हो गए। वहीं उसके बाद बल्लेबाजी करने आए सुमित वर्मा भी 7 गेंदों पर 8 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं पावर प्ले में हिमाचल प्रदेश ने 2 विकेट के नुकसान पर 38 रन ही बनाए। हिमाचल की ओर से सबसे ज्यादा इकांत सेन ने 37 रन बनाए। उन्होंने 29 गेंदों का सामना कर 37 रन बनाए। वहींआकाश वशिष्ठ हिमाचल के दूसरे टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने 22 गेंदों का सामना कर 25 रन बनाए।, मुंबई की ओर से मोहित अवस्थी ने 4 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं तनुश कोटिन ने 4 ओवर में 15 रन देकर 3 विकेट लिए। 144 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की शुरुआत भी कुछ खास नहीं थी। पृथ्वी शॉ 11 और कप्तान रहाणे एक रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर ने तीसरे विकेट के लिए 41 रन की साझेदारी कर अपनी टीम को संभाला। इसके बाद जायसवाल 28 गेंद में 27 रन और श्रेयस अय्यर 26 गेंद में 34 रन बनाकर आउट हो गए। चार विकेट गिरने के बाद मुंबई की टीम भी बिखर गई। शिवम दुबे सात रन, अमन हकीम छह रन और शम्स मुलानी दो रन बनाकर आउट हुए। मुंबई को जीत के लिए आखिरी दो ओवर में 23 रन की जरूरत थी और हिमाचल के पास मैच जीतने का मौका था।

# 42वीं एनटीपीसी जूनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में चाईबासा की तीरंदाज रीता सावैंया ने जीता रजत

**चाईबासा।**

**गोवा के पणजी में आयोजित 42वीं एनटीपीसी जूनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप के रिकर्व राउंड वर्ग में झारखंड ने प्रतियोगिता के दूसरे दिन युगल स्पर्धा में मृणाल चौहान व रीता सावैंयां की जोड़ी रजत पदक जीतने में कामयाब हुई।**




तुरतुंग तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र ,सिकुरसाई, चाईबासा के तीरंदाज रीता सावैंया ने वर्ष 2020 में उत्तराखंड , देहरादून में आयोजित 41वीं एनटीपीसी जूनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में उन्होंने स्वर्ण पदक जीती थी। 42वीं एनटीपीसी जूनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप 3-12 नवंबर तक चलने वाली प्रतियोगिता में झारखंड टीम को कंपाउंड राउंड एवं इंडियन राउंड वर्ग में कई पदकें अपनी झोली में भरने के लिए जीतने की उम्मीद हैं। तुरतुंग तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र,सिकुरसाई, चाईबासा के प्रशिक्षक महर्षि महेन्द्र सिंकू को झारखंड टीम के रिकर्व राउंड वर्ग में द्रोणाचार्य अवार्ड पूर्णिमा महतो अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक (टाटा आर्चरी एकेडमी) के साथ संयुक्त रूप से झारखंड टीम के प्रशिक्षक के भूमिका में थे। टीम के जीतने पर तुरतुंग तीरंदाजी केंद्र के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार पाड़ेया, उपाध्यक्ष सुशील कुमार सिंकू, सलाहकार तेज नारायण देवगम , सिध्दार्थ पाड़ेया, हिरामुनि देवगम, सीता पाड़ेया, रानी देवगम, अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक राजेन्द्र गुईया ,हरेन्द्र ,राव सर,प्रकाश ,शिशिर, अन्तर्राष्ट्रीय तीरंदाज हरिश चन्द्र केराई,प्रशिक्षक रोईदास हाईबुरू,गंगाधर नाग,शैलेन्द्र सावैंयां, सुमित, रमेश आदि ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# बेल्जियम-नीदरलैंड मिलकर पुरुष और महिला हॉकी वर्ल्ड कप की करेंगे मेजबानी, 2026 में होंगे टूर्नामेंट

**नई दिल्ली ।**

बेल्जियम और नीदरलैंड को 2026 पुरुष और महिला हॉकी वर्ल्ड कप की मेजबानी संयुक्त रूप से मिली है। दोनों देश मिलकर इन दोनों टूर्नामेंट का आयोजन करेंगे। एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। एफआईएच के कार्यवाहक अध्यक्ष सैफ अहमद की अध्यक्षता में कार्यकारी बोर्ड की वर्चुअल बैठक के दौरान यह फैसला लिया गया।



अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने एक बयान में कहा, संयुक्त आयोजन जुलाई या अगस्त 2026 में एम्स्टर्डम/एम्स्टेलवीन (नीदरलैंड) और वावरे (बेल्जियम) में होगा। इसमें महिला और पुरुष टीमें दोनों स्थानों पर खेलेंगी। सीईओ थियरी वेइल ने कहा, एफआईएच की ओर से मैं उन सभी राष्ट्रीय संघों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मेजबानी के लिए बोली लगाई। थियरी वेइल ने आगे कहा, हमें कई अच्छे प्रस्ताव मिले और इसलिए यह निर्णय लेना एक विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण काम था। हम मौजूदा महिला और पुरुष विश्व और ओलंपिक चैंपियंस क्रमशः नीदरलैंड और बेल्जियम के राष्ट्रीय संघों के साथ काम करने के लिए बहुत उत्सुक हैं। निस्संदेह दोनों मिलकर एक शानदार टूर्नामेंट का आयोजन करेंगे।

अगले साल पुरुष वर्ल्ड कप का आयोजन भारत में होना है। ओडिशा के राउरकेला और भुवनेश्वर को टूर्नामेंट की मेजबानी सौंपी गई है। नीदरलैंड को चौथी बार पुरुष वर्ल्ड कप मेजबानी मिली है। वह इससे पहले 1973, 1998 और 2014 में मेजबानी कर चुका है। महिला वर्ल्ड कप की बात करें तो वह 1986, 2014 और 2022 में इसका आयोजन कर चुका है। बेल्जियम में पहली बार पुरुष और महिला वर्ल्ड कप के मैच होंगे।

# कश्मीर के माहौल की कायल हुई बेटियां, यहां आकर जाना कश्मीर क्या है

**श्रीनगर।**

जब हमने घर से कश्मीर की ओर कदम बढ़ाया तो मन में थोड़ा संकोच और थोड़ा डर भी था। स्वजन भी कुछ चिंचित थे, लेकिन यहां आकर देखा तो अहसास हुआ कि कश्मीर जितना खूबसूरत है, उतना शांत भी। यहां के लोग भी बेहद मिलनसार हैं। प्रशासन की ओर से किए गए प्रबंधों में भी कोई कमी नहीं। हमें मिल रहे प्रोत्साहन से लग ही नहीं रहा कि हम अपने राज्यों से कहीं बाहर और वह भी कश्मीर में खेल रहे हैं। खेलो इंडिया के तहत श्रीनगर के शेर-ए कश्मीर इंडोर स्टेडियम में जारी चार दिवसीय महिला वुशु लीग नार्थ जोन प्रतियोगिता में देशभर से भाग लेने आईं जूनियर और सीनियर महिला खिलाड़ियों ने अपने अनुभव साझा किए। प्रतियोगिता का शनिवार को दूसरा दिन था। महिला खिलाड़ियों ने कहा कि कश्मीर में इस तरह की प्रतियोगिताओं का लगातार आयोजन होना चाहिए, ताकि उन्हें बार-बार कश्मीर आने का अवसर मिल सके। इन खिलाड़ियों ने कहा कि हमने नहीं सोचा था कि कश्मीर की महिला खिलाड़ी मार्शल आर्ट जैसे खेल में आगे आती होंगी, लेकिन इनकी प्रतिभा देखकर हम हैरान हैं। इन खिलाड़ियों को भी अन्य राज्यों में खेलने का अधिक से अधिक मौका मिलना चाहिए। वुशु के जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली हरियाणा की खिलाड़ी बिजनेश ने कहा कि मैं चार वर्षों से इस खेल से जुड़ी हूं। इस दौरान मुझे देश के कई राज्यों में खेले का मौका मिला। कई पदक अपने नाम किए, लेकिन कश्मीर में खेलने का मेरा अनुभव सबसे बेहतर रहा। मुझे खुशी है कि कश्मीर से मैं स्वर्ण पदक लेकर जा रही हूं और यह मेरे लिए एक यादगार प्रतियोगिता रहेगी। जूनियर वर्ग में कांस्य पद जीतने वाली हिमाचल प्रदेश की खिलाड़ी कशिश ने कहा कि कश्मीर का




वातावरण, मौसम हमारे हिमाचल से काफी मिलता जुलता है। मैं पिछले पांच वर्षों से खेल रही हूं। इस दौरान कई राज्यों में खेलने का मौका मिला, लेकिन यहां खेलने का मजा कुछ और ही है। कशिका ने कहा, इस बार यहां से कांस्य पदक लेकर जा रही हूं। अगली बार आऊंगी तो स्वर्ण पजक लेकर जाऊंगी। जन्नत में आना मेरा सपना था : सवेरा सब जूनियर वर्ग में अलग-अलग वर्ग में स्वर्ण, रजत व कांस्य तीनों पदक जीतने वाली हरियाणा की सवेरा ने कहा कि जन्नत (कश्मीर) आना मेरा सपना था, लेकिन मुझे यह पता नहीं था कि यहां मैं खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने आऊंगी, क्योंकि बीते काफी समय से यहां खेल गतिविधियां न के बराबर थीं। अब स्थानीय प्रशासन के खेल ढांचे को मजबूत करने का ही नतीजा है कि हम यहां प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। यहां की स्थानीय खिलाड़ियों के साथ अपना अनुभव साझा करना भी यादगार रहेगा। सीनियर वर्ग की हरियाणा की खिलाड़ी मोनिका ने कहा कि वह यहां की खिलाड़ियों की प्रतिभा देखकर दंग हूं। इससे पहले कश्मीर में महिला खिलाड़ियों को ज्यादा प्रोत्साहन नहीं मिलता था, लेकिन मुझे खुशी है कि अब यहां उन्हें बेहतर मंच उपलब्ध है। मुझे उम्मीद है कि अब सादिया तारिक की तरह यहां और चैंपियान उभर कर सामने आएंगी। जूनियर वर्ग की पंजाब की खिलाड़ी अंकिता ने कहा कि मुझे खुशी हो रही है कि जम्मू कश्मीर की खिलाड़ियों के साथ मंच साझा कर रहे हैं। इससे भी बड़ी खुशी है कि घाटी में खेल रहे हैं। अंकिता ने कहा कि यहां प्रतियोगिता में जिस तरह प्रबंध किए गए हैं, उससे साफ लग रहा है कि यहां खेल ढांचा मजबूत हो गया है। जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली हरियाणा की जीवन ने कहा कि मैंने सुना था कि घाटी के युवा काफी प्रतिभाशाली हैं। वह हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवाते हैं। यहां आकर मुझे इसका अंदाजा हुआ। मैं चाहती हूं कि यहां इसी तरह प्रतियोगिताओं का आयोजन होना चाहिए, ताकि खेलों में रुचि रखने वाले युवाओं को अवसर मिल सके। जूनियर वर्ग में अपनी प्रतिभा दिखा रही दिल्ली की भूमि ने कहा कि प्रतियोगिता में यहां की महिला खिलाड़ी अपना लोहा मनवा रही हैं, विशेषकर मार्शल आर्ट में। मैंने सुना था कि मार्शल आर्ट में घाटी की लड़कियों को ज्यादा रुचि नहीं हैं और न ही उनके स्वजन इस खेल में अपना करियर बनाने की अनुमित देते हैं, लेकिन अब यह सोच बदल गई है।

# भोजन के बाद क्यों खाते हैं सौंफ, पान



**स्वस्थ** शरीर के लिए पाचन का सही होना जरूरी है। यदि पाचन तंत्र में कोई गड़बड़ी होती है तो शरीर में कई तरह की समस्याएं सामने आती हैं। मसलन गैस्ट्रिक, एसिडिटी, कब्ज, डायरिया, अपच, बदहजीम आदि। कुछ घरेलु नुस्खों को अपनाकर पेट को गैस और अपच से छुटकारा दिला सकते हैं। खाना खाने के बाद कुछ चीजों के सेवन से पाचन में काफी सहायता मिलती है। साथ ही, ये माउथ फ्रेशनर का भी काम करता है।

- एक कप पानी में सौंफ, इलायची और अदरक व एक चुटकी हींग अच्छी तरह से मिक्स करें। पेट में गैस बनने से रोकने के लिए हर बार खाना खाने के बाद एक टुकड़ा अदरक चबाना न भूलें।
- कब्ज की समस्या होने पर सौंफ का सेवन करें। सौंफ का सेवन पाचन और कब्ज से निजात दिलाने में काफी मददगार है।
- अगर आपके मुंह से हमेशा बदबू आती रहती है तो आप इलायची का ज्यादा इस्तेमाल करें। इलायची मुंह की बदबू हटाने में सबसे कारगर साबित होती है और इलायची व पुदीनायुक्त पान चबाने से भी मुंह की बदबू से निजात मिलती है।
- खाना खाने के बाद इलायची का सेवन करना काफी फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद तत्व खाने को पचाने में मदद करते हैं। साथ ही इसके रासायनिक गुण की वजह अंदरुनी जलन में भी राहत मिलती है। अगर आपको लगातार उल्टी जैसा महसूस हो रहा हो तो भी आप छोटी इलायची का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- इलायची के रासायनिक गुण शरीर में मौजूद फ्री-रेडिकल और दूसरे विषैले तत्वों को दूर करने का भी काम करता है। इससे रक्त भी साफ होता है।
- कफ की समस्या होने पर अदरक युक्त चाय पिएं। इसका सेवन करने से ठंड की वजह से गले में खराश और कफ की समस्या से निजात मिलती है। मधु के साथ अदरक के छोटे टुकड़े को चबाकर भी इसमें आराम मिलता है।
- पान कई बीमारियों का नाश करता है। यदि आप केवल पान के पत्ते का इस्तेमाल करते है तो यह काफी लाभकारी हो सकता है। इसे खानें से गंभीर से गंभीर बीमारियों से निजात मिल सकता है। इसमें कई तरह के एंटीसेप्टिक गुण छिपे हैं।
- पान के पत्ता का वैसे माउथ फेशनर की तरह इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन इसे चबाने से हमारें लिए काफी फायदेमंद हो सकता है। जब हम इसे चबा कर खाते है तब हमारी लार ग्रंथि पर असर पड़ता है। इससे सलाइव लार बनने में मदद मिलती है। जो हमारी पाचन तंत्र के लिए बहुत ही जरुरी है। अगर आपने भारी भोजन भी कर दिया है उसके बाद आप पान खा लें। इससे आपको भोजन आसानी से पच जाएगा।
- पान के पत्तों में कई ऐसे यौगिक होते हैं जो सांसों में बदबू को खत्म करता है। इसके अलावा पान में लौंग, सौंफ, इलायची जैसे विभिन्न मसाले मिलने से ये एक बेहतरीन माउथ-फ्रेशर भी बन जाता है।
- अगर आपको मसूड़ों में गांठ, सूजन जा फिर खून आ रहा हो तो इसके लिए पान के पत्तों को पानी में उबालकर उन्हें मैश कर लें। इन्हें मसूड़ों पर लगाने से खून बहना बंद हो जाता है।
- पान के पत्ते के रस को गैस्ट्रोप्रोटेक्टिव गतिविधी के लिए भी जाना जाता है जिससे गैस्ट्रिक अल्सर को रोकने में मदद मिलती है।
- इसका आयुर्वेद में बाल तोड़ फोड़े-फुंसी के इलाज के लिए इस्तेमाल किया जाता है। पान के पत्ते गरम करके उसमें आरंडी का तेल लगाकर फोड़े पर लगाने से आराम मिलता है।
- पान के पत्ते के डंठल को आरंडी के तेल में मिलाकर खाने से कब्ज से राहत पाई जा सकती है। इसके अलावा पान के पत्ते के साथ फ्लैक्सीड, त्रिफला और नींबू के सेवन से भी कब्ज का इलाज किया जा सकता है।

## पेनकिलर है हानिकारक

जीवन में बहुत बार ऐसे अवसर आते हैं जब हमें पेनकिलर दवाओं का सेवन करना पड़ता है। विशेषत आस्टियो-आर्थराइटिस के मरीजों को अधिक मात्रा में पेनकिलर दवाओं का सेवन करने की आदत हो जाती है। ऐसे मरीजों को यदि हृदय रोग भी हो तो ये दवाएं उनके लिए बहुत खतरनाक हो सकती हैं। इसके अतिरिक्त अधिक मात्रा में या पेनकिलर का अधिक सेवन हमारे गुर्दों को क्षतिग्रस्त कर सकता है।



## दिल की हिफाजत के लिए पैदल चलें

आपने बुजुर्गों को अकसर यह कहते सुना होगा कि पैदल चलना सेहत के लिए अच्छा है। अब तो विज्ञान ने भी इसे सच साबित कर दिया है। शोधकर्ताओं के अनुसार भारतीय जीवनशैली में आने वाले बदलाव की वजह से अगले दो दशकों में यहां हृदय रोग के बढ़ने की आशंका है। इस नतीजे पर पहुंचने के लिए शोधकर्ताओं ने लगभग चार हजार प्रतिभागियों के आंकड़ों का विश्लेषण किया।



# एलर्जी के कितने रूप

**एलर्जी** तब होती है, जब शरीर किसी पदार्थ के प्रति प्रतिक्रिया करता है। एलर्जी को हल्के में लेना सेहत के लिए भारी पड़ सकता है, लेकिन कुछ सजगताएं बरतकर एलर्जी से बचा जा सकता है। फिर भी अगर कोई शख्स एलर्जी से ग्रस्त हो ही गया, तो उसका इलाज संभव है ...

देश में लगभग 25 फीसदी जनसंख्या एक या एक से अधिक एलर्जी से संबंधित रोगों से ग्रस्त है। वे पदार्थ जिनके कारण शरीर में प्रतिक्रिया होती है, एलर्जन कहलाते हैं। एलर्जी के विभिन्न प्रकार होते हैं। एटॉपिक डर्मेटाइटिस यह भी एलर्जी का एक प्रकार है, जिसमें त्वचा में सूजन आ जाती है। यह समस्या उन लोगों में ज्यादा पाई जाती है, जिनके परिवार के अन्य सदस्यों में भी एलर्जी के लक्षण पाए जाते हैं।

### खाद्य पदार्थों से होने वाली एलर्जी

इस तरह की एलर्जी में हमारे शरीर का प्रतिरक्षा तंत्र (इम्यून सिस्टम) भोजन में शामिल किसी खास प्रोटीन के प्रति अतिसंवेदनशीलता प्रकट करता है। ऐसे खाद्य पदार्थों की थोड़ी-सी मात्रा खाने से एलर्जी के लक्षण प्रकट होने लगते हैं। कुछ खास खाद्य एलर्जन्स में दूध, अंडे, मछली और अन्य मांसाहारी भोजन, सोया, प्रिजर्वेटिव्स, फास्टफूड्स और गेहूं भी शामिल हैं। फूड इनटॉलरेन्स और फूड एलर्जी में एक खास अंतर यह होता है कि एलर्जी में प्रतिरक्षा तंत्र एक अनावश्यक प्रतिक्रिया प्रकट करता है, जो उस खाद्य पदार्थ में शामिल किसी खास प्रोटीन के कारण होता है। दूसरी ओर फूड इनटॉलरेन्स किसी पाचक एन्जाइम की कमी के कारण होता है।

### लेटेक्स एलर्जी

लेटेक्स रबर के पौधे से स्रावित दूध जैसा दिखने वाला चिपचिपा द्रव होता है, जिसमें कुछ रसायन मिलाकर रबर का निर्माण किया जाता है। इसका इस्तेमाल दस्ताने, गुब्बारे, रबर बैन्ड, इरेजर व खेल के सामान बनाने में किया जाता है। इस तरह की एलर्जी उन लोगों में ज्यादा देखने को मिलती है, जो लेटेक्स की बनी चीजें ज्यादा उपयोग में लाते हैं। उदाहरण के तौर पर डॉक्टरों और पैरामेडिकल कर्मियों को संक्रमण से बचाव के लिए लेटेक्स से बने दस्ताने पहनने होते हैं।

ऐसे लोगों में यह एलर्जी ज्यादा देखी गई है। लेटेक्स एलर्जी से पीड़ित 50 फीसदी लोगों में अन्य तरह की एलर्जी भी देखी गयी है। ऐसे लोगों में खाद्य एलर्जी भी तुलनात्मक रूप से ज्यादा होती है। परफ्यूम, इत्र और रसायन कुछ लोगों को सुगंधित स्प्रे, इत्र, व रसायनों से भी विभिन्न प्रकार की एलर्जी हो जाती है।

**खिलौनों से एलर्जी-** विशेषतः सॉफ्ट टॉयज और फर वाले टेडी बियर से बच्चों में त्वचा की एलर्जी व दमा की शिकायत हो जाती है।



### त्वचा की एलर्जी के मुख्य लक्षण

- त्वचा पर खुजली होना।
- बार-बार त्वचा का संक्रमण।
- शरीर के जोड़ों वाले भागों पर ज्यादा असर होना।
- रोग का पारिवारिक इतिहास।
- त्वचा पर पपड़ी का जमना।
- मुंह के कोनों का फटना।
- हाथ या पैर में खुजली होना।

### दवाओं से एलर्जी

दवाओं से एलर्जी के प्रभाव का दायरा काफी बड़ा है। हर व्यक्ति के शरीर पर इसके अलग-अलग असर देखने को मिल सकते हैं। किसी व्यक्ति के शरीर पर चकत्ते और खुजली हो सकती है, वहीं दूसरे को कोई दिक्कत न हो ऐसा भी संभव है। इस तरह की एलर्जी कुल होने वाली एलर्जी का 5 से 10 फीसदी होती है। कुछ दवाओं के प्रति एलर्जी ज्यादा देखी जाती है।

एंटीबॉयोटिक्स में जैसे पेंसिलीन, दर्द निवारक दवाएं, मिर्गी के दौरों की दवाएं और कीमोथेरेपी (कैंसर की दवाएं)। दवाओं से होने वाली गंभीर प्रकार की एलर्जी के लक्षणों में उल्टी से लेकर बालों का झड़ना, पेट खराब होना और दस्त आदि शामिल हैं। कई बार ब्लड प्रेशर के इलाज में दी जाने वाली कुछ दवाओं के एंजाइम से खांसी, चेहरे और जीभ में सूजन जैसे लक्षण प्रकट हो जाते हैं।

### डायग्नोसिस

**त्वचा परीक्षण:** ये परीक्षण एलर्जी उत्पन्न करने वाले पदार्थ की पहचान के लिए किए जाते हैं।

**रक्त परीक्षण:** रक्त में विशिष्ट एंटीबॉडी से संबंधित परीक्षण किया जाता है।

**इनविट्रो परीक्षण:** फूड एलर्जी की संभावना का पता करने के लिए किया जाता है।

कीटों के डंक से एलर्जी हममें से अनेक लोग मधुमक्खियों और बर्र के डंक की पीड़ा बर्दाश्त कर चुके हैं और तब आपको यह भी ध्यान जरूर होगा कि उस जगह पर किस तरह से तीखी पीड़ा के साथ लालिमा और सूजन आ जाती थी। जो लोग इस तरह की एलर्जी से पीड़ित होते हैं, उनमें यह स्थिति और ज्यादा गंभीर हो जाती है। अन्य गंभीर लक्षणों में चेहरे, गले और जीभ पर सूजन, सांस लेने में दिक्कत, शरीर में भारीपन, पेट में मरोड़, जी मिचलाना और शरीर में चकत्ते व खुजली आदि को शुमार किया जाता है। पालतू जानवरों से एलर्जी पालतू जानवरों के रोएं, रूसी, लार और पेशाब में पाए जाने वाले पदार्थ एलर्जी पैदा कर सकते हैं। इसके अलावा इन जानवरों के रोएं में एकत्र होने वाले परागकण और फफूंद के बीजाणु (स्पोर्स) भी एलर्जी का कारण बन सकते हैं। इस तरह की एलर्जी के लक्षणों में छींके आना, खुजली होना, आंखों से पानी आना और अस्थमा तक के लक्षण शामिल हैं। पालतू जानवरों की उपस्थिति अन्य किस्म की एलर्जी से पीड़ित लोगों में लक्षणों की तीव्रता बढ़ाने का कारण बन सकती है।



### उपचार

एलर्जी का इलाज काफी लंबा चलता है। इसलिए रोगी को धैर्यपूर्वक इलाज कराना चाहिए। डॉक्टर के परामर्श से दवाओं का सही व नियमित प्रयोग करना चाहिए। एलर्जी की समस्या में कुछ दवाएं कारगर होती हैं।

जैसे सेट्रीजीन (ब्रांड नेम नहीं बल्कि केमिकल एलीमेंट है), लीवो सेट्रीजीन, फैक्सोफेनाडीन, क्लोरफेनीरामीन और मोंटील्यूकास आदि। एलर्जी के इलाज में इम्यूनोथेरेपी का भी इस्तेमाल किया जाता है।



# नीम एक लेकिन फायदे अनेक



**सेहत** के लिहाज से नीम एक सौगात की तरह है। इसके पत्ते और छिलकों में ऐसे तत्व पाए जाते हैं जिनमें गंभीर बीमारियों को ठीक करने की क्षमता पाई जाती है। नीम का जूस हालांकि कड़वा होता है लेकिन इसके जूस को पीने से तन और मन दोनों तंदुरुस्त रहते हैं। नीम के सेवन के फायदों पर डालते हैं एक नजर

### त्वचा के लिए फायदेमंद

नीम के पत्तों में विटामिन सी पाई जाती है। नीम के पत्तों को पीसकर शरीर पर लगाने से त्वचा से संबंधित रोग ठीक होते हैं। नीम के पत्ते त्वचा पर बने कालेधब्बों को हटाने और त्वचा को साफ रखने में फायदेमंद हैं।

### अस्थमा के इलाज में कारगर

नीम की पत्तियां नियमित रूप से खाने पर अस्थमा के इलाज में मदद मिलती है। नीम की पत्तियां श्वास रोग, कफ और बलगम रोकने में सहायक हैं।

### घावों को भरने में फायदेमंद

पेट की बीमारियों के लिए नीम काफी उपयोगी है। नीम पीएच स्तर को नियंत्रित करने में उपयोगी होने के साथ ही अल्सर होने से रोकता है।

### मधुमेह को नियंत्रित रखने में मददगार

नीम की पत्तियां शरीर में शूगर के स्तर को नियंत्रित रखने में मदद करती हैं। नीम का उपयोग टाइप-2 मधुमेह के इलाज में किया जा सकता है। नीम एक तरीके से इंसुलिन का काम करता है।

### दांतो के लिए फायदेमंद

नीम का दातुन नियमित रूप से इस्तेमाल करने से दांतो में पाए जाने वाले कीटाणु नष्ट हो जाते हैं। इससे मसूड़े मजबूत, दांत चमकीले और निरोगी हो जाते हैं।



# ये हैं सबसे उम्दा देश...

**हाल** ही में हुए एक सर्वे में दुनिया के 196 देशों में से 10 सबसे उम्दा देशों को चुना गया है। यह सर्वे गुड कंट्री इंडेक्स द्वारा कराया गया। सबसे बेहतर देश आयरलैंड को चुना गया। हैरानी की बात है कि इस सूची में भारत, चीन और यहां तक कि अमेरिका जैसे देश शामिल नहीं हैं। इन देशों को पर्यावरण और कुदरती संसाधनों को बचाने में सहयोग, विश्व शांति बनाए रखने में योगदान, समानता, समृद्धि और साइंस एंड टेक्नोलॉजी में आगे रहने के चलते 'टॉप टेन' में जगह दी गई।

### फिनलैंड

उत्तरी यूरोप में स्थित इस देश को साइंस एंड टेक्नोलॉजी और समृद्धि के लिए इस सूची में शामिल किया गया है। इस देश के नाम सबसे ज्यादा नोबेल प्राइज हैं। यह क्वालिटी इंटरनेशनल पब्लिकेशन और एक्सपोर्ट के लिए जाना जाता है।

### स्विटजरलैंड

यह देश अपने खूबसूरत पहाड़ों, विंटर स्पोर्ट्स और मनोहारी प्राकृतिक नज़ारों के लिए जाना जाता है। यहां के लोगों का 'स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग' काफी अच्छा है।



**आयरलैंड** इस देश को 'टॉप टेन' देशों में पहला स्थान मिला है। यह देश सभी मामलों में नंबर एक माना गया है। कल्चर, वर्ल्ड ऑर्डर, हेल्थ, लोगों का उच्च जीवन-स्तर, यूएन की स्वैच्छिक सेवाओं में मजबूत भागीदारी को देखते हुए इसे सर्वे में पहले नंबर पर रखा गया।



**नीदरलैंड:** यह देश अपने 'पॉजिटिव ग्लोबल इंपैक्ट' के लिए मशहूर है। नीदरलैंड अपने कल्चर, वर्ल्ड ऑर्डर, समानता, स्वास्थ्य और लोगों के उच्च जीवन स्तर की वजह से इस सूची में है। इसी के साथ नीदरलैंड को 'फ्रीडम ऑफ मूवमेंट' और 'प्रेस फ्रीडम' के लिए भी रेट किया गया है।

### न्यूजीलैंड

इस देश को पर्यावरण और साइंस एंड टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए इस सूची में शामिल किया गया है। यहां के लोग 'इको फ्रेंडली' घरों को ही तरजीह देते हैं।

### नॉर्वे

प्राकृतिक खूबसूरती और शहरों के विकास के लिए नॉर्वे को आठवें स्थान पर रखा गया है। नार्वे पर्यावरण संरक्षण, विश्व शांति के लिए प्रयास और लोगों के 'हाई स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग' के लिए जाना जाता है।

### यूनाइटेड किंगडम

क्वीन एलिजाबेथ के देश यूनाइटिड किंगडम को इस रैंक में 7वां स्थान मिला है। इस देश को समानता, समृद्धि, स्वास्थ्य और लोगों के उच्च जीवन स्तर के लिए इस सूची में जगह दी गई है। इसके अलावा यह साइंस और टेक्नोलॉजी में नंबर-1 देश है।

### डेनमार्क

यह खूबसूरत देश अपने कल्चर, बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं और लोगों के उच्च जीवन-स्तर के लिए जाना जाता है। डेनमार्क को फार्मास्यूटिकल एक्सपोर्ट, दूसरे देशों को खाद्यान्न में मदद और गरीब देशों को डोनेशन देने में आगे रहने के लिए इस सूची में शामिल किया गया है।

### बेल्जियम

यूरोप का यह देश समानता, समृद्धि और लोगों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए अव्वल देशों में गिना जाता रहा है। इसके अलावा भी इस देश को बेहतरीन क्रिएटिव गुड्स एक्सपोर्ट, फ्रीडम ऑफ मूवमेंट और प्रेस फ्रीडम के लिए 'टॉप टेन' की सूची में शामिल किया गया है।

### स्वीडन




यह देश अपने हाउसिंग स्टोर 'इकेया', स्विस चॉकलेट और वोदका के लिए मशहूर है। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण में यह देश आइसलैंड और कनाडा के बाद तीसरे नंबर पर है। यह देश सीओ2 और ग्रीन हाउस गैसों के कम से कम उत्सर्जन के लिए भी जाना जाता है।

## रेसिपी

### हरी मटर का पराठा



कितने लोगों के लिए 8

**सामग्री**

3 कप आटा, 2 टे.स्पून घी, आधा टी स्पून नमक।

**भरावन के लिए:**

2 कप उबली हुई हरी मटर, 5 बारीक कटी हरी मिर्च, 1 टी स्पून जीरा, 1 टे.स्पून घी, नमक स्वादानुसार। तलने के लिए आवश्यकतानुसार घी।

**विधि**

**भरावन तैयार करने के लिए:** उबली हुई मटर को हाथ से अच्छी तरह मैश कर लें। एक पैन में घी गर्म करें जब घी गर्म हो जाए तो उसमें जीरा डाल दें। जब जीरा चटकने लगे तो हरी मिर्च, मैश की हुई मटर और नमक डालकर 1 मिनट तक भूने और मिश्रण को ठंडा होने के लिये रभ दें।

पराठे के लिए आटे को छानकर उसमें नमक और घी मिलाकर, पानी डालकर मुलायम गूंध लें। 15 मिनट तक ढ़क कर रख दें। उसके बाद आटे की लोइयां बनाकर उसमें एक-एक चम्मच भरावन की सामग्री भरकर अच्छी तरह बंद कर दें, चकले बेलन की सहायता से बेल कर गर्म तवे पर डालकर दोनों तरफ से घी लगाकर अच्छी तरह सेक लें। गर्मागर्म मटर का पराठा चटनी या अचार के साथ सर्व करें।

### सेब की चटनी



कितने लोगों के लिए 10

**सामग्री**

500 ग्राम हरे सेब(छीलकर कटे हुए), 2 टे.सपून घी या तेल, 1-1/2 टी स्पून जीरा, 2 हरी मिर्च (बारीक कटी हुई), 2 टी स्पून पिसा अदरक, 1 टी स्पून हल्दी पाउडर, 1/4 कप पानी, 1/2 टी स्पून दालचीनी, 1 चुटकी जायफल (पिसा हुआ), 1 कप चीनी।

**विधि**

तेल या घी को गर्म करके जीरे को भून लें। हरी मिर्च व अदरक पेस्ट डालकर 1 मिनट पकाएं फिर सेब और हल्दी डाल कर 2-3 मिनट तक हिलाएं। आंच धीमी कर के पानी, दालचीनी व जायफल डालें। जब तक सेब नरम न हो जाए तब तक बीच-बीच में हिलाते हुए पकाते रहें। चीनी डाल कर चटनी को तब तक पकाएं जब तक कि जैम जैसी न लगने लगे।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**